# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 21 अगस्त, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-183 ■ पृष्ठ-15 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप भारत सुपर-8 में पहुंचा




**एम्सटेलवीन।** विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप में भारत ने इंग्लैंड को 0-0 से ड्रॉ पर रोक दिया और टूर्नामेंट के टॉप-8 यानी दूसरे राउंड में जगह बना ली। नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में मैच के आखिरी क्वार्टर में इंग्लैंड ने गोल के लिए पूरा जोर लगा दिया। 56वें मिनट में उसने अपनी गोलकीपर को हटाकर एक अतिरिक्त आउटफील्ड खिलाड़ी मैदान पर उतार दिया। यानी आखिरी मिनटों में इंग्लैंड ने 11 आउटफील्ड खिलाड़ियों के साथ भारतीय सर्कल पर हमला किया, लेकिन भारत की डिफेंस लाइन नहीं टूटी। अपने अंतिम पूल डी मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 0-0 से रोमांचक और संघर्षपूर्ण ड्रॉ खेला। इस गोलरहित ड्रॉ के साथ भारतीय टीम ने अगले दौर (टॉप-8) में अपनी जगह पक्की कर ली है।

### कैमरून-सीएआर सीमा पर सोने की खदान ढही 100 लोगों की मौत

**याउंडे।** कैमरून और मध्य अफ्रीकी गणराज्य (सीएआर) की सीमा पर स्थित एक गांव में सोने की खदान ढहने से 100 से अधिक खनिकों की मौत हो गई। स्थानीय प्रशासन और मीडिया के मुताबिक, हादसा मंगलवार दोपहर हुआ और राहत-बचाव अभियान अब भी जारी है। कैमरून के पूर्वी क्षेत्र के गवर्नर ग्रेगोयर म्वोंगो ने बताया कि हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब दो बजे जाम्बोये गांव के पास हुआ। उन्होंने कहा कि गांव सीमा पर स्थित है, लेकिन खदान मध्य अफ्रीकी गणराज्य की तरफ थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तीन से पांच कैमरूनी नागरिकों की मौत हुई है और बचाव दल मलबे में फंसे लोगों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं।

### एनटीए बोला-'आंसर की' पर फीस लेना पैसा कमाना नहीं

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने एग्जॉम के बाद जारी 'आंसर की' को चैलेंज करने वाली फीस पर गुरुवार को सफाई दी। एनटीए ने कहा-आंसर की में अगर किसी सवाल का जवाब गलत लगता है, तो उम्मीदवार चैलेंज कर सकता है। इसके लिए हर सवाल पर ₹200 फीस देनी होती है। एजेंसी ने कहा कि फीस इसलिए है ताकि बेवजह की आपत्तियां न आएं। इसका मकसद छात्रों से पैसा कमाना नहीं है। यानी अगर आपको सच में आंसर की में गलती मिली है और आपकी आपत्ति सही है, तो पैसे भी वापस मिलेंगे और लाखों छात्रों का रिजल्ट सही हो सकता है।

# शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर के तीन ठिकानों पर छापा

## आय से 3.43 करोड़ अधिक की संपत्ति का हुआ खुलासा

**पटना/बेगूसराय (एनएसबी)।** बिहार ओपन स्कूलिंग एंड एग्जामिनेशन बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर अजय कुमार सिंह के पटना और बेगूसराय स्थित तीन ठिकानों पर गुरुवार को आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने छापामारी की। पटना आवास से 30 लाख और बेगूसराय स्थित आवास से 4.50 लाख रूपए जब्त किए गए हैं।

दोनों शहरों में 10 करोड़ की आलीशान कोठियां भी मिली हैं। उक्त छापामारी आय से 90 प्रतिशत ज्यादा 3.43 करोड़ प्रॉपर्टी बनाने के मामले में की गई है। बताया जाता है कि ईओयू की 15 सदस्यीय टीम गुरुवार सुबह 8:30 खाजपुरा के आकाशवाणी रोड स्थित चंद्रतारा



भवन पहुंची। छानबीन के दौरान आवास से कीमती ज्वेलरी, जमीन के डीड के कागजात और करोड़ों के निवेश के कागजात बरामद हुए हैं। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर अजय कुमार सिंह घर पर ही मौजूद थे। पूरे आवास का सर्च किया गया। बेसमेंट और पार्किंग में भी टीम ने सर्च की। इधर, ईओयू के 10 अधिकारी तीन गाड़ी से भारी संख्या में पुलिस बल के साथ अजय सिंह के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के परोरा गांव स्थित पैतृक घर पर पहुंचे। जहां से एक गाड़ी से अधिकारी और पुलिस की टीम पचवीर में स्थित अजय सिंह के भाई धर्मेंद्र सिंह के बालू सीमेंट दुकान पर पहुंची। वहां करीब 1 घंटे तक कागजात खंगालने के बाद सभी अधिकारी गांव परोरा आ गए और पैतृक आवास पर छापेमारी की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बलिया एसडीओ, साहेबपुर कमाल के बीडीओ और थानाध्यक्ष मौके

**25.58 लाख नकद, 51 लाख के गहने और नोएडा फ्लैट के दस्तावेज मिले**

**पटना आवास से 30 और बेगूसराय से 4.50 लाख रुपए जब्त**

पर मौजूद रहे। छापामारी की खबर सुनकर गांव में सबसे अधिक धनी माने जाने वाले अजय सिंह के घर के आसपास कई लोग जुट गए।

बताते चलें अजय कुमार सिंह पर आय से 3 करोड़ 43 लाख 78 हजार 300 रुपए अधिक प्रॉपर्टी अर्जित करने का आरोप है। 19 अगस्त को आर्थिक अपराध इकाई थाना कांड संख्या 19/26 दर्ज किया गया है। ईओयू के मुताबिक, ये उनकी ज्ञात आय से करीब 90.04 फीसदी ज्यादा है। यह कार्रवाई विशेष न्यायालय निगरानी, पटना से मिले तलाशी वारंट के आधार पर की जा रही है।

### एक अक्टूबर से कैश निकालने पर अब लगेगा एक्स्ट्रा चार्ज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आपका अकाउंट स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) में है और आप महीने में कई बार बैंक की ब्रांच जाकर कैश निकालते हैं, तो अब आपको कैश निकालने पर एक्स्ट्रा चार्ज देना होगा। अकाउंट से ब्रांच के जरिए कैश निकालने को लेकर चार्ज में बदलाव किया है। नया नियम 1 अक्टूबर 2026 से लागू होगा। इसके तहत ग्राहक महीने में चार बार तक ब्रांच से कैश निकाल सकेंगे। इसके लिए कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं देना होगा. लेकिन अगर महीने में चार से ज्यादा बार कैश निकाला जाता है, तो अगली हर निकासी पर चार्ज देना होगा। इस बदलाव का असर खास तौर पर उन ग्राहकों पर पड़ेगा जो अपने इइइऊ अकाउंट से बार-बार ब्रांच जाकर पैसे निकालते हैं।

# बिहार के 11 लाख परिवारों को जल्द मिलेगा पक्का घर

## वित्तीय वर्ष में 2.35 लाख परिवारों का कराया जाएगा गृह प्रवेश

**पटना (एनएसबी)।** राजधानी के बापू सभागार में बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग की ओर से राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान और सीएम सम्राट ने किया। कार्यक्रम में गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान देने की घोषणा की गई। बिहार के लिए 11 लाख से अधिक नए पक्के मकानों के लक्ष्य को मंजूरी दिए जाने की जानकारी दी गई।

**शिवराज चौहान और सीएम सम्राट ने किया राज्यस्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन**

कार्यक्रम के दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 में बनकर तैयार हुए 2 लाख 35 हजार मकानों का गृह प्रवेश भी कराया जाएगा।

लाभार्थी परिवारों को उनके नए घर की चाबी सौंपी गई। मंच से सांकेतिक रूप से सीएम सम्राट चौधरी और मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुछ लाभार्थियों को चाबी दी। उनके साथ ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार भी मंच पर मौजूद रहे। सीएम सम्राट चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 1986 में इंदिरा आवास योजना शुरू हुई थी, लेकिन 2014 तक बिहार में 30 लाख




### सहयोग पोर्टल जनता के लिए अद्भुत पहल : शिवराज चौहान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वे अभी सहयोग पोर्टल के बारे में सुन रहे थे और यह जनता के लिए एक अद्भुत पहल है। देश के बाकी राज्यों को भी सीएम सम्राट चौधरी का अनुसरण करना चाहिए। यह जनता की सेवा का भाव है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने जिस अभियान की शुरूआत की थी, उसे सम्राट चौधरी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने सभी बहनों को राखी की बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। श्री चौहान ने कहा कि पहले की सरकारों में एक पंचायत में दो-चार घर बन जाने को ही बड़ी उपलब्धि माना जाता था और गरीबों को पूरी राशि भी नहीं मिलती थी। आज स्थिति बदल गई है। केंद्र सरकार एक रुपया भेजती है तो पूरा एक रुपया लाभार्थी तक पहुंचता है। कार्यक्रम में मंत्री विजय कुमार सिन्हा, रामकृपाल यादव, सुनील कुमार, डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, डॉ. श्वेता गुप्ता, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारी, लाभुक एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

लोगों को भी पक्का मकान नहीं मिल पाया था। सीएम ने कहा कि उपमुख्यमंत्री के तौर पर हमने शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर बिहार में छूटे हुए 19 लाख पक्के मकानों का मुद्दा उठाया था। हमने आग्रह किया था कि इन सभी जरूरतमंद परिवारों को भी आवास उपलब्ध कराया जाए। आज हमें गर्व है कि चौहान जी ने इस दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सीएम ने आगे कहा कि पीएम मोदी के विकसित भारत के सपने और पूर्वसीएम नीतीश कुमार के सपनों का बिहार बनाने के लक्ष्य के तहत वर्ष 2026-27 में बिहार के 11 लाख 28 हजार 937 जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान देने का काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कोई गरीब है तो उसकी सबसे बड़ी चिंता यह होती है कि वह अपने परिवार को कहां रखेगा। जब गरीब के हाथ में घर की चाबी आती है तो उसके लिए एक नया दरवाजा खुलता है। उन्होंने आगे कहा कि देश में 1 करोड़ 81 लाख बहनें जीविका से जुड़ी हैं। सरकार लखपति दीदियों की संख्या बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। सबसे ज्यादा लखपति दीदियां बिहार की धरती पर बनी हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को पर्यटन के बड़े केंद्रों के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए। इन पर्यटन स्थलों पर जीविका दीदियों को संगठित कर उनके लिए रोजगार और आय के नए अवसर तैयार किए जा सकते हैं।

### कम जमीन में ज्यादा आमदनी बढ़ाना प्राथमिकता : शिवराज

**फुलवारी शरीफ (एनएसबी)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को पटना पहुंचे। उन्होंने बामेती परिसर से किसान समृद्धि, महिला उद्यमिता, युवा रोजगार और श्रमिक उत्थान को केंद्र में रखकर कृषि जनकल्याण संवाद अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार समेत देश के अधिकांश किसान छोटे और सीमांत हैं। ऐसे में सरकार की प्राथमिकता कम जमीन में भी किसानों की ज्यादा आमदनी सुनिश्चित करने के लिए खेती का बेहतर और लाभकारी मॉडल विकसित करना है। श्री चौहान ने कहा कि किसानों की सेवा करना और उनकी आय बढ़ाना सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। छोटे



**केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया कृषि जनकल्याण संवाद अभियान का शुभारंभ**

किसानों के पास जोत की जमीन कम है, जबकि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। इसलिए खेती का ऐसा मॉडल तैयार करने की जरूरत है, जिससे कम जमीन में भी परिवार की आजीविका चलाने के साथ किसानों को बेहतर आमदनी मिल सके।

### स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड में अब अधिकतम दो लाख का ऋण

**पटना (एनएसबी)।** बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में बड़ा बदलाव किया गया है। अब छात्रों को अधिकतम दो लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण मिलेगा। इससे अधिक राशि के लिए राज्य के छात्र-छात्राओं को पीएम-विद्यालक्ष्मी पोर्टल पर आवेदन करना होगा। उच्च शिक्षा विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को आर्थिक मदद देने वाली बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को अगले पांच वर्षों के लिए विस्तार दिया है।




**चार लाख की जगह अब सिर्फ दो लाख तक मिलेगा ऋण :** यह 2031 तक प्रभावी रहेगा। अधिकतम दो लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण के लिए विद्यार्थियों को बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। छात्र-छात्राओं को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र पर आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन और आवेदन की जांच के बाद ही ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी होगी। बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से अबतक अधिकतम चार लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता रहा है।

# 'साइलो तोड़िए, युवाओं से संवाद बढ़ाइए'

## बैठक में पीएम मोदी ने अधिकारियों को दिए खास निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर भारत सरकार के सचिवों के साथ तीसरी उच्चस्तरीय बैठक की।

बैठक में बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटी, सुरक्षा एवं विदेश मामलों तथा सुशासन से जुड़े मंत्रालयों और विभागों के भविष्य के कार्य एजेंडे पर चर्चा हुई। इस दौरान बैठक में पीएम मोदी ने वरिष्ठ अधिकारियों से युवाओं के साथ सरकार के जुड़ाव को और मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में कैबिनेट



सचिव, प्रमुख मंत्रालयों और विभागों के सचिव तथा प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सचिव केवल तत्काल चुनौतियों और आंकड़ों तक सीमित न रहें, बल्कि देश के भविष्य को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि भारत के विकास की दिशा तय करने के लिए लंबी अवधि की सोच जरूरी है। बैठक में विभागों के बीच तालमेल की कमी (साइलो) को बड़ी चुनौती बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि सोच से जुड़ी समस्या भी है। उन्होंने अधिकारियों से अपनी जिम्मेदारियों का स्वामित्व लेने और अपनापन की भावना के साथ काम करने का आह्वान किया।

### पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार का तिहाड़ में निधन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तिहाड़ जेल में बंद कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का गुरुवार को 80 साल की उम्र में निधन हो गया। सूत्रों के मुताबिक उन्हें मृत अवस्था में सफदरजंग अस्पताल में में लाया गया था। सज्जन कुमार दिसंबर 2018 से जेल में बंद थे। 7 साल 8 महीने जेल में रहने के बाद आज उनका निधन हो गया। दिल्ली हाईकोर्ट ने 1984 सिख विरोधी दंगों के एक केस में उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दंगों से जुड़े एक केस में बरी हो गए थे, दो में उन्हें सजा सुनाई गई थी।

### मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर बने बांग्लादेश के 23वें राष्ट्रपति

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में राष्ट्रपति चुनाव का नतीजा आ गया है। सत्ताधारी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर देश के 23वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। उन्हें संसद में 255 वोट मिले, जबकि विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार कर्नल (रिटायर्ड) ओली अहमद को 88 वोट मिले। राष्ट्रपति चुनाव के लिए गुरुवार को संसद भवन में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। मतदान खत्म होते ही वोटों की गिनती



शुरू की गई और इसके बाद नतीजे घोषित कर दिए गए। इस चुनाव में कुल 349 सांसदों ने मतदान किया। बांग्लादेश में राष्ट्रपति को जनता सीधे नहीं चुनती, बल्कि संसद के सदस्य राष्ट्रपति का चुनाव करते हैं। संसद में बीएनपी के पास दो-तिहाई बहुमत होने के कारण आलमगीर की जीत पहले से ही लगभग तय मानी जा रही थी। उनके सामने जमात-ए-इस्लामी की अगुआई वाले 11 दलों के गठबंधन के समर्थन वाले एलडीपी उम्मीदवार कर्नल (रिटायर्ड) ओली अहमद थे।

# राम मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष ने की थी मनमानी : चंपत राय

## पूर्व आईपीएस नृपेंद्र मिश्रा ने सलाह कभी नहीं मानी

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट से इस्तीफे के बाद चंपत राय ने गुरुवार को 9 पन्नों का दूसरा लेटर जारी किया। इसमें उन्होंने मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और पूर्व आईएएस अधिकारी नृपेंद्र मिश्र की भूमिका को लेकर कई दावे किए हैं। चंपत राय ने कहा, 'राम मंदिर निर्माण के लिए बने ट्रस्ट में 15 ट्रस्टी थे और नृपेंद्र मिश्र को निर्माण समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। मिश्र के सुझाव पर लार्सन एंड टूब्रो को मंदिर निर्माण की जिम्मेदारी दी गई। भवनों के डिजाइन और निर्माण से जुड़े



काम के लिए नोएडा की डिजाइन एसोसिएट फर्म का चयन भी किया। चंपत राय ने कहा कि नृपेंद्र मिश्र ने निर्माण समिति में अपनी पसंद के लोगों को शामिल किया। इनमें से कुछ लोग छह साल के दौरान केवल एक-दो बार ही अयोध्या आए।

### हर व्यक्ति को यह एहसास दिलाना होगा कि उसे प्यार किया जाता है : राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि देश को हर व्यक्ति को यह एहसास दिलाना होगा कि उसे प्यार किया जाता है, चाहे



उसका धर्म, जाति, उम्र या लिंग कुछ भी हो। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 82वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'हरा भारत स्वराज' सभा को संबोधित करते हुए विपक्ष के नेता ने भाजपा पर अल्पसंख्यकों, दलितों और आदिवासियों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा मुसलमानों, ईसाइयों और सिखों से कहती है कि उनका कोई अस्तित्व नहीं है।

# मॉडल स्कूलों में पढ़ाई-अटेंडेंस जांचेंगे अफसर : सीएम

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरूवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक कर राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को और सुदृढ़ करने तथा सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

सभी सरकारी मॉडल स्कूलों में पढ़ाई और शिक्षा व्यवस्था की बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों की होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हर मॉडल स्कूल की जिम्मेदारी एक अधिकारी को सौंपने का निर्देश। वहीं बिहार के सरकारी विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और बेहतर शैक्षणिक परिणामों के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार करने का निर्देश

## मुख्यमंत्री ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक



दिया। बैठक में शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम सेमॉडल स्कूलों (सरस्वती विद्या निकेतन) में किये गये शैक्षणिक व्यवस्था, सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन एसएम ने ई-लर्निंग एवं 24 घंटे इंटरैक्टिव डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। सीएम ने कहा कि राज्य में संचालित मॉडल स्कूलों (सरस्वती विद्या निकेतन) में शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षकों की उपलब्धता, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा पठन-पाठन की गुणवत्ता की नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों को विद्यालयों से सीधे जोड़ते हुए एक अधिकारी-एक मॉडल स्कूल की व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करें, ताकि विद्यालयों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके। विद्यालयों का औचक निरीक्षण सुनिश्चित करें। विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं प्रति दिन के कार्यों की रिपोर्टिंग मुख्यालय एवं जिला स्तर पर सुनिश्चित की जाए। सीएम ने मॉडल स्कूलों में प्रत्येक तीन माह पर अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति और उनकी आवश्यकताओं पर अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच नियमित संवाद हो सके।

# बिहार के प्रथम सेंटर फॉर अर्बन पॉलिसी एंड गवर्नेंस का शुभारंभ

**प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य डा. शामिका रवि ने किया बिहार के प्रथम सेंटर फॉर अर्बन पॉलिसी एंड गवर्नेंस का विधिवत शुभारंभ**

**कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव की पहल की सराहना, कहा - शोध, नीति और शासन के बीच सेतु बनेगा केंद्र**

दैनिक नवसंदेश

**पटना ।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में बिहार के प्रथम सेंटर फॉर अर्बन पॉलिसी एंड गवर्नेंस का विधिवत शुभारंभ प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य डा. शामिका रवि ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार डा. राजभूषण चौधरी, सांसद शांभवी चौधरी तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा.) शरद कुमार यादव समेत विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक, शोधार्थी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। इस केंद्र की स्थापना, बिहार में तेजी से बढ़ते शहरीकरण की चुनौतियों को समझने और उनके समाधान के लिए प्रमाण आधारित शोध की दिशा में महत्वपूर्ण है।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डा. शामिका रवि ने आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव की पहल, दूरदृष्टि और नेतृत्व की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि शहरी नीति और शासन जैसे समसामयिक विषय पर केंद्र की स्थापना समय की आवश्यकता है। देश तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है, ऐसे में विश्वविद्यालयों की भूमिका केवल कक्षाओं और पाठ्यक्रमों तक सीमित नहीं रह सकती। उच्च शिक्षण संस्थानों को समाज और शासन के सामने मौजूद वास्तविक समस्याओं पर शोध करना होगा और उनके व्यावहारिक समाधान के लिए नीति संवाद को मजबूत करना होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह केंद्र शहरी विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गुणवत्तापूर्ण शोध को बढ़ावा देगा और नीति-निर्माताओं तथा अकादमिक जगत के बीच प्रभावी संवाद का मंच बनेगा।



उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डा. शामिका रवि ।

कुलपति प्रो. (डा.) शरद कुमार यादव ने कहा कि सेंटर फॉर अर्बन पॉलिसी एंड गवर्नेंस केवल एक नए अकादमिक केंद्र की शुरुआत नहीं, बल्कि शहरी भारत की बदलती जरूरतों पर शोध, संवाद और नीति-विमर्श के लिए समर्पित मंच का निर्माण है। उन्होंने कहा कि बिहार के शहर तेजी से बदल रहे हैं। शहरीकरण से आर्थिक गतिविधियों, रोजगार और विकास के अवसर बढ़ रहे हैं, लेकिन इसके साथ आवास, यातायात, जलापूर्ति, स्वच्छता, पर्यावरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना जैसी चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। इन समस्याओं का समाधान स्थानीय परिस्थितियों, उपलब्ध आंकड़ों और नागरिकों की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखकर ही संभव है।

प्रो. शरद कुमार यादव ने कहा कि शहरी समस्याओं को समझने के लिए केवल एक विषय का दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं है। अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, पर्यावरण अध्ययन, इंजीनियरिंग, प्रशासन, सार्वजनिक नीति और डेटा विज्ञान जैसे विभिन्न क्षेत्रों को साथ लेकर बहुविषयक शोध की आवश्यकता है। केंद्र का उद्देश्य इसी समन्वित दृष्टिकोण को संस्थागत रूप देना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास रहेगा कि केंद्र शोध, नीति और व्यावहारिक शासन के बीच प्रभावी सेतु के रूप में कार्य करे। विद्यार्थियों और शोधार्थियों को वास्तविक शहरी समस्याओं, स्थानीय निकायों और समुदायों के साथ काम करने का अवसर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

वहीं, मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री डा. राजभूषण चौधरी ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के दौर में बेहतर आधारभूत संरचना और प्रभावी प्रशासन बेहद जरूरी है। शहरों के विकास के लिए स्वच्छता, पेयजल, परिवहन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुविधाओं की मजबूत व्यवस्था के साथ शहरी प्रशासन को अधिक जवाबदेह, सक्षम और नागरिक केंद्रित बनाना होगा। उन्होंने कुलपति की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र बिहार में शहरी नीति और प्रशासन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उन्होंने सरकार, विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों और स्थानीय निकायों के बीच बेहतर समन्वय को समय की आवश्यकता बताया।

## खबरें : एक नजर में

### पटना यातायात पुलिस का विशेष अभियान

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक (यातायात) के निर्देशानुसार पुलिस उपाधीक्षक (यातायात-4) एवं गांधी मैदान ओपी प्रभारी के नेतृत्व में पटना के प्रमुख क्षेत्रों में विशेष यातायातअभियान चलाया गया। इन प्रमुख स्थल पर गोरियाटोली , पटना जंक्शन , मल्टी-हब अभियान चलाया गया। प्रमुख स्थानों पर ऑटो एवं ई-रिक्शा के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया तथा चालकों को यातायात नियमों के पालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 16 ऑटो ई-रिक्शा को जप्त कर यातायात संचालन केंद्र भेजा गया। ट्रौफिकपुलिस ने कहा है कि वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें। नियमों का पालन करें, यातायात सुगम बनाएं।

### निःशुल्क नेत्र परिक्षण व परामर्श शिविर का आयोजन वार्ड -48 के नन्द नगर कॉलोनी में

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** वार्ड संख्या -48 के सैदपुर नहर रोड स्थित रंगकर्मी प्रवीण स्मृति भवन में निःशुल्क नेत्र जाँच परिक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया । वार्ड संख्या-48 के पार्षद कुम्हरार विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी उप विजेता कांग्रेस नेता डॉ इन्द्रदीप कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में आयोजित नेत्र जाँच शिविर में 150 से अधिक लोगों का नेत्र परिक्षण किया गया । 20 से अधिक रोगियों को निःशुल्क मोतियाविंद के अपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। 50 से अधिक लोगों को नेत्र जाँच के बाद निःशुल्क चश्मा वितरण किया जा रहा है । नन्द नगर के प्रभारी चिकित्सक डॉ. प्रियम कुमार, दरियापुर भट्ठी के नेत्र विशेषज्ञ आशुतोष कुमार , नन्द नगर के नेत्र विशेषज्ञ नितिश कुमार , अर्चना कुमारी और पूनम कुमारी की टीम ने नेत्र रोगियों का नेत्र परिक्षण किया । कार्यक्रम का संयोजन संतोष कुमार उर्फ सुखू पासवान एवं चन्द्रशेखर कुमार मुन्ना ने किया ।

### भगवान पार्श्वनाथ का निर्वाण कल्याणक के अवसर पर चढ़ाया गया निर्वाण लाडू

### मंत्री विजय कुमार को जन्मदिवस का पूज्य माताजी से आशीर्वाद प्राप्त हुआ

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** श्री दिगम्बर जैन बड़ी मन्दिर रायगंज में जैन धर्म के वें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाण कल्याणक के अवसर पर पटना से आये सैकड़ों श्रद्धालुगण सहित अन्य सुदूरवर्ती प्रांतों से आए भक्तगण ने निर्वाण लाडू समर्पित करके पूजा अर्चना की। भगवान पार्श्वनाथ झारखंड स्थित सम्मेद शिखर की पावन धरा से स्वर्णभद्र कूट से निर्वाण (मोक्ष) को प्राप्त हुए आज हजारों वर्ष पश्चात् भी भक्तगण लाखों की संख्या में सम्मेद शिखर पर्वत पर जाकर के निर्वाण लाडू चढ़ाने का पुन्य अर्जित करते हैं।



जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में सम्मेदशिखर की रचना बनाकर के निर्वाणकाण्ड पढ़कर के भगवान के चरणों में निर्वाण लाडू चढ़ाने का अवसर प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन ने प्राप्त किया ।भगवान पार्श्वनाथ क्षमा के अवतार थे आज पूरे भारतवर्ष में सबसे अधिक मन्दिर भगवान पार्श्वनाथ के पाए जाते हैं जिनमें प्रतिदिन भक्तगण पूजा अर्चना करते हैं। इस अवसर पर जैन मन्दिर के मंत्री विजय कुमार जी जैन के जन्मदिवस के अवसर पर पूज्य माताजी ने ग्रंथ प्रदान किया एवं जैन मन्दिर धर्म तीर्थ के पीठाधीश श्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामीजी ने तिलक लगाकर के माल्यार्पण करके एवं प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चंदनामती माताजी ने प्रतीक चि आशीर्वाद प्रदान करके जन्मदिवस की शुभकामना एवं बधाई प्रेषित की एवं सम्पूर्ण कमेटी की ओर से ड. जीवन प्रकाश जैन, एवं सम्पूर्ण मंदिर के कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएँ प्रेषित की। इस अवसर पर प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चंदनामती माताजी ने भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाण लाडू को मंत्रोच्चारण पूर्वक समर्पित करवाया एवं मध्या में इन्द्रध्वज महोत्सव के अन्तर्गत नम्बर की जयमाला का वाचन किया गया जिसमें शिर्डी, टिवैहतनगर, जयपुर आदि के भक्तगणों के पारस चौनल के माध्यम से जुडकर के अर्घ्य समर्पित किया ।

# सिंहासनी महोत्सव के जरिये नई पीढ़ी को समृद्ध लोक-संस्कृति से कराएंगे अवगत : शिक्षा मंत्री

**बोले-इस ऐतिहासिक स्थल को पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान दिलाने का किया जा रहा प्रयास**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षा मंत्री सह बैकुंठपुर विधायक मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि सिंहासनी केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। यहां हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। सिंहासनी महोत्सव के माध्यम से हमारी समृद्ध लोक-संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ-साथ इस ऐतिहासिक स्थल को पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

शिक्षा मंत्री ने आगामी 24 अगस्त को गोपालगंज के बैकुंठपुर स्थित सिंहासनी में आयोजित होने वाले महोत्सव की तैयारियों को लेकर गुरुवार को बैकुंठपुर प्रखंड मुख्यालय में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की।


शिक्षा मंत्री ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को समय पर सभी तैयारियां पूरी करने के दिए निर्देश।

श्री तिवारी ने कहा कि यह महोत्सव कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सहयोग से हो रहा है।

जिला प्रशासन की ओर से प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री डा प्रमोद चंद्रवंशी तथा राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप जायसवाल से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है। मंत्री डा. प्रमोद चंद्रवंशी ने सहमति दे दी है। उनके अलावा अन्य विधायक, विधान पार्षद और अधिकारी भी महोत्सव में शामिल होंगे।

महोत्सव में सुपरस्टार मनोज तिवारी, अनुपमा यादव सहित कई प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

समीक्षा बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को साफ-सफाई, बिजली, पेयजल, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, चिकित्सा और कार्यक्रम स्थल की अन्य सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सिंहासनी महोत्सव भव्य होने के साथ-साथ पूरी तरह सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं एवं आम लोगों की सुविधाओं के अनुरूप होना चाहिए। कार्यक्रम में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

# नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल के लिए 24 से 27 अगस्त तक एफबीएंसी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार में नवजात शिशुओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नवजात शिशु देखभाल सेवाओं को और सुदृढ़ करने तथा स्वास्थ्यकर्मियों की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से फैसलिटी बेस्ड न्यू बोर्न के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम बैच 24 से 27 अगस्त तक पटना चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल पटना के शिशु रोग विभाग में आयोजित किया जाएगा। इसमें कार्यरत शिशु रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्टाफ नर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा।


स्वास्थ्य मंत्री निशांत ।

इस प्रशिक्षण के माध्यम से नवजात शिशुओं की देखभाल, गंभीर नवजातों के उपचार तथा संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत मानव संसाधन की तकनीकी दक्षता एवं कार्यकुशलता को मजबूत किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान नवजात शिशुओं में उत्पन्न होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान, आवश्यक उपचार एवं उचित प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही, नवजात देखभाल इकाइयों में संक्रमण की रोकथाम, सुरक्षित एवं प्रभावी उपचार तथा टीम आधारित देखभाल की कार्यप्रणाली को भी मजबूत किया जाएगा।

प्रशिक्षण का उद्देश्य नवजात शिशुओं को समय पर बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना तथा गंभीर स्थिति वाले नवजातों की देखभाल के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक तकनीकी कौशल से लैस करना है। इससे नवजात शिशु देखभाल इकाइयों में उपलब्ध सेवाओं का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। जन्म के बाद शुरुआती समय नवजात के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नवजात शिशुओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी अपने-अपने संस्थानों में नवजात शिशु देखभाल की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# मेट्रो निर्माण के कारण बदला ट्रैफिक मार्ग, चिड़ियाघर गेट-1 से इनकम टैक्स नहीं जाएंगी गाड़ियां

**पुनईचक से अटल पथ जाएंगे ऑटो और ई रिक्शा**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मेट्रो निर्माण के कारण बेली रोड पर बढ़ रहे ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए ट्रौफिक में बदलाव किया गया है। आज से चिड़ियाघर गेट नंबर-1 से आयकर गोलंबर तक व्यावसायिक वाहनों के परिचालन को स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। ट्रैफिक एसपी के मुताबिक पुनाईचक के पास बढ़ते दबाव को देखते हुए ऑटो और ई-रिक्शा अब विश्वेश्वरैया भवन के पीछे वाली सड़क से गुजरेंगे। यह रूट पुनाईचक रोड होते हुए अटल पथ और फिर महेश नगर अंडरपास के रास्ते बोरिंग कैनाल रोड की ओर जाएगा। एसपी के मुताबिक बेली रोड पर फिलहाल तीन जगहों पर मेट्रो का काम चल रहा है। इसमें राजवंशी नगर हनुमान मंदिर के पास स्थिति सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण है। यहां सुबह 9 से 11 और शाम 5 से रात 8 बजे तक भारी जाम रहता है। ऑटो, ई-रिक्शा और सिटी बसों के कारण चिड़ियाघर, हनुमान मंदिर, विकास भवन और नियोजन भवन के आसपास लगातार दबाव बना रहता है। नए प्लान से यहां के लोगों को राहत मिलेगी। बुद्ध मार्ग पर भी ट्रैफिक की समस्या बनी हुई है। जीपीओ गोलंबर से कोतवाली थाना के बीच व्यावसायिक वाहनों की संख्या अधिक होने से सड़क पर दबाव बढ़ रहा है। मल्टी मडल हब से शहर और जिले के अलग-अलग हिस्सों के लिए बसों का परिचालन शुरू होने के बाद यहां यातायात का दबाव और बढ़ गया है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से बुद्ध मार्ग समेत प्रमुख सड़कों पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कई जगह नो-पार्किंग के बोर्ड लगाए गए हैं और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण जाम की समस्या अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

# 'सावन की फुहार' का भव्य आयोजन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र के इंद्राणी ग्रुप द्वारा यो चाइना बंदर बगीचा, फ्रेजर रोड, पटना में उत्साह एवं उमंग के साथ 'सावन मिलन उत्सव 2026 सावन की फुहार' का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया। सावन के पावन और सुहावने मौसम के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह का उद्देश्य क्लब की सदस्यों एवं उनके परिवारों को एक मंच पर एकत्रित कर आपसी सौहार्द, भाईचारा, भारतीय संसति और खुशियों को साझा करना था।

कार्यक्रम में सावन की हरियाली और प्रातिक सौंदर्य को दर्शाते हुए पारंपरिक हरे परिधान में सदस्य शामिल हुईं। पूरे परिसर में सावन की उमंग और उत्साह का माहौल देखने को मिला। समारोह के दौरान मनोरंजक खेल, रोमांचक तंबोला तथा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सावन ीन प्रतियोगिता समारोह का विशेष आकर्षण रही। प्रतियोगिता में पीडीसी श्वेता सिंह ने प्रथम, कंचन रय ने द्वितीय तथा रति सिंह और मीनू गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

क्लब की अध्यक्ष अपर्णा भारती ने कहा कि इनर व्हील क्लब द्वारा सावन उत्सव मनाने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। क्लब की सभी सदस्य एक परिवार की तरह मिल-जुलकर प्रत्येक उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सदस्यों को आपसी प्रेम, सौहार्द और आत्मीयता के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।



इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र के इंद्राणी ग्रुप द्वारा यो चाइना बंदर बगीचा, फ्रेजर रोड, पटना में सावन मिलन उत्सव ।

इस अवसर पर क्लब की सदस्य रति सिंह को मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने पर क्लब की अध्यक्ष अपर्णा भारती ने एंगेस्ट्रा एवं उपहार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में सावन के विशेष एवं स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई थी। आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पीपी संगीता गोयल, पीपी नीतू बिड़ला एवं आईपीपी शीतू गांधी ने मंच का सुंदर एवं प्रभावी संचालन किया।

इस अवसर पर क्लब की सेक्रेटरी नीलांजना भट्टाचार्या, ट्रेजरर सुधा बिदसरिया, आईएसओ रेखा सिंह, एडिटर अनिता कुमार, शिखा सिंह, अनीता सिंह, सुनील रय, बॉबी चावला, पीपी पूनम सिंह, पीपी सुनीता खेमका, पीपी निशा विद्यार्थी, ममता रानी, रेणु अग्रवाल, सुषमा रिटोलिया, शिल्पी चाचन, संगीता केयल सहित क्लब की अनेक सदस्य उपस्थित थीं। मौके पर डा गीता जैन ने बताया कि सावन का महीना खुशहाली, उमंग और नई ऊर्जा का प्रतीक है। इस मिलन समारोह के माध्यम से क्लब की सदस्यों ने दैनिक व्यस्तताओं से दूर अपने हीजनों एवं सहेलियों के साथ आनंदमय पल बिताए और सावन की खुशियों को उत्साहपूर्वक साझा किया।

## खबरें खास-खास

# हर गरीब के सिर पर पक्की छत ही विकसित बिहार की पहचान : शिक्षा मंत्री

**आवास निर्माण के लिए 16 हजार से अधिक लोगों का किया गया था चयन, लाभुकों के खातों में भेजे गए थे 184 करोड़ रुपए**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर गरीब को पक्का घर' के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एक महत्वपूर्ण पहल है। हर गरीब परिवार के सिर पर पक्की छत और उसके चेहरे पर मुस्कान ही सुशासन और विकसित बिहार की पहचान है। राज्य सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों तक विकास की रोशनी पहुंचाने और उनके जीवन में खुशहाली लाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। शिक्षा मंत्री गुरुवार को गोपालगंज समाहरणालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत नवनिर्मित आवासों के लाभुकों को चाबी और नए चयनित लाभुकों को स्वीति पत्र वितरित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान पटना के बापू सभागार से वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार भी जुड़े। उन्होंने आवास योजना के लाभुकों से संवाद किया और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने बताया कि गोपालगंज में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 16 हजार से अधिक लोगों का चयन किया गया। आवास निर्माण के लिए विभिन्न लाभुकों के खातों में करीब 184 करोड़ रुपये की राशि भेजी गई। जिले में लगभग 80 प्रतिशत आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। शेष 20 प्रतिशत आवासों का निर्माण भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा।


शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने गोपालगंज में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभुकों को आवास की चाबी और स्वीकृति पत्र का किया वितरण।

# बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति, अध्ययन दल-2 की राज्यव्यापी स्थल अध्ययन यात्रा के दौरान वैशाली हुआ आगमन

**कांटी विधायक अजीत कुमार समेत अन्य सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ ऐतिहासिक स्थलों का किया निरीक्षण, जिले के विकास एवं विरासत संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर की चर्चा**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति, अध्ययन दल-2 की राज्यव्यापी स्थल अध्ययन यात्रा के दौरान वैशाली आगमन हुआ। इस अवसर पर बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य सह कांटी विधायक व पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार समेत अन्य सम्मानित सदस्यों, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ ऐतिहासिक स्थलों का निरीक्षण किया तथा जिले के विकास एवं विरासत संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। प्राक्कलन समिति के सदस्य सह कांटी विधायक व पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार समेत अन्य सम्मानित सदस्यों ने कई मुद्दों पर वैशाली जिला प्रशासन समेत अन्य अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिया। इस अवसर पर वैशाली परिसदन में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इसके पश्चात हाजीपुर स्थित ऐतिहासिक नेपाली मंदिर (नेपाली छावनी मंदिर) में दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर की विशिष्ट नेपाली पैगोडा शैली, काष्ठ कला एवं ऐतिहासिक स्थापत्य हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य हिस्सा है। इस दौरान पुष्करणी पोखर एवं नेपाली मंदिर के जीर्णोद्धार, संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण को लेकर प्राक्कलन समिति के सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करते हुए वैशाली में पर्यटन को और बढ़ावा देने की दिशा में आवश्यक प्रयास करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य सह कांटी विधायक व पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार समेत अन्य सदस्यों ने कहा कि विकास के साथ पर्यावरण और विरासत का संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी है, आइए मिलकर हरित, विकसित एवं गौरवशाली बिहार के निर्माण का हम सभी संकल्प लें। इस अवसर पर बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य सह कांटी विधायक व पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार, प्राक्कलन समिति के सदस्य सह विधायक बेबी कुमारी, विधान परिषद सदस्य रविन्द्र प्रसाद सिंह , विधायक आनंद मिश्रा , जिला पदाधिकारी वैशाली वर्षा सिंह सहित प्राक्कलन समिति के सम्मानित सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# छात्रों और युवाओं के मुद्दों पर जन सुराज का सरकार पर हमला मनोज भारती बोले- पीएचडी-रिसर्च स्कॉलर्स के साथ हो रहा अन्याय

**जन सुराज पार्टी में शामिल हुई राष्ट्रीय लोक मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष उर्मिला पटेल**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने बिहार के छात्रों-युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर गुरुवार को पार्टी कार्यालय, पाटलिपुत्रा में एक प्रेस कन्फ्रेंस की। उन्होंने राज्य सरकार पर छात्रों और युवाओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। इसी दौरान राष्ट्रीय लोक मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष उर्मिला पटेल जन सुराज पार्टी में शामिल हुईं। मनोज भारती ने उन्हें गमछा पहनाकर जन सुराज पार्टी की सदस्यता दिलाई। मनोज भारती ने कहा मुझे विश्वास है कि उर्मिला पटेल जी के इतने लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ जन सुराज पार्टी को मिलेगा। हम उर्मिला जी का पार्टी में तहे दिल से स्वागत करते हैं। मौके पर मीडिया प्रभारी ओबैदुर रहमान, राकेश पटेल, सुभाष कुशवाहा भी मौजूद थे।

मनोज भारती ने कहा कि पीएचडी होल्डर्स एंड रिसर्च स्कॉलर्स एसोसिएशन आफ बिहार ने 4 अगस्त से गर्दनीबाग में धरना-प्रदर्शन शुरू किया था। इसमें कई लोग भूख हड़ताल पर थे। जानकारी के मुताबिक, 16 अगस्त को कई लोगों की तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा था। उनकी भूख हड़ताल अभी भी जारी है। पीएचडी होल्डर्स और रिसर्च स्कालर्स सरकार का विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि सरकार ने वादा किया था कि बिहार के सभी प्रखंडों में एक-एक डिग्री कालेज खोला जाएगा। इन डिग्री कालेजों में जिन प्रोफेसरों की बहाली की जानी है, उनके चयन की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। मनोज भारती ने कहा कि नए शिक्षकों के चयन की जो प्रक्रिया बिहार सरकार ने लागू की है, वह यूजीसी के प्रावधानों के विरुद्ध है। अगर किसी डिग्री कालेज में किसी शिक्षक या प्रोफेसर की बहाली होनी है, तो उसके मूल्यांकन में पीएचडी के अंकों की वैल्यू 30 प्रतिशत होनी चाहिए, लेकिन इसके बजाय इसे घटाकर 11 प्रतिशत कर दिया है। अगर कोई व्यक्ति पीएचडी कर रहा है तो उसने कितने रिसर्च पेपर प्रकाशित किए हैं, इस आधार पर भी उसका मूल्यांकन होना चाहिए कि वह कितना सक्षम है और एक अच्छा प्रोफेसर बन सकता है या नहीं।



जन सुराज पार्टी में शामिल हुई राष्ट्रीय लोक मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष उर्मिला पटेल।

## संक्षिप्त खबरें

### बकाया पैसे मांगने पर किया मारपीट

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** सिमरी थाना क्षेत्र के कमरौली मे बकाया पैसा मागने गये युवक के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। उसे इलाज के लिए सिंहवाड़ा सीएचसी मे भर्ती कराया गया। इस मामले मे कमरौली वार्ड-03 निवासी हिरालाल सहनी ने सिमरी थाना मे एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमे पड़ोसी लतर सहनी, सुनील सहनी, छोटू सहनी व लतर सहनी की पत्नी को नामजद किया है। उसने 10 हजार रुपये मांगने के विवाद में मारपीट कर बिजली के पोल में बांधने का आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार दस अगस्त की शाम रुपये मांगने पर आरोपितों ने मारपीट की और पोल में बांध दिया। इस दौरान जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पीड़ित का सिंहवाड़ा पीएचसी में इलाज कराया गया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

### चोरी के मामले में महिला आरोपी गिरफ्तार

**सिंहवाड़(एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर मे घर का ताला तोड़कर चोरी करने, चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने महिला आरोपी अनिता देवी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले मे चंद्रमिला देवी ने 14 अगस्त को थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। आवेदन मे आरोप लगाया था कि रात मे विवेक पासवान घर का ताला तोड़ रहा था। विरोध करने पर चाकू से हमला करने की धमकी दी और गले से मंगलसूत्र काटकर ले गया। शिकायत में अनिता देवी के भी घटना में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की गिरफ्तार आरोपी महिला को न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है।

### आचार्य परीक्षा का 30 तक भरा जाएगा फॉर्म

दरभंगा(एनएसबी)। संस्कृत विश्वविद्यालय में सत्र नियमितीकरण की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया गया है। अब आचार्य तृतीय सेमेस्टर सत्र 2024-26 तथा आचार्य तृतीय सेमेस्टर सत्र 2023-25 के पूर्ववर्ती छात्र 30 अगस्त तक परीक्षावेदन प्रपूरित कर सकता है। यह सुविधा गुरुवार 20 अगस्त से ही बहाल कर दी गयी है। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि इस पाठ्यक्रम से सम्बंधित आन्तरिक मूल्यांकन के अंक पत्र 02 सितंबर 2026 तक परीक्षा विभाग में उपलब्ध कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

**सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष के साथ साथ**

प्रधानाचार्य, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय भागलपुर, ब्रजभूषण संस्कृत महाविद्यालय खरखुरा, गया, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय पटना, म०अ०रमेश्वरलता संस्कृत महाविद्यालय दरभंगा एवं धर्मसमाज संस्कृत महाविद्यालय मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित सूचना में कहा गया है कि उक्त तिथि के पश्चात आन्तरिक मूल्यांकन के अंक स्वीकार नही किए जाएंगे।

### जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**दरभंगा(एनएसबी)।** नेहरू स्टेडियम, लहेरियासराय स्थित प्रेक्षागृह में खेल विभाग तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, बिहार, पटना के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक खेल कार्यक्रम-2026-27 के तहत जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता से पूर्व खेल विकास की अवधारणा के उद्येश्य से जिले के सभी मध्य विद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के शारीरिक शिक्षकों तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों का पाँच दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्त्ता, लोक शिकायत निवारण, दरभंगा, राजेश गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी, दरभंगा, चंदन कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा दरभंगा तथा जिला खेल संघ के सचिव, जितेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।मंच संचालन कुमार अनुराग तथा धन्यवादन ज्ञापन राजेश कुमार ने किया।



### मांगों के समर्थन में काली पट्टी बांधकर आपूर्ति पदाधिकारी ने किया कार्य

**दरभंगा सदर(एनएसबी)।** बिहार आपूर्ति सेवा संघ के आह्वान पर को दरभंगा जिला सहित पूरे बिहार में आपूर्ति सेवा के पदाधिकारियों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में काली पट्टी बांधकर कार्यालयीन कार्य का संचालन किया। दरभंगा जिले में जिलाध्यक्ष रौशन कुमार और जिला सचिव समरूल हसन के नेतृत्व में सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया।विरोध में शामिल पदाधिकारियों में सदर के राजेश कुमार, सिंहवाड़ा की आकांक्षा सिंह, केवटी के नंदन कुमार, हायाघाट के संत कुमार, बहादुरपुर के नीतिश कुमार, जाले के उमाशंकर दास, हनुमाननगर के मुरारी प्रसाद, बिरौल के राजीव कुमार, घनश्यामपुर के सुदीप कुमार, कुशेश्वरस्थान के आशीष कुमार और बेनीपुर की मोनिका कुमारी शामिल थीं।पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार संघ की लंबित मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, यह सांकेतिक विरोध इसी तरह जारी रहेगा।




### गाँव-गाँव शिक्षा का अलख जगा रहा श्रीकृष्ण चेतना मंचः डॉ.शिवकिशोर राय

**दरभंगा(एनएसबी)।** ग्राम पंचायत राज थलवारा ब्रह्मोतरा बरहमस्थान के मुखिया कामदेव यादव उर्फ करतार सिंह की अध्यक्षता में श्रीकृष्ण चेतना मंच की विशेष बैठक ब्रह्मस्थान में किया गया है। बैठक में पहुंचे आस-पास के लोगों से



को बताया गया कि समाज में व्याप्त कुरीतियों अव्यवस्था,अंधविश्वास और अशिक्षा के खिलाफ लड़ना होगा। मंच के उपाध्यक्ष रामविलास यादव ने श्रीकृष्ण चेतना मंच के वार्षिक उत्सव आयोजन को भव्य बनाने की तैयारी को लेकर विस्तार से सबों को अवगत कराया।साथ ही आगामी 6 सितंबर 2026 दरभंगा पोलो मैदान के पास प्रेक्षागृह में होने वाला कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया गया। वहीं श्री कृष्ण चेतना मंच से जुड़े शिक्षाविद डॉ.शिवकिशोर राय,पंचायत के सरपंच,सुनील कुमार यादव के साथ अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आधार सीडिंग को लेकर बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक

**तारडीह(एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ कक्ष में गुरुवार को बीडीओ प्रीति कुमारी ने प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधकों के साथ बैठक की। बैठक में पेंशन लाभार्थियों के बैंक खातों में आधार सीडिंग की स्थिति की समीक्षा की गई।बीडीओ ने कहा कि कई लाभार्थियों के बैंक खातों में आधार सीडिंग नहीं होने के कारण पेंशन भुगतान बाधित हो रहा है। इससे लाभार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सेंट्रल बैंक, बिहार ग्रामीण बैंक एवं केनरा बैंक की संबंधित शाखाओं के प्रबंधकों को निर्देश दिया कि पेंशन लाभार्थियों के खातों में आधार सीडिंग की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कराई जाए, ताकि पेंशन भुगतान सुचारु रूप से जारी रह सके।बीडीओ ने पेंशन लाभार्थियों से भी अपील की कि जिनके बैंक खाते से आधार लिंक नहीं है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित बैंक शाखा में संपर्क कर आधार सीडिंग की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करा लें।



# टीआरई 1,2,3 की तहत टीआरई 4 मे एकल परीक्षा की मांग को लेकर दिया धरना

**पीटी , मेन्स और नेगेटिव मार्किंग का अभ्यर्थियों ने किया विरोध**

**दरभंगा(एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित लहरियासराय धरना स्थल पर ट्रेन टीआरई 4 शिक्षक बहाली हेतु जारी फर्जी नोटिफिकेशन कों अभिलंब रद्द कर टीआरई 1,2,3 की तहत एकल परीक्षा आयोजित करने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता समाजसेवी प्रियंका झा एवं संचालन छात्र नेता विभूति झा अमन ने किया। वरिष्ठ छात्र नेता दीपक झा ने कहा कि सरकार वर्षो से शिक्षक बहाली हेतु तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के साथ भेदभाव कर रही है। जिस बहाली का पुरी प्रक्रिया 2024 में पुरा कर लेना चाहिए था,उसको अभी तक नहीं कर पाई हैं। छात्र आंदोलन के दबाव में फर्जी नोटिफिकेशन जारी किया हैं जों छात्रों के भविष्य के साथ धोखा है। मनमानी ढ़ंग से पीटी , मेन्स और नेगेटिव मार्किंग यह बिहार सरकार का घोखाघडी है। संघर्षकारी छात्र कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस अधिसूचना को अभिलंब वापस लेकर एकल परीक्षा प्रणाली के तहत अधिसूचना जारी करें तथा अभिलंब नियुक्त प्रकिया को पुरा करें। टी आर ई 4 अभ्यर्थी एमपी यादव ने कहा कि बिहार के शिक्षा मंत्री और बीपीएससी के तुगलकी फरमान के खिलाफ हमलोगों का संघर्ष जारी रहेगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में समाजसेवी प्रियंका झा ने कहा कि बिहार सरकार डोमिसाइल नीति लागू करें तथा पूर्व में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा कुल रिक्तियां 46400 घोषित किया गया था उसके अनुरूप शिक्षक बहाली लें, तथा अंतिम परिणाम से पहले दस्तावेज का सत्यापन अनिवार्य करे अन्यथा दरभंगा समेत बिहार के छात्र नौजवानों की लड़ाई पटना तक लड़ा जाएगा। कार्यक्रम में छात्र नेता कुणाल पांडे शरद सिंह, गिरीश झा, विकाश मिश्रा अनिल कुमार झा स्वाति देव अभिषेक कुमार, दशरथ यादव सचिन कुमार पटेल अंकित कुमार झा मोहम्मद अकरम आफताब आलम, विक्की कुमार गोलू सिंह दयानंद कुमार रंजू कुमारी मधुमाला कुमारी पूनम कुमारी किरन कुमारी रजनी कुमारी आशा कुमारी मुकुंद यादव आशुतोष कुमार खा गोविंद कुमार तुलकांत बिहारी देवगौर यादव शिवेंद्र कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में अभियार्थी सहित दर्जनों युवा छात्र नेता समाजसेवी धरना कार्यक्रम में उपस्थित थे। धरना कार्यक्रम के बाद शिक्षा मंत्री को एक मांग पत्र जिलाधिकारी दरभंगा के द्वारा जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त अधिकारियों को अपनी मांग पत्र सौंपा।



धरना देते अभ्यर्थी एवं समाजसेवी

## विश्वविद्यालय मैथिली विभाग में डॉ इन्द्रकान्त झा के कथा-संग्रह ऑक्सीजनह्न का हुआ विमोचन

**दरभंगा(एनएसबी)।** विश्वविद्यालय मैथिली विभाग, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में मैथिली के साहित्यकार एवं प्राचार्य डॉ इन्द्रकान्त झा के मैथिली कथा-संग्रह ह्यऑक्सीजनह्न का विभागीय शिक्षकों के द्वारा विमोचन किया गया।

कथा-संग्रह में कुल 18 कथाएँ संगृहीत हैं। इन कथाओं में समकालीन समाज, मानवीय संवेदना, बदलते सामाजिक मूल्य, सामाजिक विसंगतियों तथा जीवन की विविध परिस्थितियों का प्रभावशाली चित्रण किया गया है। मौके पर मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो पुनीता झा, विभागाध्यक्ष प्रो अशोक कुमार मेहता, प्रो दमन कुमार झा, प्रो नारायण झा, भागलपुर विश्वविद्यालय के मैथिली विभागाध्यक्ष एवं डीन ( अवकाश ) प्रो प्रमोद कुमार पांडेय, डॉ सुरेश पासवान एवं डॉ अभिलाषा कुमारी के साथ विभागीय सभी शोधार्थी एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित थी। इस अवसर पर मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो पुनीता झा ने कहा कि ह्यऑक्सीजनह्न लेखक के मस्तिष्क में अंकुरित उन विचारों की अभिव्यक्ति है जो समाज की विभिन्न परिस्थितियों और घटनाओं के संस्पर्श से कथा बनती है। भागलपुर से आये प्रो प्रमोद कुमार पांडेय, प्रो नारायण झा,प्रो दमन कुमार झा ने कहा यह कथा-संग्रह मैथिली कथा-साहित्य में समकालीन जीवन के विविध प्रश्नों को सामने लाने का महत्वपूर्ण प्रयास किया है।समारोह में शोधार्थी प्रवीण कुमार झा, संजय कुमार, दीपेश कुमार, राजनाथ पंडित, मनीष कुमार, मनोज कुमार, राहुल गुप्ता, शीला कुमारी, पूजा कुमारी, राजकुमार शर्मा, अमरेश ठाकुर, चंदेश्वर राम, मनोज कुमार पंडित, पवन कुमार सहित विभागीय कर्मचारी निरेन्द्र कुमार उपस्थित थे।


विमोचन करते प्रो. अशोक कुमार मेहता एवं अन्य

## मोनू कुमार आत्महत्या मामले में सहायक दरोगा इंद्रदेव कुमार निलंबित

**एसएसपी ने कहा कई स्तर से चल रही जांच, सभी दोषियों पर होगी कार्रवाई**

**दरभंगा(एनएसबी)।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के खराजपुर गांव में मोनू कुमार आत्महत्या मामले में सहायक दरोगा इंद्रदेव कुमार को एसएसपी जगुनाथ रडी जलारडी ने निलंबित कर दिया है। परिजन पुलिस पर डराने धमकाने के कारण उनका पुत्र मोनू कुमार के आत्महत्या का आरोप लगाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने सिटी एसपी अशोक कुमार चौधरी के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया था। जिसमें प्रभारी एसडीपीओ 1 एसके सुमन, बहादुरपुर थानाध्यक्ष प्रसुंजय कुमार, एसएसपी ऑफिस में पदस्थापित इंस्पेक्टर सुनील कुमार, अमित कुमार साह सहित डीआईयू के कर्मी को शामिल किया गया था। जांच में पाया गया कि मोबाइल 2 दिन पहले मिला था जिसकी सूचना थाना प्रभारी को नहीं दी गई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर सहायक दरोगा इंद्रदेव कुमार को निलंबित कर दिया है। वहीं अन्य पुलिसकर्मी से स्पष्टीकरण पूछा गया है। वहीं एसएसपी ने बताया कि हर बिंदु पर अलग-अलग जांच की जा रही है। वहीं सीसीटीवी फुटेज को भी कई जगहों पर जांच किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट में अन्य लोगों की मिलीभगत आता है तो उन लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी। सहायक दरोगा का कहना था कि यह मोबाइल नहीं है दूसरा मोबाइल है जो लाकर दो। दो दिनों तक मोबाइल पास रखकर मोनू कुमार के घर जाकर तरह-तरह की जानकारी का आदान-प्रदान कर रहे थे। लेकिन पुलिस पदाधिकारी को जानकारी नहीं दी गई थी। मोनू कुमार के आत्महत्या करने के बाद परिजन आक्रोशित हो गए थे। सहायक दरोगा इंद्रदेव कुमार सहित अन्य पुलिस वाले को मोबाइल मिल जाने को लेकर भाई रवि कुमार बुलाए थे। परिजन ने आरोप लगाया था कि सहायक दरोगा सहित अन्य पुलिस वाले मोनू से चार लाख रुपए की मांग की थी। लेकिन मोनू ने देने से इनकार कर दिया था उसके पास पैसा नहीं है। उन लोगों के जाने के बाद मोनू दोपहर में आत्महत्या कर लिया। परिजनो ने हीं आरोप लगाया था कि तीनों व्यक्ति बाइक से घर आए थे जिस पर नंबर प्लेट नहीं लगा हुआ था। तीनो बाइक बिना नंबर प्लेट का था। मामले को लेकर सहायक दरोगा इंद्रदेव कुमार के फर्द बयान पर चार नामजद और 20 अज्ञात के खिलाफ बहादुरपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है। वही मोनू के पिता जागेश्वर सहनी के आवेदन पर भी मामला दर्ज किया गया है। इस मामले को स्थानीय विधायक सह मंत्री मदन सहनी ने गंभीरता से उठाया था और दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करने के लिए कहा था।


जानकारी देते एसएसपी

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित

**बेनीपुर(एनएसबी)।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के मद्देनजर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, अनुमंडल विधिक सेवा समिति बेनीपुर ऋषि गुप्ता ने हितधारकों के साथ बैठक की। उन्होंने पैनल अधिवक्ताओं से सहयोग करने की बात कहते हुए कहा कि पक्षकार हमेशा परामर्श के लिए अपने अधिवक्ताओं से संपर्क करते हैं ऐसे में उन्हें सुलह योग्य मामलों में समझौता करने की सलाह दिया जाना चाहिए। पक्षकारों को बताया जाना चाहिए कि लोक अदालत एवं मध्यस्थता सुलह समझौते से विवाद निपटाने का सर्वोत्तम माध्यम है। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रौशन कुमार छापोलिया ने न्यायालयों द्वारा जारी किए जा रहे नोटिसों का ससमय तामिल कराने का निर्देश थानाध्यक्षों को दिया। कहा कि तामिल कराने वाले अधिकारी पक्षकारों को लोक अदालत के फायदों को भी बतायें। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव, अनुमंडल विधिक सेवा समिति बेनीपुर रोहित कुमार गुप्ता ने पारा विधिक स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय लोक अदालत एवं राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी दी। उन्होंने सभी हितधारकों से लोक अदालत एवं मध्यस्थता अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की बात कही। मौके पर अधिवक्ता नवीन कुमार ठाकुर, विनोद कुमार मिश्र, मोहम्मद हैदर अली, अमोल झा, शेषनाथ दास, अरुण कुमार महतो, गुनानंद झा, कृष्ण कुमार मिश्र, अमित कुमार, नवाज अहमद, राममोहन झा, बहेड़ा थानाध्यक्ष पंकज कुमार, अलीनगर से रंजीत कुमार शर्मा सहित सभी पारा विधिक स्वयंसेवक मौजूद थे।


बैठक में भाग लेते पदाधिकारी

## जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने किया कलश वितरण

**संत शिरोमणि रविदास की जयंती समरसता दिवस पर मंडलों मे हुआ कलश वितरण**

**अलीनगर (एनएसबी)।** संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित समरसता दिवस के तहत भाजपा दरभंगा पूर्वी के जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह के नरमा स्थित आवासीय कार्यालय पर प्रत्येक मंडलों के मंडल अध्यक्ष को कलश वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में भाजपा दरभंगा पूर्वी के जिलाध्यक्ष विनय पासवान ने विभिन्न मंडलों के मंडल अध्यक्षों को कलश वितरित किए। वहीं पप्पू सिंह ने कहा कि संत रविदास के विचार आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता मंडल स्तर पर पदयात्रा के माध्यम से समाज के सभी वर्गों से संवाद करेंगे और ह्लसमरस समाज, सशक्त समाजह्व के संकल्प को मजबूत करेंगे।मौके पर जिला महामंत्री शत्रुधन सहनी,सुधा देवी,प्रदीप प्रधान,नीरज कर्ण,लाल मुखिया,चंदन ठाकुर,रौशन राय, विंधनाथ झा,गंगा प्रसाद यादव,बैधनाथ प्रसाद सिंह,श्रवण झा,रामविलास भारती आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


अलीनगर में कलश वितरण करते पप्पू सिंह

## समस्तीपुर जिला के विभिन्न कॉलेजों के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा जुबिली हॉल में संगीत संध्या कार्यक्रम आयोजित

**दरभंगा(एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के एनएसएस कोषांग द्वारा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना के सौजन्य से विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित सात दिवसीय आवासीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन जुबिली हॉल में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अमन कुमार झा के विद्यापति रचित गोसावनी गीत से हुआ। लक्ष्मी कुमारी ने मैथिली स्वागत गान एवं "ए पाहूना मिथिले मे रहुना...", मो जमाल एवं दीपराज सिंह ने मां की ममता एवं कल्पना ने नारी शक्ति पर आधारित गीत गाया, राहुल कुमार ने सलहेस गीत पर लोकनृत्य, मुकेश कुमार ने देशभक्ति गीत- 'सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा...', मन्ना कुमार ने मैथिली गीत- 'हमर मनक गांव मे शोर भव गले...', नमिता कुमारी ने 'जो भेजी थी दुआ...' राहुल कुमार ने 'जागो तो एक बार जागो...', शशि, दीपू, पंकज, सिन्टू, सूरज ने स्वागत गीत 'किस तरह से करूं मैं नमन आपका...', सोनी कुमारी ने एनएसएस प्रेरणा गीत- 'कदम-कदम पर चलते जाए...', शुभम सिंह ने राष्ट्रीय गीत, निधि कुमारी ने लोकगीत- 'तोहार दुल्हा हो...' पर नृत्य, जूली एवं प्रिया ने 'देश रंगीला...' पर नृत्य, शिवम झा, मधु कुमारी, सिमरन झा, रीतेश चन्द्र, साबिया, प्रियांशु, आकाश आदि ने प्रेरक कविता पाठ किया। वहीं डेविड कुमार, रिमझिम, दीपू, सुरज, विशाखा, निशा, अंशु, राजनंदिनी, कल्पना, पल्लवी, सुशान्त, आदि ने देशभक्ति गान एवं नृत्य प्रस्तुत किया। शशि, पंकज, दीपू, सूरज एवं सिंटू ने मैथिली शिवनचारी- 'तोरे सजनवा न हे गोरा....' की बेहतरीन प्रस्तुति की। वहीं एसडीआरएफ टीम की ओर से राजू कुमार ने 'भोले हो भोले...', 'तेरे चेहरे में जो जादू है वो...' एनएसएस सहायक अमित कुमार झा ने देशभक्ति गीत 'संदेशे आते हैं...' तथा 'ये रेशमी जुल्फें ये शरबती आंखें...', आदि मनोरंजन एवं भावुक गीत प्रस्तुत किया। नमिता राय ने अच्छी मिमिक्री की, राहुल, सत्यम एवं शुभम ने बिहार लोक नृत्य प्रस्तुत किया, नवीन कुमार ने हास्य पद, रितेश ने गुड्डा-गुड़िया पर कविता, कन्हैया ने भगत सिंह का प्रेरक लेख पढ़ा।संगीत संध्या का शुभारंभ करते हुए शिविर संयोजक डॉ आर एन चौरसिया ने किया।डॉ प्रियंका राय एवं अक्षय कुमार झा ने संयुक्त रूप से संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ शबनम कुमारी ने की।


सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेते स्वयंसेवक

## संक्षिप्त खबरें

### टुबैको वर्क्स फेडरेशन का राष्ट्रीय सम्मेलन 23 एवं 24 को

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** भाकपा कार्यालय में बिनोद कुमार समीर की अध्यक्षता में 41 सदस्यीय स्वागत समिति की बैठक हुई आगामी 23 एवं 24 अगस्त को ऑल इंडिया बीड़ी सिगार टुबैंको वर्क्स फेडरेशन के राष्ट्रीय सम्मेलन में पूरे देश से लगभग 200 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे दिनांक 23 अगस्त को सुबह 10 बजे हीरा लाल साह धर्मशाला से शहीदे आजम सरदार भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत रैली निकलेगी जो शहर की परिक्रमा करते हुए जिला परिषद पहुंचेगी और आम सभा होगी सम्मेलन की सफलताहेतु सात कमिटी बनाई गई जिसमें कोष बढ़ाने पर भी विचार किया गया हे सभी साथियों को इसकी सफलता में लग जाने का सलाह दी गई बैठक को स्वागत समिति के महासचिव राम विलाश शर्मा शंकर राम शंभू चौधरी पवन आजाद,धर्मबीर प्रकाश अशोक रजक उस्मान अंसारी सुदामा देवी कारो देवीमजहर आलम शुभेंद्र कुमार राम सेवक दास प्रभात कुमार सिंघाड़ा ने संबोधित किया।

### एसडीओ ने किया कावरियां पथ का निरीक्षण

**दलसिंहसराय (एनसीबी)।** आगामी 23 अगस्त को झमटिया से गंगा जल उठाव कर समस्तीपुर के थानेश्वर स्थान जलाभिषेक हेतु जाने वाले कांवड़ियों/ श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा एवं सुरक्षा को लेकर अनुमंडल कार्यालय में बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार ने की। बैठक के बाद उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों के साथ कावरियां पथ का स्थल निरीक्षण किया इस क्रम में उन्होंने विद्युत प्रमंडल दलसिंहसराय के कार्यपालक अभियंता को 22 अगस्त की संध्या तक अवांछित विद्युत पोल ट्रांसफार्मर एवं जर्जर तार को दुरुस्त करने का निर्देश दिया वहीं कार्यपालक अभियंता आर सी डी समस्तीपुर/रोसड़ा को सड़क की मरम्मति एवं सड़क पर पड़े रोड़ा कंकड़ की साफ सफाई 22 अगस्त की संध्या तक कराने का निर्देश दिया उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कावरियां पथ का तुरत निरीक्षण कर सभी आवश्यक तैयारी प्राथमिकता के आधार पर ससमय पूर्ण कर ली जाय ताकि कांवरियो श्रद्धालुओं को पैदल यात्रा में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

### अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में चार घायल

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में तीन महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में भर्ती कराया गया।अस्पताल में इलाज के दौरान घायलों की पहचान कमरगामा गांव निवासी 48 वर्षीय संगीता देवी, 22 वर्षीय सोनी कुमारी एवं 25 वर्षीय राधा कुमारी के रूप में हुई। वहीं, दूसरी घटना में सिंघिया गांव निवासी 58 वर्षीय रामबाबू महतो भी मारपीट में घायल हो गए।चिकित्सकों ने सभी घायलों का अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया। रामबाबू महतो की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल, समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि मारपीट की घटनाओं में घायल चार लोगों को अस्पताल लाया गया था, जिसमें एक घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर किया गया है। मारपीट की घटनाओं को लेकर संबंधित थाना पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### पतेली चौक स्थित इंडिया वन एटीएम में तोड़फोड़, नकदी लूटने का प्रयास

**उजियारपुर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के पतेली चौक स्थित चौरसिया मार्केट में लगे इंडिया वन एटीएम को बुधवार की रात्रि अज्ञात असामाजिक तत्वों ने निशाना बनाया। बदमाशों ने एटीएम से पैसे निकालने की नीयत से मशीन में जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार गुरुवार सुबह जब आसपास के दुकानदार अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो एटीएम की स्थिति देखकर घटना की जानकारी मिली। एटीएम मशीन का बाहरी हिस्सा क्षतिग्रस्त पाया गया तथा निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी टूटे हुए मिले। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। आशंका जताई जा रही है कि बदमाश एटीएम में रखी नकदी निकालने के उद्देश्य से पहुंचे थे, लेकिन वे अपने मंसूबे में सफल हुए या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास के क्षेत्रों में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा सके। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने एटीएम केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

### हर जन, हर मन, वित्तीय ज्ञान से संपन्नह्व के संकल्प के साथ वित्तीय ज्ञान मेला सप्ताह 22 को,

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** आम नागरिकों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने और उन्हें सुरक्षित एवं सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन से जोड़ने के उद्देश्य से समस्तीपुर में 22 अगस्त को ह्लवित्तीय ज्ञान मेला सप्ताह 2026ह्व का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का आयोजन इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की वित्तीय बाजार और निवेशक जागरूकता समिति के तत्वावधान में आईसीएआई की दरभंगा शाखा द्वारा किया जा रहा है। ह्लहर जन, हर मन, वित्तीय ज्ञान से संपन्नह्व के संकल्प के साथ शनिवार, 22 अगस्त 2026 को संध्या उत्सव पैलेस, बाइपास रोड, समस्तीपुर में आयोजित जन-जागरूकता कार्यक्रम के लिए निःशुल्क पंजीकरण आयोजन स्थल पर सुबह 10 बजे से शुरू होगा। मेले में आयकर एवं जीएसटी अनुपालन, डिजिटल भुगतान सुरक्षा, बैंकिंग एवं विभिन्न निवेश योजनाओं, सेवा अवकाश के बाद की वित्तीय योजना और पेंशन योजना, म्यूचुअल फंड एवं इंश्योरेंस, खर्च और बचत के संबंध सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा विशेषज्ञों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के साथ सीधे प्रश्नोत्तर सत्र तथा प्रमुख बैंकों, वित्तीय संस्थानों, बीमा क्षेत्र और म्यूचुअल फंड वितरकों द्वारा सार्वजनिक लाभ सेवाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।आईसीएआई दरभंगा शाखा के अध्यक्ष सीए गिरधारी लाल अग्रवाल ने बताया कि आज के दौर में आर्थिक साक्षरता प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसका उद्देश्य आम जनता को कर और वित्तीय प्रक्रियाओं के सहज तरीके से जोड़ना है।उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है। मेले में आम नागरिकों के साथ छोटे व्यवसायी, सीए एवं अन्य छात्र, शिक्षक, कर्मचारी, अवकाश प्राप्त कर्मचारी, निवेशक, महिला समूह, पेशेवर और व्यापारी बंधुओं के शामिल होने की संभावना है।

### 16 के विरुद्ध वारंट जारी, 27 अगस्त को पेशी का निर्देश

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** नीलाम पत्र वाद से जुड़े मामलों में कार्रवाई तेज करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-नीलाम पत्र पदाधिकारी महताब अंसारी विद्यापतिनगर ने थानाध्यक्ष विद्यापतिनगर को 16 व्यक्तियों के गिरफ्तारी वारंट का तामिला कराने का निर्देश दिया है। इस संबंध में जारी पत्र में संबंधित वारंटियों को गिरफ्तार कर 27 अगस्त 2026 को न्यायालय में उपस्थित कराने का निर्देश दिया गया है। जारी वारंटियों की सूची में राज किशोर सिंह, उमेश पासवान, चन्द्रदेव राम, उपेन्द्र राम, मुन्ना देवी, वेदानाथ साह, अशोक साह, चन्दन पासवान, चूनन साह, कृष्णा राम, जनवती देवी, विनोद कुमार सिंह, आरती पासवान, राजू राम पासवान, कपिलदेव पासवान एवं बालेश्वरी देवी के नाम शामिल हैं। श्री अंसारी ने थानाध्यक्ष से सभी वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करते हुए उन्हें निर्धारित तिथि को न्यायालय में पेश कराने का अनुरोध किया है। पत्र के साथ संबंधित 16 गिरफ्तारी वारंट भी संलग्न किए गए हैं।

### जमीनी विवाद में पत्रकार व परिवार को जान से मारने की धमकी, प्रशासन से न्याय व सुरक्षा की गुहार

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालीनगर पंचायत में जमीन विवाद को लेकर एक पत्रकार और उनके परिवार को कथित रूप से जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पत्रकार प्रियांशु कुमार ने अनुमंडल दंडाधिकारी (एसडीएम) न्यायालय एवं चकमेहसी थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर न्याय के साथ-साथ अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन के अनुसार, मालीनगर पंचायत में एक विवादित जमीन को लेकर मामला चल रहा है, जो समस्तीपुर सिविल कोर्ट में विचाराधीन बताया गया है। आरोप है कि न्यायालय में मामला लंबित रहने के बावजूद कुछ लोग उक्त जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान पत्रकार प्रियांशु कुमार द्वारा इसका विरोध किए जाने पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई।पत्रकार का आरोप है कि एक निजी स्कूल के निदेशक समेत 15-20 अज्ञात लोगों ने उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी।घटना के बाद पत्रकार का परिवार भय और दहशत में है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभुकों को मिली चाभी



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान तथा मुख्यमंत्री, बिहार सरकार द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण आज समाहरणालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे कार्यों तथा योजना के क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही योजना के लाभुक परिवारों के लिए आवास निर्माण, स्वीकृति, किस्तों के भुगतान तथा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित विषयों पर विशेष जोर दिया गया।इस कार्यक्रम में विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार, विधायक अश्वमेघ देवी, जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण आशुतोष आनंद सहित जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभुक उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत आवास पूर्ण कर चुके विभिन्न लाभुकों को उनके नवनिर्मित आवास की चाबी भी सांकेतिक रूप से प्रदान की गई। इस दौरान जिलाधिकारी श्री कुशवाहा ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सफल एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद एवं पात्र परिवारों तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी देते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को लाभुकों के साथ समन्वय स्थापित कर आवास निर्माण की प्रक्रिया को सुगम एवं समयबद्ध बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने लाभुकों से भी योजना के तहत प्राप्त राशि का निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप उपयोग करते हुए आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने की अपील की।

## जिलाधिकारी ने की राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले में राजस्व से संबंधित विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं सभी अंचल अधिकारी सहित राजस्व विभाग से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि विवाद, अतिक्रमण, सरकारी भूमि की सुरक्षा, भू-अभिलेखों के संधारण एवं अद्यतीकरण, लगान वसूली तथा अन्य राजस्व संबंधी मामलों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन से संबंधित मामलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए तथा आम लोगों को कार्यालयों का अनावश्यक चक्कर न लगाना पड़े। इसके लिए पदाधिकारी एवं कर्मी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने अंचलों में सरकारी भूमि की नियमित निगरानी एवं अतिक्रमण के मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। साथ ही भूमि विवाद से संबंधित मामलों में संबंधित पक्षों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विधि-सम्मत एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा कार्यों में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## डॉ. राजीव कुमार मिश्रा की जयंती पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित





**समस्तीपुर (एनएसबी)।** स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। स्वस्थ जीवन पर अमीर हो या गरीब सबका सामान अधिकार है। व्यक्ति की इस अधिकार की रक्षा करना हम सभी का प्रथम कर्तव्य है। इसलिए हमारी कोशिश होनी चाहिए कि, पैसों के अभाव में न कोई बीमार रहे न किसी की जान जाए। मेडिकना मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संस्थापक स्मृति शेष डॉ. राजीव कुमार मिश्रा के इसी सोच को मूर्त रूप देने के लिए शहर के मोहनपुर रोड स्थित मेडीकाना हॉस्पिटल, में स्व. डॉ. राजीव कुमार मिश्रा की जयंती के अवसर पर 20 अगस्त को निःशुल्क ओपीडी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाचार प्रेषण तक 500 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया था। समस्तीपुर के मोहनपुर रोड स्थित मेडिकाना मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की प्रबंध निदेशक सुविख्यात स्त्री रोग सह बांझपन रोग विशेषज्ञ डॉ. कनुप्रिया मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में स्व. डॉ. मिश्रा के सेवा भाव, स्वस्थ समाज निर्माण के संकल्प के प्रति प्रतिबद्धता एवं समर्पण को नमन करते हुए मरीजों को विभिन्न रोगों के विशेषज्ञों द्वारा रक्तचाप, मधुमेह, कैल्शियम, फेफड़े, सहित आधे दर्जन से अधिक बीमारियों की मुफ्त जांच एवं समुचित चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। साथ ही शिविर में जरूरत मंद मरीजों को निःशुल्क दवा भी दी गई।

इस अवसर पर सबसे पहले मेडिकाना प्रमुख डॉ. कनुप्रिया मिश्रा, मुख्य अतिथि सह उद्घाटनकर्ता पटना से पधारे सुविख्यात कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आर.के. सिंह, सहित आगत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं स्मृतिशेष डॉ. राजीव कुमार मिश्रा के छात्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। तत्पश्चात डॉ कनुप्रिया मिश्रा ने मुख्य अतिथि का मैथिल परंपरा के अनुसार पाग एवं शॉल से अभिनंदन किया। पुनश्च मुख्य अतिथि डॉ. सिंह ने डॉ. सुशांत कुमार, डॉ. विभाष रंजन, डॉ. पुरुषोत्तम, डॉ. श्रेयसी, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. शुभम कुमार, डॉ. अमलेंदु पांडेय, एवं मशहूर उद्योगपति प्रियंवद कुमार, को पाग, शॉल आदि से सम्मानित किया। इसके पूर्व अपने स्वागत संबोधन में डॉ. मिश्रा ने शिविर के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए स्नेह और सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि, इस शिविर में फिजियोथेरेपी, न्यूरोलॉजी, गायनेकोलॉजी, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक, कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, पीडियाट्रिक्स, नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ एवं कुशल चिकित्सक, लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उपयोगी परामर्श दे रहे है। साथ ही आवश्यकतानुसार उन्हें दवा भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों से उच्चस्तरीय चिकित्सकीय परामर्श का अवसर उपलब्ध कराना है। उद्घाटन स्तर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. सिंह ने कहा कि चिकित्सा मानवता की सच्ची सेवा है पेशा नहीं है। दर्द से कराहता गरीब आदमी आपकी दहलीज से स्वस्थ हो कर मुस्कुराता हुआ घर लौटे तो यह डॉ. मिश्रा को दी जाने वाली सबसे अच्छी व सच्ची श्रद्धांजलि होगी। साथ ही मेडिकाना की स्थापना की पीछे उनकी कल्पना को वास्तविक आकार मिलेगा और तभी उनका सपना साकार हो सकेगा। इस दौरान वक्ताओं ने डॉ. सिंह को समस्तीपुर के लोगों के लिए समय निकालने का आग्रह भी किया। कार्यक्रम का संचालन तरुण कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन रंजन कुमार शर्मा ने किया। मौके पर कटिहार से पधारे प्रखर पत्रकार शिक्षाविद् डॉ. कुमार गंगानंद सिंह, विमल केडिया, अरुण कुमार, रविता तिवारी, विजय कुमार चौधरी, गौरी शंकर झा आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## डिजीटल इंडिया के सूत्रधार थे राजीव गांधी : अनीता राम, जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी, समस्तीपुर (शहरी) ने दी श्रद्धांजलि



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी, समस्तीपुर (शहरी) द्वारा काशीपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय, में श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी, समस्तीपुर (शहरी) की अध्यक्ष श्रीमती अनिता राम जी ने की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्रीमती राम ने बच्चों के बीच कॉपी एवं कलम का वितरण किया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि, डिजीटल इंडिया के सूत्रधार राजीव गांधी की सोच थी को, शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत आधारशिला है। इसलिए उन्होंने सर्वांगीण शिक्षा को समर्पित नवोदय विद्यालय की स्थापना की थी। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना, उन्हें विद्यालय भेजना और उन्हें आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।अपने संबोधन में प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता एखलाकुर रहमान सिद्दीकी ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत के निर्माण, तकनीकी विकास और युवाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचार और देश के विकास के प्रति उनका दृष्टिकोण आज भी हम सभी को प्रेरणा देता है। और उन्होंने देश की एकता और अखंडता को बचाए रखने के लिए अपने जान की शहादत दी कार्यक्रम में विजय शंकर शर्मा डोमन राय, सनातन कुमार, बालाजी, रंजन शर्मा, सुशील कुमार राय, शिवराम ठाकुर, कैलाश नाथ सिंह, रामनारायण शर्मा, अजय राय, प्रकाश शर्मा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने राजीव गांधी जी के आदर्शों और देश की एकता, अखंडता एवं विकास के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## संत रविदास की 650वीं जयंती पर समरसता संकल्प अभियान कलश यात्रा को बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**विद्यापतिनगर।** संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर गुरुवार को विद्यापतिनगर प्रखंड मुख्यालय से समरसता संकल्प अभियान कलश यात्रा निकाली गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। कलश यात्रा प्रखंड मुख्यालय से निकलकर विद्यापतिधाम स्मारक चौक, स्टेशन चौक सहित नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान यात्रा में शामिल लोगों ने सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और समानता का संदेश दिया। यात्रा के दौरान क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बना रहा।कलश लेकर यात्रा में शोभा कुमारी, मंजू कुमारी, पार्वती देवी, प्रमिता कुमारी, रंजू देवी एवं अमरीका कुमारी शामिल रहीं। महिलाओं ने पूरे नगर का भ्रमण करते हुए समरसता और सामाजिक एकजुटता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।यात्रा के दौरान लोगों ने संत रविदास के विचारों और उनके बताए समानता एवं सामाजिक सद्भाव के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि संत रविदास ने समाज में व्याप्त भेदभाव को दूर कर मानव मात्र की समानता और भाईचारे का संदेश दिया था। उनकी 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित यह अभियान समाज में समरसता की भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। नगर भ्रमण के बाद कलश यात्रा पुनः प्रखंड मुख्यालय पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। इस अवसर पर बीपीआरओ बंटी कुमारी, लालबाबू सिंह, रामकुमार राम, राजकुमार राम, संजीव कुमार, बिजेंद्र सदा, धर्मेंद्र कुमार, नगीना राम, सुधीर सदा एवं स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही।



हरी झंडी दिखाते बीडीओ

## संक्षिप्त खबरें

### परकौली पंचायत रणाटोल के रोशन यादव की जेल में मौत भाकपा माले ने की न्यायिक जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**बेनीपट्टी, (एनएसबी)**।मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखंड अंतर्गत परकौली पंचायत के रणाटोल गांव निवासी रोशन यादव की जेल में मौत की खबर से पूरे क्षेत्र में आक्रोश है। प्रशासन ने परिजनों को बताया कि रोशन ने जेल में फांसी लगा ली। घटना के बाद भाकपा माले का प्रतिनिधिमंडल आज पीड़ित परिवार से मिला। प्रतिनिधिमंडल में जिला सचिव *ध्रुव नारायण कर्ण*, बेनीपट्टी प्रखंड सचिव *श्याम पंडित* एवं भाकपा माले युवा नेता *अजीत ठाकुर* शामिल थे। टीम ने बिना शोर-शराबा के घर जाकर मामले की वास्तविकता की जानकारी प्राप्त की।परिजनों ने बताया कि रोशन की जेल में हत्या की गई है। मृतक की मां के बयान के अनुसार ललित यादव और मिथिलेश यादव* का इस हत्या में अहम रोल है।

### तीन माह से नहीं मिला शिक्षकों को वेतन, शिक्षकों में आक्रोश

**खजौली (एनएसबी)**।प्रखंड में कार्यरत एसएसए (सर्व शिक्षा अभियान) मद से आच्छादित शिक्षकों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों में आक्रोश है। शिक्षकों ने लंबित वेतन का भुगतान जल्द करने की मांग सरकार से की है। वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों के परिवार के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। शिक्षकों का कहना है कि लगातार तीन महीने से वेतन नहीं मिलने से परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई, मकान का किराया, बैंक से लिए गए ऋण की किस्त समेत रोजमर्रा के जरूरी खर्चों का भुगतान प्रभावित हो रहा है। कई शिक्षक आर्थिक तंगी के कारण उधार लेकर परिवार का खर्च चलाने को मजबूर हैं। शिक्षकों ने बताया कि वे नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि एक ओर महंगाई लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर वेतन के लिए महीनों इंतजार करना पड़ रहा है। आक्रोशित शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द लंबित वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो वे लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### गजहरा पंचायत में डाकघर नियमित संचालित कराने की मांग, मुखिया ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**लदनियां (एनएसबी)**।प्रखंड की गजहरा पंचायत के मुखिया लीला देवी ने जिला पदाधिकारी आनंद कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपकर पंचायत में डाकघर का नियमित संचालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। मुखिया ने ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों को डाक विभाग की सेवाओं का समुचित लाभ नहीं मिलने की समस्या से डीएम को अवगत कराया।मुखिया लीला देवी ने बताया कि गजहरा पंचायत स्थित डाकघर पिछले करीब पांच वर्षों से नियमित रूप से संचालित नहीं हो रहा है। आरोप है कि डाकघर का अधिकांश कार्य घुटौना डाकघर से संचालित किया जा रहा है। इसके कारण गजहरा पंचायत के ग्रामीणों को डाक विभाग से जुड़ी आवश्यक सेवाओं के लिए दूसरे स्थान पर जाना पड़ता है।उन्होंने कहा कि डाकघर को नियमित रूप से संचालित कराने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा पूर्व में भी विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया था, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने डाकघर को पंचायत में ही नियमित रूप से संचालित कराने की मांग की है।इस संबंध में जिला डाक अधीक्षक से पूछे जाने पर बताया गया कि आवेदन के संबंध में जानकारी नहीं है, फिर भी जिला पदाधिकारी से प्राप्त परिवाद को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डाक विभाग के द्वारा पंचायत में डाक सेवा के लिए मात्र चार घंटे का समय है,उसी निर्धारित समय में डाक लाना, वितरण करना एवं डाकघर में उपस्थिति दर्ज कराना भी है। वैसे फुलपरास डाक निरीक्षक से जांच करा कर विधिसम्मत कार्रवाई किया जाएगा।

### जी राम जी पर हुई कार्यशाला. मनरेगा के नए प्रावधानों की दी गई जानकारी.



**बिस्फी (एनएसबी)**। टीपीसी भवन के सभागार में पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी के लिए बीबी जी राम जी विकसित भारत गारंटी फॉर योजना एंड आजीविका मिशन ग्रामीण योजना को लेकर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख रीता कुमारी, बीडीओ बसंत कुमार सिंह, कार्यक्रम पदाधिकारी मनोरंजन कुमार रंजन, जिला पार्षद सदस्य तजीमुद्दीन एवं जियाउद्दीन ने दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यशाला में मनरेगा के स्थान पर सरकार द्वारा लाई गई नई योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई. कार्यक्रम पदाधिकारी मनोरंजन कुमार रंजन ने योजना के विभिन्न प्रावधानों और उसके क्रियान्वयन की जानकारी दी. कहा कि 1 जुलाई 2026 से देश भर में मनरेगा का नया स्वरूप जी राम जी लागू किया गया है. नई व्यवस्था के तहत 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है. इच्छुक मजदूर आवेदन कर सकते हैं. उन्हें निकटतम पंचायत में काम प्राप्त होंगे. समय पर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो उन्हें नियमानुसार बेरोजगारी भत्ता भी दी जाएगी. योजना के तहत मजदूरी दर 255 रुपए से बढ़कर 300 सौ कर दी गई है. योजना के संचालन में केंद्र और राज्य सरकार की भागीदारी निर्धारित की गई है. जी राम जी अधिनियम के उद्देश्य इनकी मुख्य बातें और जनप्रतिनिधियों की भूमिका और जिम्मेदारियां. रोजगार गारंटी कार्ड बनाने के साथ योजना बनाने, उसे पूरा करने, निगरानी करने, रखरखाव करने के साथ काम में पारदर्शिता, शिकायतों का समाधान, सामाजिक जवाबदेही सहित कई बिंदुओं पर विस्तार से बताया गया.

### अवैध देशी कट्टा एवं मोबाईल के साथ 03 विधि विरुद्ध बालक निरुद्ध

**मधुबनी (एनएसबी)**।वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुऐ बताया है की 19 अगस्त की रात्रि समय करीब 02:00 बजे थानाध्यक्ष, अररिया संग्राम थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि अररिया संग्राम थाना अन्तर्गत ग्राम खड़ौआ के तीन युवक अपने पास कट्टा रखे हुए हैं तथा चौक-चौराहे पर लोगों को कट्टा दिखाकर डराते / धमकाते हैं। उक्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए प्राप्त निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष, अररिया संग्राम थाना पुलिस बल के साथ रवाना हुए तथा समय करीब 02:30 बजे ग्राम खड़ौआ पहुंचकर सशस्त्र चौकीदार के सहयोग से संदेहास्पद लड़कों से पूछताछ की गई एवं मोबाईल की जांच की गई, जिसमें हथियार के साथ उनका फोटो प्राप्त हुआ। तदोपरांत पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ के उपरांत उनकी निशानदेही पर घर के पीछे अंकित्त में छिपाकर रखा गया 01 अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया। साथ ही हथियार के साथ फोटो वाला एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी विधिवत जब्त किया गया। तीनों के नाबालिग होने के कारण तत्काल बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी के समक्ष तीनों विधि विरुद्ध बालकों को नियमानुसार निरुद्ध किया गया तथा उनके परिजनों को विधिवत सूचित किया गया। इस संदर्भ में अररिया संग्राम थाना द्वारा सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### जयनगर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की बदहाली,

**जयनगर (एनएसबी)**।जयनगर रेलवे स्टेशन परिसर में रेल यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए दो ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन में से एक मशीन खराब पड़ी है, जबकि दूसरी मशीन चालू हालत में होने के बावजूद यात्रियों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। दोनों मशीनों पर कार्यरत टेंडर स्टाफ की अनुपस्थिति के कारण यात्रियों को टिकट लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मशीनों के माध्यम से आसानी से अनारक्षित टिकट प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, लेकिन स्टाफ के नहीं रहने से यात्री अनारक्षित टिकट काउंटर की ओर जाने को मजबूर हैं। टिकट काउंटर पर यात्रियों की भीड़ बढ़ने के कारण महिला एवं पुरुष यात्रियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। इससे यात्रियों को परेशानी के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी चिंता भी बनी हुई है। हैरानी की बात यह है कि जयनगर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ एवं जीआरपी की पोस्ट मौजूद है, बावजूद इसके टिकट काउंटर के आसपास भीड़ के समय सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस जवान की मौजूदगी नहीं दिखाई देती है।इस संबंध में स्टेशन के सीएस राम यस राय से बातचीत की गई। उन्होंने बताया कि वे फिलहाल छुट्टी पर हैं, लेकिन मामले की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक स्थिति का पता करते हैं।रेल यात्रियों ने रेलवे के संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि खराब मशीन को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए तथा दोनों मशीनों पर निर्धारित टेंडर स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

# नरेन्द्र मोदी जी की मासिक कार्यक्रम मन की बात सभी कार्यकर्ता सुनकर सरल एप पर लोड करें :धनराज शर्मा




संबोधन करते भाजपा नेता

**मधुबनी (एनएसबी)**।भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के सभागार में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभाशूं झा जी की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों, मंच-मोर्चा के जिला अध्यक्ष और संयोजक की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस संगठनात्मक बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा और भाजपा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता जी को भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभाशूं झा जी द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा जी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मासिक कार्यक्रम मन की बात सभी कार्यकर्ता सुनकर सरल एप पर लोड करें । जिला और मंडल अध्यक्षों मासिक बैठक, शक्ति केन्द्रों की बैठक सहित संगठन की आगामी कार्यक्रम पर बृहद रूप से बैठक में चर्चा की गई। प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता जी ने कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की उपलब्धियों को गांव गांव तक जाकर बतलाएँ। बैठक में जिला महामंत्री रंजीत यादव, सुबोध चौधरी, सरोज सिंह, जिला मिडिया प्रभारी मनोज कुमार मुन्ना, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह, सतीश ठाकुर, राधा देवी, राम सकल यादव, संतोष भगत, शिव शंकर पाण्डेय, प्रंशात ठाकुर, जिला मंत्री दीप्ति राउत, पंकज सिंह राठौड़, रितु मंडल, आई टी सेल जिला संयोजक आदित्य झा कार्यालय मंत्री कन्हैया साह, अजय भगत, चंदन पासवान, चन्द्र वीर यादव, गिरधारी झा, नवल झा, गोपाल चौपाल, अजय चौपाल सहित अन्य नेतागण शामिल थे। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 650 वीं पावन पर्व जंयती के अवसर पर जागरूक कलश यात्रा में जनप्रतिनिधियों और पाटी पदाधिकारियों को सूचना नहीं दिया गया। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और जनप्रतिनिधियों के सम्मान से जुड़ा हुआ विषय है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित अथवा प्रशासन के सहयोग से किसी भी महत्वपूर्ण सार्वजनिक कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को समय पर सूचना देना लोकतांत्रिक मयार्दा और आपसी संबंध की दृष्टि से आवश्यक है। जिला पदाधिकारी से स्पष्ट करना चाहता है कि आखिर किन किन कारणों से जिले के जनप्रतिनिधियों को इस कार्यक्रम की दो सूचना नहीं दी गई क्या प्रशासन की ओर से कोई लिखित सूचना भेजी गई थी यदि भेजी गई थी कि किन-किन जनप्रतिनिधियों को सूचना दे दी गई थी कब भेजी गई। हमारा उद्देश्य किसी व्यक्ति का अपमान करना नहीं है बल्कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर संबंध में और लोकतांत्रिक व्यवस्था की गरिमा बनाए रखना है। जिला पदाधिकारी महोदय से मांग करते हैं इस मामले में पूरी तरह से स्पष्ट की जाए और भविष्य में जिले के किसी भी महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रम में सभी संबंधित जनप्रतिनिधियों को समय पर विधिवत रूप से सूचना और आमंत्रण सुनिश्चित किया जाए । संत गुरु रविदास महाराज जी का संदेश सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारा का संदेश है ऐसे अवसर पर किसी भी जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में अनभिज्ञ रह जाना उचित नहीं है। प्रेस वार्ता में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के जिला संयोजक सुबोध चौधरी जिला उपाध्यक्ष सतीश ठाकुर,राधा देवी, जिला मीडिया प्रभारी मनोज कुमार मुन्ना , जिला अतिपिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय भगत, जिला अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंदन पासवान, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्रवीर यादव शामिल थे

# समीक्षा बैठक, में सहयोग शिविरों व राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम की प्रगति पर चर्चा



बैठक करते एडीएम

**मधुबनी (एनएसबी)**।जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता, आपदा संतोष कुमार की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को वर्चुअल माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ सहयोग पोर्टल, सहयोग शिविर तथा राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए उनका शीघ्र निष्पादन किया जाए, ताकि आमजनों को योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ ससमय उपलब्ध कराया जा सके।अपर समाहर्ता, आपदा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविरों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, शिविरों में प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति नियमित रूप से पोर्टल पर दर्ज करने का निर्देश दिया गया। राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक आवेदन की गहन जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूर्ण की जाए। जिन मामलों में विभागीय स्तर पर कार्रवाई अपेक्षित है, उनमें संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर निष्पादन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। बैठक में अन्य विभागीय कार्यों एवं लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। अपर समाहर्ता, आपदा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों के निष्पादन में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन से संबंधित मामलों के निष्पादन में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए तथा प्रत्येक स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। साप्ताहिक समीक्षा बैठक के एजेंडे में कोषागार, जिला नीलाम पत्र शाखा, जिला विधि शाखा, जिला लोक सूचना कोषांग, लोक शिकायत निवारण एवं अनुश्रवण प्रणाली, कृषि कार्यालय, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल तथा अन्य विभागों से संबंधित साप्ताहिक प्रतिवेदनों की समीक्षा भी की गई। उक्त अवसर पर सभी कार्यालय के पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़कर उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभुकों को स्वीकृति पत्र

## शुभकामना पत्र एवं सांकेतिक चाबी का वितरण



लाभार्थी को चाबी देते

**मधुबनी (एनएसबी)**। ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में आज पटना स्थित बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार श्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री, बिहार श्री सम्राट चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभुकों को स्वीकृति पत्र तथा आवास पूर्ण कर चुके लाभुकों को शुभकामना पत्र एवं आवास की चाबी वितरित की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण राज्य के सभी जिलों एवं प्रखंडों में किया गया। इसी क्रम में मधुबनी जिले में भी जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा पौधे में जल अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी महोदय एवं उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा जिले के 5 लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के स्वीकृति पत्र तथा आवास पूर्ण कर चुके 5 लाभुकों को शुभकामना पत्र एवं सांकेतिक चाबी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लाभुकों एवं पदाधिकारियों ने पटना में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा तथा माननीय मुख्यमंत्री, बिहार एवं माननीय ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार का संबोधन सुना। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत पात्र लाभुकों को समयबद्ध तरीके से आवास का लाभ उपलब्ध कराने तथा आवास निर्माण पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन श्री सैयद सरफराजुद्दीन अहमद, लेखा पदाधिकारी श्री बालकृष्ण चौधरी, श्री संतोष कुमार सिंह, श्री हरेंद्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# महीने के चौथे मंगलवार को लगेगा विद्यार्थी सहयोग शिविर, डीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

**मधुबनी(एनएसबी)**।जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से ह्यविद्यार्थी सहयोग शिविरह्व कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को शिविर के सफल एवं प्रभावी आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



विदित हो कि ह्यविद्यार्थी सहयोग शिविरह्व का आयोजन प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को जिले के विद्यालयों एवं छात्रावासों में किया जाना है। इस पहल की शुरूआत 17 अगस्त 2026 को माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा की गई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं छात्रावास से संबंधित समस्याओं की पहचान कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम के तहत विद्यालयों एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना जाएगा तथा प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा जाएगा। विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए 30 दिनों के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी सहयोग शिविर विद्यार्थियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुनने और उनके समाधान की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर के दौरान प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में अधिकारियों को विद्यालयों एवं छात्रावासों में शिविर के आयोजन, विद्यार्थियों की सहभागिता, शिकायतों के संधारण एवं उनके अनुश्रवण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# संघ ने 20 अगस्त से 26 अगस्त तक काला बिल्ला लगाकर सांकेतिक विरोध

## मधुबनी में आपूर्ति सेवा संघ ने आंदोलन का किया ऐलान, 20 से 26 अगस्त तक काला बिल्ला लगाकर करेंगे विरोध



काला बिला लगाकर कार्यालय में बैठे

**मधुबनी(एनएसबी)**। बिहार आपूर्ति सेवा संघ ने विभागीय उदासीनता और अधिकारियों पर कथित अमानवीय दबाव के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। संघ ने 20 अगस्त से 26 अगस्त तक काला बिल्ला लगाकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी लंबित मांगों पर तत्काल लिखित निर्णय नहीं लिया गया, तो पहले सामूहिक अवकाश और उसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।संघ का कहना है कि प्रखंड स्तर के आपूर्ति पदाधिकारियों पर पर्याप्त संसाधनों के बिना 11 लाख से अधिक नए राशन कार्ड बनाने का असंभव लक्ष्य थोप दिया गया है। संघ के अनुसार यह आंदोलन किसी टकराव के लिए नहीं, बल्कि अधिकारियों के अस्तित्व और जनहित की रक्षा के लिए किया जा रहा है।मधुबनी जिला अध्यक्ष बिपिन अंशु, जिला सचिव रोहित रंजन झा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी दीपक कुमार, जिला एसएफसी पदाधिकारी अजीतेंद्र कुमार, रहिका प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सोनाली सिंह समेत जिला संघ के सभी सदस्यों ने संघ के आह्वान के अनुरूप आंदोलन के कार्यक्रम का समर्थन किया है। संघ के अध्यक्ष श्रीराम मिश्रा, प्रदीप कुमार सहनी, महासचिव उमेश कुमार तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री सन्नी कुमार दिवाकर ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि संघ ने अपनी मांगों से मुख्य सचिव तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री को पत्रांक 44 और 45 के माध्यम से अवगत कराया है।

### 30 दिन की वैधानिक समय-सीमा पर उठाए सवाल

संघ ने राशन कार्ड जारी करने की समय-सीमा को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। संघ का कहना है कि लोक सेवा के अधिकार अधिनियम के तहत नया राशन कार्ड 30 दिनों के भीतर जारी किया जाना चाहिए, लेकिन विभागीय पत्रांक 4038, दिनांक 19 जुलाई 2026 में स्थलीय जांच के लिए मात्र ळ+1 दिन, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी की जांच के लिए ळ+2 दिन और अनुमंडल पदाधिकारी के निर्णय के लिए ळ+3 दिन निर्धारित किए गए हैं। संघ का आरोप है कि एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से कानून में निर्धारित समय-सीमा को बदला नहीं जा सकता। पदाधिकारियों के अनुसार 19 अपवर्जन मानकों की जांच एक दिन में करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। लक्ष्य पूरा नहीं करने पर अधिकारियों को कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है और जल्दबाजी में किसी अपात्र व्यक्ति का राशन कार्ड बन जाने पर भी जिम्मेदारी अधिकारियों पर ही तय होगी। इससे पदाधिकारी गंभीर दुविधा में हैं।

### 11 लाख से अधिक राशन कार्ड का लक्ष्य

संघ के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत शेष सीलिंग 46,93,806 को 4.25 के औसत परिवार आकार से विभाजित कर 11,04,425 नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संघ का दावा है कि यह लक्ष्य किसी ताजा सर्वेक्षण या क्षेत्रीय रिपोर्ट पर आधारित नहीं है, बल्कि करीब 15 वर्ष पुराने जनगणना संबंधी आंकड़ों के अनुमान पर आधारित है।

संघ का कहना है कि पलायन, मृत्यु और आर्थिक स्थिति में सुधार के कारण बड़ी संख्या में परिवार अब अपवर्जन की श्रेणी में आ चुके हैं। इसके बावजूद अधिकारियों पर दबाव बनाकर नए राशन कार्ड जारी कराने का प्रयास किया जा रहा है। इससे न केवल अधिकारियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है, बल्कि पात्र लाभार्थियों के लिए भी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

### संसाधनों के अभाव में काम का दबाव

संघ ने आरोप लगाया कि राशन कार्ड अभियान के लिए पर्याप्त मानव बल, कंप्यूटर, स्कैनर, वाहन और बजट उपलब्ध नहीं कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार प्रति राशन कार्ड करीब 250 से 300 रुपये तक का प्रिंटिंग खर्च और वाहन भाड़ा कई बार उन्हें अपने वेतन से वहन करना पड़ रहा है। संघ का आरोप है कि अधिकारियों से रात 1 से 2 बजे तक तथा छुट्टियों के दिनों में भी काम लिया जा रहा है। इसके बावजूद उन्हें भोजन या अल्पाहार भत्ता तथा क्षतिपूर्ति अवकाश नहीं दिया जाता है। विभागीय पत्रांक 4519, दिनांक 5 अगस्त 2026 का हवाला देते हुए संघ ने कहा कि राशन कार्ड पोर्टल में तकनीकी समस्या बनी हुई है। संघ के अनुसार 25 दिनों में मात्र 21,150 आवेदन और करीब 2,500 राशन कार्ड ही तैयार हो सके हैं। इसके बावजूद पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है।

### वेतन कटौती और निलंबन पर भी जताई नाराजगी

संघ ने आरोप लगाया कि 17 जुलाई 2026 को मोबाइल फोन पर कॉल रिसीव नहीं होने और जीपीएस लोकेशन उपलब्ध नहीं होने के कारण दर्जनों प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों और आपूर्ति निरीक्षकों का एक दिन का वेतन काट दिया गया। संघ के अनुसार उस दिन कई अधिकारी क्षेत्र में कार्यरत थे या बैठकों में व्यस्त थे। कॉल बैक करने पर नंबर व्यस्त मिलने की स्थिति में अधिकारियों ने साक्ष्य के साथ स्पष्टीकरण भी दिया, लेकिन इसके बावजूद वेतन कटौती वापस नहीं की गई।संघ ने ह्यजीरो ऑफिस डेह्व अभियान के दौरान सात आपूर्ति पदाधिकारियों के निलंबन का भी विरोध किया। संघ का कहना है कि खराब गुणवत्ता वाला खाद्यान्न टीपीडीएस गोदाम से आया था, जिस पर संबंधित पदाधिकारियों का कोई नियंत्रण नहीं था।

### संघ ने रखीं 10 सूत्री मांगें

बिहार आपूर्ति सेवा संघ ने सरकार के समक्ष 10 सूत्री मांगें रखी हैं। इनमें प्रत्येक प्रखंड को विभागीय वाहन अथवा समुचित मासिक वाहन भाड़ा उपलब्ध कराना, प्रखंड आपूर्ति कार्यालयों में कुर्सी, टेबल, अलमारी, कंप्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर, लैपटॉप, मोबाइल और इंटरनेट जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा राशन कार्ड मद में पर्याप्त बजट आवंटित करना प्रमुख है। संघ ने मौखिक आदेशों के बजाय लिखित आदेश के आधार पर कार्य कराने की भी मांग की है।

संघ ने प्रथम प्रोन्नति के समय आपूर्ति निरीक्षकों को पे-लेवल 8 के स्थान पर लेवल 9 देने, विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक बुलाकर करीब 200 रिक्त पदों पर उच्चतर प्रभार देने की मांग की है। संघ का कहना है कि पिछले दो वर्ष नौ महीने से एक भी प्रोन्नति नहीं हुई है।

संघ ने संवर्ग पुनर्गठन कर नई नियमावली बनाने तथा अधिकारियों के स्थान पर डाटा एंट्री ऑपरेटर, लिपिक और अनुसेवक के पदों पर नियुक्ति करने की मांग भी रखी है। विभागीय पत्रांक 2291, दिनांक 15 अप्रैल 2010 के अनुसार प्रत्येक प्रखंड को दो कमरे, दो सहायक और दो अनुसेवक उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसके अलावा आपूर्ति निरीक्षक के पदनाम को बदलकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी करने, उन्हें राजपत्रित पदाधिकारी घोषित कर डीडीओ की शक्ति प्रदान करने की मांग की गई है। संघ ने टीपीडीएस नियंत्रण आदेश 2016 में संशोधन कर एमओ और आपूर्ति निरीक्षक को कारण-पृच्छा, आवंटन अनुशंसा और अनुज्ञप्ति निलंबन की शक्ति देने तथा आवंटन के लिए मानक फार्मूला निर्धारित करने की मांग की है।

संघ ने कार्यालय अवधि के बाद काम कराने पर भोजन या अल्पाहार की व्यवस्था तथा छुट्टी के दिन कार्य लेने पर क्षतिपूर्ति अवकाश देने की मांग की है। साथ ही मानक कार्य घंटे निर्धारित करने, राशन कार्ड अभियान के लिए अतिरिक्त मानव बल और संसाधन उपलब्ध कराने तथा तकनीकी विफलता के लिए अधिकारियों को दंडित नहीं करने की मांग की गई है।

विकास और मंजूर खान के साथ मिलकर हथियारों की तस्करी कर रहा था भैरव त्रिपाठी

# मुजफ्फरपुर एके–47 जब्ती मामले में एनआईए की बड़ी कार्रवाई, आठ मामलों का आरोपी भैरव त्रिपाठी गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन से AK-47 बरामदगी मामले में एनआईए ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एसटीएफ और स्थानीय पुलिस के सहयोग से एक और आरोपी साहेबगंज थाना क्षेत्र के अहियापुर निवासी भैरव त्रिपाठी को ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट और मादक पदार्थ तस्करी समेत आठ मामले दर्ज हैं।

बताया गया है कि भैरव त्रिपाठी इस मामले में पिछले दो वर्षों से फरार चल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर AK-47 के साथ पकड़े गए आरोपियों के तार खंगालते हुए एनआईए ने गुरुवार को ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र से भैरव त्रिपाठी को 'गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद एनआईए और अन्य केंद्रीय एजेंसियां उससे गहन पूछताछ कर रही हैं। इस मामले में एनआईए अब भैरव से हथियारों की खरीद-बिक्री, फंडिंग के अलावा उसके गिरोह और नेटवर्क के अन्य सदस्यों



आरोपी को गिरफ्तार कर ले जाती एनआईए की टीम।

के बारे में जानकारी जुटा रही है। ज्ञात हो कि 5 जुलाई 2024 को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुजफ्फरपुर जंक्शन से विकास कुमार और सत्यम कुमार को AK-47 के लेंस और बट के साथ गिरफ्तार किया था। इस दौरान पूछताछ में दोनों ने बताया था कि वे दीमापुर से हथियारों की खेप लाकर बिहार में बेचते हैं। इसमें पता चला था कि दीमापुर में पूर्वी चंपारण के मधुबन निवासी मोहम्मद अहमद अंसारी उन्हें AK-47 और अन्य विदेशी हथियारों की आपूर्ति करता था। जांच में पता चला था कि विकास ने हाल ही में फकुली थाना क्षेत्र के मनकौली निवासी मुखिया के पुत्र देवमनी कुमार को एक AK-47 बेची थी। इसके बाद पुलिस ने मुखिया के घर छापेमारी की थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई थी कि खरीदा गया AK-47 को मनकौली श्मशान घाट में छिपाकर रखा गया है।

इसके बाद पुलिस ने एक AK-47 और पांच जिंदा कारतूस बरामद की थी। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए अगस्त 2024 में पुलिस ने केस एनआईए को सौंप दिया था। एनआईए तब से इस हथियार तस्करी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की जांच कर रही है। इस मामले में एनआईए अबतक 6 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें मिठनपुरा के तीनकोठिया मोहल्ले के मंजूर खान, मनकौली के देवमनी कुमार, जैतपुर के पोखरैरा निवासी विकास कुमार, वैशाली जिले के हाजीपुर अनजान पीर निवासी सत्यम कुमार और मधुबन के अहमद अंसारी शामिल हैं।

इस मामले में एनआईए ने खुफिया इनपुट के आधार पर ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले से भैरव त्रिपाठी को स्थानीय पुलिस और एसटीएफ के सहयोग से दबोचा। जांच के दौरान सामने आया कि भैरव त्रिपाठी, विकास और मंजूर खान के साथ मिलकर हथियारों की तस्करी कर रहा था। इस दौरान वह दीमापुर से आने वाले हथियारों को बिहार के विभिन्न जिलों में सप्लाई करने में मदद करता था। जांच में यह बात भी सामने आई है कि भैरव त्रिपाठी के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट और मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामलों में अलग-अलग थानों में आठ केस दर्ज हैं। वह पुलिस को लंबे समय से चकमा देकर अबतक फरार चल रहा था।

## शैक्षणिक माहौल बिगाड़ने के आरोप में विशिष्ट शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के गायघाट प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय गयासुद्दीनपुर पूर्वी टोला के विशिष्ट शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक मो. मिर्जा गालिब को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई विद्यालय की एक शिक्षिका के प्रति गलत निगाह रखने, शैक्षणिक माहौल को प्रभावित करने, अभिभावकों को कथित तौर पर धमकाने तथा विभागीय निदेर्शों के अनुपालन में लापरवाही के आरोपों के बाद की गई है।


निलंबित विशिष्ट शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक मो मिर्जा गालिब।

जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से 19 अगस्त 2026 को जारी आदेश के अनुसार, 29 जुलाई 2026 को विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर प्राप्त शिकायत के आधार पर जांच कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि शिक्षक द्वारा विद्यालय में नियमित रूप से भय का माहौल बनाया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने शिक्षक पर मारपीट की कोशिश और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया था। मामले में पुलिस से सहायता लिए जाने की बात भी सामने आई। आदेश में कहा गया है कि संबंधित शिक्षक के कथित व्यवहार का विद्यालय के शैक्षणिक माहौल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था और विद्यार्थियों की उपस्थिति में भी कमी आ रही थी। अभिभावकों से बातचीत के दौरान भी विद्यालय में बच्चों को भय का माहौल होने की बात सामने आने का उल्लेख आदेश में किया गया है।

इस मामले में कार्यालय पत्रांक 3911 दिनांक 12 अगस्त 2026 के माध्यम से संबंधित शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा गया था। शिक्षक की ओर से 14 अगस्त को स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया, जिसे विभाग ने संतोषप्रद नहीं पाया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 एवं संशोधित नियमावली 2024 के प्रावधानों के तहत शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के अधीन कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुजनी कला में शामिल होकर लीचीपुरम आर्ट अपने लक्ष्य तक पहुंचने में होगा सफल : सुरेश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर की पहचान शाही लीची की मिठास से है और अब इसी पहचान को स्थानीय कला, हुनर और रोजगार से जोड़ते हुए लीचीपुरम सांस्कृतिक पुनर्जागरण अभियान लगातार नई पहल कर रहा है। पर्यावरणविद एवं अभियान के संस्थापक सुरेश गुप्ता की पहल पर सुजनी कला विशेषज्ञ विनीता सिंह ने लीचीपुरम आर्ट को सुजनी कला में शामिल करते हुए लीचीपुरम आर्ट से बहुत हीं आकर्षक सुजनी तैयार की है, जिसमें मुजफ्फरपुर की सांस्कृतिक पहचान और स्थानीय हुनर का सुंदर समावेश स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। सुधा हस्त उद्योग की संस्थापक विनीता सिंह ने बीपीएससी शिक्षक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद नौकरी छोड़कर कला और हस्तशिल्प को अपनाया है और वर्तमान में वे सुजनी कला, कोच्चि कला और कैंडल वर्क के जरिए स्थानीय कलाकारों और हस्तशिल्प को एक नई पहचान देने का सराहनीय प्रयास कर रही हैं। विनीता सिंह द्वारा तैयार की गई खूबसूरत लीचीपुरम आर्ट सुजनी शॉल में लीची की मिठास और मीठी मुस्कान के भाव को बेहद खूबसूरती से पिरोया गया है। यह शॉल महज एक कलात्मक उत्पाद नहीं, बल्कि मुजफ्फरपुर की मिट्टी, यहां की कला और हुनरमंद हाथों के प्रति सम्मान का प्रतीक है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। लीचीपुरम अभियान के प्रमुख सुरेश गुप्ता ने विनीता सिंह की सुजनी कला में लीचीपुरम आर्ट का प्रयोग कर तैयार की गईं सुजनी की सराहना करते कहा कि इन्होने लीचीपुरम आर्ट को सुजनी कला में शामिल कर अभियान को न केवल एक मुकाम दिया है, बल्कि लीचीपुरम अभियान के उद्देश्य को लक्ष्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि लीचीपुरम अभियान का उद्देश्य भी यही है कि स्थानीय उत्पादों को अपनाकर हम कलाकारों के हुनर को प्रोत्साहन दें, रोजगार के अवसर बढ़ाएं और अपनी पहचान को देश-दुनिया तक पहुंचाएं। सचमुच, ह्लोकल प्राइडझ्ग्लोबल राइडह्व की सोच को साकार करने वाली ऐसी पहल मुजफ्फरपुर की सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई देने का काम कर रही है। लीची बचाने, स्थानीय कला अपनाने, रोजगार बढ़ाने और मीठी मुस्कान फैलाने की यह पहल निश्चित रूप से सराहना की हकदार है।


सुजनी कला से लीचीपुरम आर्ट को जोड़कर तैयार की गई सुजनी और शॉल का अवलोकन करते अभियान के संस्थापक।

**लीचीपुरम सांस्कृतिक पुनर्जागरण अभियान का एक महत्वपूर्ण और आकर्षक हिस्सा बनकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही सुजनी कला**

### 9 वर्षो से फरार टॉप-10 अपराधी राजेश भगत पटना से गिरफ्तार, दिल्ली भागने की थी तैयारी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार एसटीएफ की विशेष टीम ने मुजफ्फरपुर जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों में शामिल राजेश भगत को पटना से गिरफ्तार किया है। वह करीब नौ साल से लूटपाट के एक मामले में फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे पटना रेलवे स्टेशन के समीप



कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।

से गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। बताया गया कि राजेश भगत दिल्ली भागने की फिराक में था। इसी दौरान एसटीएफ को उसके पटना पहुंचने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर टीम ने पटना रेलवे स्टेशन के आसपास कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया। गिरफ्तार राजेश भगत मूल रूप से बोचहा थाना क्षेत्र के सनाथी गांव, मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। उसके खिलाफ कुढ़नी थाना में वर्ष 2017 में लूटपाट का मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। लंबे समय से गिरफ्तारी नहीं होने के कारण उसका नाम मुजफ्फरपुर जिले के टॉप-10 वांछित बदमाशों की सूची में शामिल किया गया था। गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ की टीम उससे पूछताछ कर रही है।

### राजीव गांधी की 82वीं जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 82वीं जयंती के अवसर पर पूर्वी जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक मैदान में जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। पूर्वी जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने कहा कि राजीव गांधी भारत के भविष्यद्रष्टा प्रधानमंत्री थे। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त कर गांवों के विकास में आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। वे महिलाओं को भी समान अधिकार और अवसर देने के प्रबल पक्षधर थे। जिला प्रवक्ता समीर कुमार ने कहा कि राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच ने भारत को संचार क्रांति के क्षेत्र में मजबूती प्रदान की और देश को आधुनिक तकनीक के माध्यम से 21वीं सदी में मजबूती से प्रवेश कराया।

# 10 लाख फिरौती के लिए कारोबारी किडनैप

## मुजफ्फरपुर पुलिस टीम ने 8 घंटे में उत्तर प्रदेश के बलिया से किया बरामद, 4 अपराधी गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मिठनपुरा थाना क्षेत्र के मिसकॉट गली से बुधवार को दिनदहाड़े मुर्गी फार्म कारोबारी चंदन कुमार का कार सवार अपहरणकर्ताओं ने अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद कारोबारी को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के हल्दी थाना क्षेत्र में ले जाकर एक खंडहरनुमा मकान में बंद रखा गया। फिर अपराधियों ने वीडियो कॉल के जरिए उनकी पत्नी को कारोबारी की पिटाई करते हुए दिखाया गया और उनकी रिहाई के बदले 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई।

स्थिति को देखते हुए व्यवसायी चंदन कुमार की पत्नी ने मामले की लिखित सुचना पुलिस को देते हुए अपराधियों के चंगुल से अपने पति को सकुशल मुक्त कराने की गुहार लगाई। वहीं घटना की सुचना मिलते ही एसएसपी


अपहृत कारोबारी की बरामदगी एवं चार अपराधियों की गिरफ्तारी की जानकारी देते सिटी एसपी।

कांतेश कुमार मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष पुलिस टीम के गठन का निर्देश दिया। सिटी एसपी मोहिल्बुला अंसारी के नेतृत्व में गठित इस विशेष टीम में टाउन डीएसपी वन सुरेश कुमार, मिठनपुरा थाना अध्यक्ष अजय कुमार और डीआईयू के इंस्पेक्टर अंजनी कुमार की टीम को शामिल किया गया था।

पुलिस ने वैज्ञानिक, तकनीकी और मानवीय जांच के आधार पर अपहरणकताओं के लोकेशन का पता लगाया और उत्तर प्रदेश पुलिस से संपर्क कर संयुक्त कार्रवाई शुरू की। इसके बाद पुलिस की गठित विशेष टीम ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के हल्दी थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापेमारी कर कारोबारी चंदन कुमार को घटना के महज 8 घंटों के अंदर सकुशल बरामद कर लिया। वहीं मामले में शामिल चार अपहरणकताओं को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियो की पहचान वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र निवासी सुरज कुमार उर्फ सुरज कुमार सिंह उर्फ सुरजभान सिंह, सारण जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र निवासी रौशन कुमार, उत्तर प्रदेश के कानपुर के पनकी थाना क्षेत्र निवासी गौरव सिंह और समस्तीपुर जिले के बंगरा थाना क्षेत्र निवासी अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। यह सभी जानकारी देते हुए सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि बुधवार को एक कार सवार चार अपराधियों द्वारा मुर्गी फार्म कारोबारी का अपहरण कर लिया गया था।

अब घटना के महज 8 घंटों के अंदर उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग से अपहृत कारोबारी को सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक वाहन और चार मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर अपहरण की पूरी साजिश और इसमें शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## मुजफ्फरपुर के पूर्व डीईओ अजय कुमार सिंह के ठिकानों पर ईओयू की छापेमारी के साथ ही उनके विवादों की चर्चा फिर तेज


पूर्व डीईओ अजय कुमार सिंह।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर के पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी और वर्तमान में बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड के उप निदेशक अजय कुमार सिंह के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई ने बड़ी कार्रवाई की है। आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने अजय कुमार सिंह से जुड़े तीन ठिकानों पर छापेमारी की है। इनमें पटना में दो और बेगूसराय में एक स्थान शामिल है। इस कार्रवाई के साथ ही मुजफ्फरपुर के डीईओ रहते हुए उनके भ्ष्टाचर्ार और घोटाले जैसे विवादों में फंसे रहने को लेकर चर्चा फिर से गर्म हो गई है। मुजफ्फरपुर के पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार सिंह का कार्यकाल विवादों से घिरा रहा था।

उन पर जनप्रतिनिधियों से विवाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ मारपीट और रिश्वतखोरी समेत कई आरोप लगाए गए थे। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि जांच के निष्कर्षों के आधार पर ही होगी।

मुजफ्फरपुर के कुढ़नी थाना क्षेत्र के एक माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आरोप लगाया था कि तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी ने समर्पित कार्य और उपस्थिति के नाम पर 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। आरोप के मुताबिक रिश्वत देने से इनकार करने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्टांप पैड से हमला किया, जबकि उनके सहयोगियों पर लोहे के माइक से मारपीट करने का आरोप लगाया गया था। घटना में दोनों पक्षों को चोट लगने की बात सामने आई थी। अजय कुमार सिंह के मुजफ्फरपुर में कार्यकाल के दौरान भाजपा विधायक अशोक सिंह के साथ भी विवाद सामने आया था। विधायक ने तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी पर उनके आवास पर पहुंचकर भुगतान को लेकर दबाव बनाने और धमकी देने का आरोप लगाया था। दूसरी ओर, विधायक के आरोपों को अजय कुमार सिंह ने खारिज किया था।विधायक ने यह भी आरोप लगाया था कि जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद स्थानीय ठेकेदारों के बकाया भुगतान से जुड़ी रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। मामले को लेकर विधान परिषद में भी सवाल उठाए गए थे।

## एनएच –139 फोरलेन निर्माण कार्य में तेजी लाने को ले जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिलाधिकारी कुमार गौरव ने गुरुवार को एनएच -139 के मनिकपुर-साहेबगंज खंड में फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाना तथा निर्माण के दौरान उत्पन्न हो रहे अवरोधों को दूर करना था।

एनएच-139 (मनिकपुर-साहेबगंज खंड) फोरलेन सड़क निर्माण के लिए जिले के 36 मौजों में राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 के तहत भूमि अर्जित की गई है। जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक एनएचएआई छपरा, सड़क निर्माण कंपनी के प्रतिनिधि, संबंधित अंचल अधिकारियों एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ पूरे आरेखन के अनुसार विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर अर्जित भूमि एवं निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि परियोजना के लिए कुल 183.96 हेक्टेयर भूमि अर्जित की गई है, जिसकी कुल प्राक्कलित राशि 413.02 करोड़ रुपये है। इसके विरुद्ध 403.38 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है, जबकि अबतक 332.03 करोड़ रुपये का वितरण किया जा चुका है। इस दौरान जिलाधिकारी ने आपसी विवाद एवं न्यायालय में लंबित मामलों के कारण रुके मुआवजा भुगतान की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी संबंधित पक्षों की सुनवाई के बाद भी सहमति नहीं बनने की स्थिति में राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 3एच(4) के तहत मामलों को व्यवहार न्यायालय में शीघ्र संदर्भित किया जाए। उन्होंने लंबित मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

मनिकपुर चौक के निरीक्षण के दौरान कुछ मकानों के अबतक नहीं हटाए जाने का मामला सामने आया। इस पर जिला पदाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को शीघ्र भुगतान की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि छूटे हुए मकानों का प्राक्कलन


फोरलेन निर्माण में अर्जित भूमि एवं स्थिति का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

अनुमोदन के लिए एनएचएआई को भेजा गया है तथा अनुमोदन प्राप्त होते ही भुगतान की कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि लंबित मुआवजे की राशि का शीघ्र भुगतान कराया जाए तथा विवाद की स्थिति में नियमानुसार मामलों को शीघ्र संबंधित न्यायालय को संदर्भित किया जाए, ताकि सड़क निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब न हो। निरीक्षण के उपरांत जिला पदाधिकारी ने पूरे आरेखन में भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर पाए गए गतिरोधों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने एसडीओ पश्चिमी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं संबंधित अंचल अधिकारियों को अधियाची पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर सभी बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि एनएच-139 फोरलेन परियोजना जिले के लिए महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजना है। इसलिए भूमि अर्जन, मुआवजा भुगतान अथवा अन्य किसी कारण से निर्माण कार्य बाधित न हो, इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# मुजफ्फरपुर में लापरवाह दो राजस्व कर्मियों पर गिरी गाज

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सरकारी कार्यों में लापरवाही, अनियमितता एवं नियमों की अनदेखी के मामले में जिलाधिकारी कुमार गौरव ने कड़ा रुख अपनाते हुए मुशहरी एवं मोतीपुर अंचल से जुड़े गंभीर मामलों में संबंधित दो राजस्व कर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी, निलंबन एवं विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।

मुशहरी अंचल अन्तर्गत मौजा महम्मदपुर काजी थाना नम्बर-344, खाता नम्बर-381, खेसरा नम्बर-144 (क,ख,ग,घ) से संबंधित दाखिल खारिज वाद संख्या-7393/2025-26 के लिए दिए गए वसीयतनामा तथा व्यवहार न्यायालय द्वारा सत्यापित सच्ची प्रतिलिपि पूर्णतः भिन्न रहने के संबंध में राजस्व कर्मचारी नागेंद्र कुमार ठाकुर द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति घोर शिथिलता, निष्क्रियता एवं विभागीय नियमों की अनदेखी करते हुए कार्य किया गया है एवं वसीयतनामा में भी छेड़छाड़ किया गया है। वर्तमान में आरोपी राजस्व कर्मचारी वीरेंद्र राम का स्थानान्तरण पूर्वी चम्पारण में हो गया है। इस



मामले की जानकारी देते डीएम कुमार गौरव।

स्थिति में आयुक्त तिरहुत प्रमंडल के आदेश के आलोक में जिला पदाधिकारी मुजफ्फरपुर ने समाहर्ता पूर्वी चम्पारण को पत्र निर्गत कर यथाशीघ्र वीरेन्द्र राम राजस्व कर्मचारी को निलंबन करने का

**डीएम ने निलंबित कर प्राथमिकी दर्ज करने के दिए निर्देश, होगी विभागीय कार्रवाई**

**मुशहरी अंचल के राजस्व कर्मचारी वीरेंद्र राम और मोतीपुर अंचल के नागेंद्र कुमार ठाकुर पर गिरी गाज**

अनुरोध किया है। वहीं, मोतीपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी नागेन्द्र कुमार ठाकुर के विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है। उनके विरुद्ध आरोप पत्र प्रपत्र-क गठित कर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, मुजफ्फरपुर को विभागीय कार्यवाही के संचालन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। यह मामला मोतीपुर अंचल अंतर्गत बियाडा (बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण) की 16.86 एकड़ भूमि की अवैध जमाबंदी कर उसे निजी व्यक्तियों को हस्तांतरित किए जाने से संबंधित है। सरकारी भूमि से जुड़े इस गंभीर मामले को जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए भूमि सुधार उप समाहर्ता, पूर्वी से प्राप्त पत्र एवं आरोप पत्र प्रपत्र-ह्यकह्ण के आलोक में विभागीय कार्रवाई संचालित करने का आदेश दिया है।

इसके लिए अपर समाहर्ता, विभागीय जांच को संचालन पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी को उपस्थापन पदाधिकारी नामित किया गया है। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही एवं भ्रष्ट आचरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं भूमि सुधार से जुड़े मामलों में पारदर्शिता, जवाबदेही और नियमों का अक्षरशः पालन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकारी भूमि एवं आम लोगों से जुड़े राजस्व मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सदर अस्पताल के चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों के बेहतर इलाज से मिली नई जिंदगी

# हादसे में घायल छात्रा शैलतू पांच दिन बाद स्वस्थ होकर लौटी घर, डीएम–सीएस का जताया आभार

आरके राजू/ दैनिक नवसंदेश ब्यूरो



सदर अस्पताल में इलाजरत सड़क दुर्घटना की शिकार स्कूली छात्रा शैलतू का हालचाल लेते सिविल सर्जन, अस्पताल प्रबंधक व अन्य।

**सीतामढ़ी।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल आठ वर्षीय स्कूली छात्रा शैलतू पांच दिन के इलाज के बाद बुधवार को पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट गई। सदर अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की तत्परता, बेहतर उपचार और निरंतर देखभाल से छात्रा को नई जिंदगी मिली। घर लौटते समय शैलतू के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

शैलतू बराही, परिहार स्थित एक सरकारी विद्यालय में पढ़ती है। वह 16 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित तिरंगा मानव श्रृंखला में शामिल होने गई थी। कार्यक्रम से लौटने के दौरान एक ऑटो ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट लगने के कारण वह बेहोश हो गई। हादसे के बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, परिहार में प्राथमिक उपचार दिया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया।

मामले की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी रिची पांडेय ने सिविल सर्जन डॉ. रवींद्र कुमार यादव को छात्रा के समुचित इलाज का निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने तत्काल सदर अस्पताल पहुंचकर बच्ची की स्थिति का जायजा लिया और स्वयं उसकी सीटी स्कैन जांच कराई। जांच में दाहिने फ्रंटल बोन में डिस्ट्रेस्ड फ्रैक्चर पाया गया, हालांकि मस्तिष्क के अंदर किसी प्रकार का रक्तस्राव नहीं था। चिकित्सकों ने बच्ची को तत्काल कंजर्वेटिव उपचार देते हुए पीआईसीयू में भर्ती किया। पीआईसीयू में चिकित्सकों और स्टाफ नर्सों की लगातार निगरानी एवं बेहतर उपचार के बाद छात्रा की हालत में तेजी से सुधार हुआ। पांच दिनों के उपचार के बाद वह पूरी तरह स्वस्थ हो गई और चिकित्सकों ने उसे घर जाने की अनुमति दे दी।

बताया गया कि इस सड़क दुर्घटना में कुल 10 स्कूली बच्चे घायल हुए थे। इनमें चार बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जबकि छह बच्चों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। इनमें शैलतू को सिर में गंभीर चोट लगी थी और उसकी स्थिति पर चिकित्सकों ने विशेष निगरानी रखी।

इधर, शैलतू के परिजनों ने जिलाधिकारी और सिविल सर्जन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद उन्हें अपनी बच्ची के बचने की उम्मीद काफी कम थी। लेकिन सदर अस्पताल में मिले बेहतर इलाज, भोजन, साफ-सफाई और चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की देखभाल से बच्ची पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट रही है। परिजनों ने अस्पताल की व्यवस्था और चिकित्सकीय सेवाओं की सराहना की।

बीती शाम ज़िलाधिकारी और सिविल सर्जन से शालतू के घरवालों ने खुशीपूर्वक बताया कि उसे उम्मीद नहीं थी कि उसकी बच्ची की जान बचेगी। उन्होंने अस्पताल के इलाज, खाना, सफाई आदि को बेहतर बताया।

## दादर में 21 से 23 तक होगा न्यूरोथेरेपी स्वास्थ्य महाकुंभ

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** दादर स्थित सुभद्रा विवाह भवन में इंडियन न्यूरोथेरेपी एसोसिएशन की ओर से भारतीय वैदिक चिकित्सा पद्धति एवं न्यूरोथेरेपी के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय न्यूरोथेरेपी स्वास्थ्य महाकुंभ का आयोजन 21 से 23 अगस्त तक किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम स्थल पर गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक बिपिन पाठक ने दीं। इस दौरान उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य महाकुंभ के दौरान लोगों को न्यूरोथेरेपी चिकित्सा पद्धति की जानकारी देने के साथ विभिन्न स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त को तिरंगा यात्रा, हवन, वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान एवं स्वागत तथा स्वास्थ्य लाभ कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाबा गरीब स्थान मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित विनय पाठक, बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की रानी दीदी उपस्थित रहेंगी। वही 22 अगस्त को पैथोलॉजी जांच, ईसीजी, न्यूरोथेरेपी चिकित्सा एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही विशेष बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य लाभ कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

## जुनैद खान बने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुजफ्फरपुर जिला संयोजक

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को मुजफ्फरपुर स्थित सिमना इंटरनेशनल होटल के सभागार में आयोजित हुई। बुधवार को आयोजित इस बैठक में सर्वसम्मति से जुनैद खान को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का मुजफ्फरपुर जिला संयोजक मनोनीत किया गया। मंच के पदाधिकारियों ने उन्हें मनोनयन पत्र प्रदान कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

बैठक में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के बिहार-झारखंड क्षेत्रीय संयोजक अल्तमस बिहारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच किसी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं है। मंच का मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के हितों की रक्षा करना तथा उनके कल्याण से जुड़ी सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों को जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक पहुंचाकर आम लोगों को उसका लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि मंच समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आपसी सौहार्द, सहयोग और भाईचारे को मजबूत करने की दिशा में भी निरंतर कार्य करता है। नवनियुक्त जिला संयोजक जुनैद खान ने जिम्मेदारी के लिए मंच के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।




जुनैद खान को मनोनयन पत्र प्रदान करते मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारी।

बैठक में अधिवक्ता मसूद हसन उर्फ चांद, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद इमामुद्दीन (साहब), मोहम्मद अंजार, मोहम्मद नूर आलम अंसारी, सैयद कासिम हुसैन, मोहम्मद निजाम, मोहम्मद मुस्ताक अहमद, अख्तरी खातून, मोहम्मद मुस्ताक, सहनाज परवीन, मोहम्मद सोहराब, मोहम्मद अयूब, मोहम्मद अफरोज सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सन फार्मा कर्मचारी का सेवा विवाद श्रम न्यायालय पहुंचा, यूनियन के समर्थन से तेज हुई कानूनी लड़ाई

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैक्सिम डिवीजन से जुड़े कर्मचारी राजीव कुमार का कंपनी के साथ चल रहा सेवा विवाद अब श्रम न्यायालय तक पहुंच गया है। करीब एक दशक से कंपनी से जुड़े कर्मचारी के स्थानांतरण, उपस्थिति, अवकाश और वेतन से संबंधित मामलों को लेकर विवाद सामने आया है। मामले में बीएसएसआरयू यूनियन और एफएमआरएआई की ओर से कर्मचारी को समर्थन दिए जाने की बात कही गई है। प्राप्त न्यायालयी नोटिस के अनुसार, राजीव कुमार वर्ष 2015 से सीतामढ़ी हेडक्वार्टर में कार्यरत रहे हैं। सेवा से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर कंपनी और कर्मचारी के बीच मतभेद बढ़ने के बाद कंपनी की ओर से उन्हें शो-कॉज नोटिस तथा चार्जशीट-कम-नोटिस ऑफ इन्क्वायरी जारी किया गया। कर्मचारी ने इस पर अपना जवाब भी प्रस्तुत किया है। विवाद को लेकर कर्मचारी की ओर से श्रम विभाग के समक्ष शिकायत की गई। इसके बाद मामला श्रम न्यायालय तक पहुंचा है। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 24 अगस्त 2026 निर्धारित की है। न्यायालय की ओर से जारी नोटिस में संबंधित पक्ष को निर्धारित तिथि पर सुबह 10:30 बजे उपस्थित होकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

**यूनियन ने भी लिया रुख :** मामले में कर्मचारी को बीएसएसआरयू यूनियन और एफएमआरएआई का समर्थन मिलने की बात सामने आई है। यूनियन की ओर से राजीव कुमार के पक्ष में सहयोग और प्रतिनिधित्व किए जाने की जानकारी दी गई है। विवाद के बीच यूनियन ने सीतामढ़ी में मैक्सिम डिवीजन के कार्य एवं सहयोग के बहिष्कार का निर्णय लेने की भी बात कही है।

**अब न्यायालय के फैसले पर नजर :** कर्मचारी और यूनियन का कहना है कि राजीव कुमार के सेवा एवं वैधानिक अधिकारों को लेकर वे न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से अपनी बात रख रहे हैं। वहीं, कंपनी की ओर से लगाए गए आरोपों और कर्मचारी के जवाब पर अंतिम स्थिति न्यायालय की सुनवाई में ही स्पष्ट होगी। फिलहाल मामला श्रम न्यायालय में विचाराधीन है। 24 अगस्त को होने वाली अगली सुनवाई में मामले की आगे की दिशा स्पष्ट होने की उम्मीद है।

### जयंती पर याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गाँधी, कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओ ने दीश्रद्धांजलि

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी मुजफ्फरपुर पश्चिमी की ओर से भगवानपुर स्थित किसान भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक शर्मा ने की। इस दौरान मौके पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आलोक शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने का सपना देखा था। उन्होंने देश में कंप्यूटर, टेलीकॉम और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए, जिसकी नींव आज के डिजिटल भारत में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि युवाओं की लोकतंत्र में भागीदारी बढ़ाने के लिए राजीव गांधी के कार्यकाल में मतदान की उम्र 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई। तकनीक से सशक्त युवा और लोकतंत्र में मजबूत भागीदारी राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच की पहचान थी। उनकी सोच और विरासत आज भी देश के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव सुरेश शर्मा, नीरज, मो मुमताज अंसारी, नीरज कुमार, पैक्स अध्यक्ष संजय गुप्ता, अजीत कुमार, विनय, ओंकारनाथ चौधरी, रामकिशोर सिंह, रामनरेश सिंह, सुशील शाही, रितेश झा, शुभम कुमार, उदय शंकर पांडे, पारू प्रखंड अध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार शर्मा, साहेबगंज प्रखंड अध्यक्ष मो इलियास, मोतीपुर प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत गुप्ता, त्रिभुवन पटेल, मो अब्दुल्ला, निर्भय कुमार सिंह, उमेश कुमार, उमेश गौतम, सुनील साहनी आदि उपस्थित थे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि युवाओं की लोकतांत्रिक भागीदारी को लेकर उनकी सोच आज भी प्रासंगिक है।



### दवाओं की गुणवत्ता में मुजफ्फरपुर का राज्यभर में बजा डंका, ओवरऑल रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को मिलने वाली दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षित भंडारण के मामले में मुजफ्फरपुर जिले ने पूरे बिहार में शानदार प्रदर्शन किया है। ड्रग्स एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम (डीवीडीएमएस) की ओर से 8 से 27 जून 2026 तक के आंकड़ों के आधार पर जारी समेकित रिपोर्ट में मुजफ्फरपुर 80.87 के फाइनल स्कोर के साथ पूरे राज्य में चौथे पायदान पर पहुंच गया है। जिले की इस उपलब्धि से स्वास्थ्य महकमे में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गुणवत्ता अनुपालन यानी क्वालिटी कंप्लायंस के पैमाने पर मुजफ्फरपुर ने राज्यभर में दूसरा स्थान हासिल कर अपनी मजबूत कार्यप्रणाली को साबित किया है। जिले के कुल 607 स्वास्थ्य केंद्रों में दवा रखरखाव और गुणवत्ता के सभी मानकों का शत प्रतिशत पालन पाया गया, जिसका प्रतिशत 93.53 दर्ज किया गया है। इसका सीधा मतलब यह है कि इन केंद्रों पर मरीजों को दी जाने वाली दवाएं पूरी तरह सुरक्षित और मानक के अनुरूप हैं तथा वहां एक भी एक्सपायरी या अमानक दवा नहीं मिली है।

# जयंती पर शिद्दत से याद किये गए राजीव गांधी

## जिला कांग्रेस मुख्यालय ललित आश्रम में कांग्रेस नेताओं ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** देश में संचार क्रांति के जनक एवं शांति सद्भाव के अग्रदूत पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती पर गुरुवार को जिला कांग्रेस मुख्यालय ललित आश्रम में कांग्रेस नेताओं ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर राजीव गांधी के विजन और योगदान पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गांधी जी को याद करते हुए उनके कार्यकाल को देश के लिए मील का पत्थर बताया।




जिला कांग्रेस मुख्यालय ललित आश्रम में स्व. राजीव गांधी की जयंती कार्यक्रम में पार्टी के नेता व कार्यकर्ता।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मो. अफाक खान, सीताराम झा, प्रमोद कुमार नील, संजय कुमार बिररख, डॉ. राजीव कुमार काजू, रितेश रमण सिंह, मो. शम्स शाहनवाज ने कहा कि बतौर प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी का कार्यकाल छोटा था, लेकिन उनका योगदान बहुत बड़ा था। उन्होंने कई क्रांतिकारी कदम उठाए, जिनमें पंचायती राज, आईटी क्रांति, जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना और वोटिंग की उम्र घटाकर 18 साल करना शामिल है। अगर राजीव आज हमारे बीच होते तो हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में नंबर वन होते।

कार्यक्रम में आलोक सिंह राठौर, शिव शंकर शर्मा, प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, ताराकांत झा, मनोज कुमार सिंह, शैलेन्द्र खिरहर, युगल किशोर महतो, धीरज सिंह, राहुल रमेश गुप्ता, वीरेंद्र कुशवाहा, अधिवक्ता राकेश झा, रिपु कुमार, सोहन प्रसाद, नीरज यादव, अख्तर रजा खान, श्याम दास आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## बैरगनिया के कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र आश्रम में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय, राजेन्द्र आश्रम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष संतोष पासवान की अध्यक्षता में आहुत कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।



कांग्रेस कार्यालय, राजेन्द्र आश्रम में श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित पार्टी के नेता व कार्यकर्ता।

इस अवसर पर वक्ताओं ने राजीव गांधी के जीवन, उनके नेतृत्व तथा देश में आधुनिक तकनीक और संचार के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। श्री पासवान ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक और प्रगतिशील दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके विचार और देश के विकास के प्रति उनकी सोच आज भी प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में संजय चौधरी, नरेश गिरी, पूरन प्रसाद शाही, रंजीत पासवान, राकेश मंडल, मनोज राम, दुखा पासवान, मेराज अंसारी, सुरेश यादव, रामभरोस यादव, गुल महमद, नंदकिशोर साह आदि उपस्थित थे।

## जिले के थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ पुपरी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, उप जिला शाखा, पुपरी के तत्वावधान में आगामी 22 अगस्त शनिवार को पुपरी डाकबंगला परिसर में प्रातः 10 बजे से संध्या 04 बजे तक जिले के थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

इस आशय की जानकारी देते हुए रेडक्रॉस पुपरी शाखा के सचिव अतुल कुमार ने बतलाया कि जिले में चार दर्जन से अधिक थैलीसीमिया पीड़ित बच्चे हैं जिन्हें प्रत्येक माह एक से दो बार रक्त चढ़वाने का दंश झेलना पड़ता है। वर्त्तमान में सदर अस्पताल अवस्थित रक्त केंद्र में रक्त की कमी होने से इन थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के समक्ष जीवनरक्षा की समस्या उत्पन्न हो गयी है। इसी परिपेक्ष्य में आगामी 22 अगस्त शनिवार को रक्तदाता समूह, पुपरी के सहयोग से स्थानीय डाकबंगला परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे 3 दर्जन के आसपास स्थानीय नियमित रक्तदानी स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे। उन्होंने युवाओं से अपील भी किया कि मानवता की रक्षा हेतु जिले के थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ आगे आयें और शिविर में रक्तदान कर पुण्य के भागी बनें।

शिविर का सोशल मीडिया पार्टनर ऑफिसियल पुपरी पेज को बनाया गया है। शिविर में रक्त संग्रह का कार्य जिला रक्त केंद्र, सदर अस्पताल, सीतामढ़ी की टीम करेगी। शिविर के संयोजक एवं वरीय रेडक्रॉस आजीवन सदस्य मो शाकीर हुसैन के नेतृत्व में शिविर के सफल आयोजन की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदानियों को रेडक्रॉस पुपरी शाखा की ओर से अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया जायेगा।

## अनमुंडल पदाधिकारी (पूर्वी) की त्वरित पहल से 85 वर्षीय वृद्ध का धरना समाप्त

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सरैया प्रखंड क्षेत्र में अपनी शिकायत को लेकर धरना पर बैठे करीब 85 वर्षीय वृद्ध राम ईश्वर राय को अनमुंडल पदाधिकारी (पूर्वी) की त्वरित पहल के बाद समझा-बुझाकर धरना समाप्त कराया गया। मामले में वृद्ध के आवेदन के आधार पर बरियारपुर थाना द्वारा जांच एवं अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, 18 अगस्त की रात करीब आठ बजे अनमुंडल पदाधिकारी (पूर्वी) अपने कार्यालय से आवास लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर समाहरणालय परिसर स्थित धरना स्थल पर पड़ी, जहां सरैया प्रखंड अंतर्गत ग्राम मरसौली निवासी राम ईश्वर राय धरना पर बैठे हुए थे। वृद्ध ने बताया कि गांव के कुछ लोग उन्हें परेशान करते हैं। इस संबंध में वे शिकायत लेकर थाने गए थे, लेकिन उनका आवेदन नहीं लिया गया। इससे आहत होकर उन्होंने रात में ही धरना पर बैठने का निर्णय लिया।




समाहरणालय परिसर में धरना पर बैठे करीब 85 वर्षीय वृद्ध राम ईश्वर राय।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अनमुंडल पदाधिकारी (पूर्वी) ने तत्काल बरियारपुर थानाध्यक्ष से दूरभाष पर संपर्क किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त वृद्ध व्यक्ति से उनकी प्रत्यक्ष रूप से मुलाकात नहीं हुई थी। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने वृद्ध को समझा-बुझाकर शांत कराया तथा उन्हें थाने में आवेदन देने और मामले में उचित कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिया। प्रशासन की समझाइश के बाद राम ईश्वर राय ने अपना धरना समाप्त कर दिया। अगले दिन 19 अगस्त को बरियारपुर थाना द्वारा उनका आवेदन प्राप्त कर लिया गया। आवेदन के आधार पर नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। अनमुंडल पदाधिकारी (पूर्वी) ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# भामाशाह सम्मान से सम्मानित व्यवसायियों का उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद ने किया अभिनंदन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद के लिए गुरुवार का दिन गौरव और प्रसन्नता से भरा रहा। वाणिज्य कर विभाग, मुजफ्फरपुर द्वारा भामाशाह सम्मान पुरस्कार से सम्मानित परिषद के व्यवसायियों एवं उद्यमियों के सम्मान में परिषद सभा कक्ष में गरिमापूर्ण अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसरिया ने सम्मानित व्यवसायियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि व्यवसाय एवं उद्योग के क्षेत्र में निरंतर परिश्रम, ईमानदारी और समर्पण के साथ योगदान देने वाले व्यवसायी समाज और अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। भामाशाह सम्मान उनके उत्कृष्ट योगदान की पहचान है। परिषद के सदस्यों को यह प्रतिष्ठित सम्मान मिलना पूरे परिषद परिवार के लिए गौरव का विषय है।

भामाशाह सम्मान से सम्मानित होने वालों में कृष्णा मोटर, अखाड़ाघाट; अपर्णा रमन; जी.पी. मार्केटिंग, बैरिया; मंगलम, मोतीपुर; नारायणी एजेंसी, लक्ष्मी नारायण रोड तथा साकेत सिंथेटिक, सूतापट्टी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इस अवसर पर परिषद ने सभी सम्मानित व्यवसायियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां अन्य व्यवसायियों तथा युवा उद्यमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। परिषद ने उनके उज्ज्वल भविष्य, निरंतर प्रगति और व्यवसाय के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त करने की कामना की। समारोह में परिषद महामंत्री प्रमोद जाजोदिया, सज्जन शर्मा, अरुण कुमार, जयप्रकाश अग्रवाल, श्याम सुंदर भारतिया, राजीव कुमार तुलस्यान, अशोक नेमानी सहित परिषद के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।




अभिनंदन समारोह में शामिल भामाशाह सम्मान से सम्मानित व्यवसायी, परिषद अध्यक्ष एवं अन्य।

परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसरिया ने कहा कि ‟सम्मान केवल उपलब्धि का अभिनंदन नहीं, बल्कि भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा भी है।” उन्होंने कहा कि परिषद भविष्य में भी व्यवसाय एवं उद्योग जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अपने सदस्यों को प्रोत्साहित और सम्मानित करती रहेगी।

## सम्पादकीय

# कंधे पर बच्ची, सवालों के घेरे में अस्पताल की व्यवस्था

बेतिया के जीएमसीएच से सामने आया एक वीडियो यदि प्रथम दृष्टया बताए जा रहे घटनाक्रम को सही दर्शाता है, तो यह केवल एक मां की मजबूरी का दृश्य नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था की बुनियादी तैयारियों पर गंभीर आत्ममंथन का अवसर है। वायरल वीडियो में एक मां अपनी 11 वर्षीय बीमार बच्ची को कंधे पर उठाकर अस्पताल परिसर में भटकती दिखाई दे रही है। बताया गया है कि बच्ची की तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसे ले जाने के लिए स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं हो सका। इसके बाद मां को अपनी बच्ची को कंधे पर उठाना पड़ा।

इस घटना ने संवेदनशीलता के स्तर पर समाज को झकझोरने के साथ-साथ अस्पताल प्रबंधन के सामने कई महत्वपूर्ण सवाल भी खड़े किए हैं। हालांकि वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है और पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी, फिर भी ऐसी तस्वीरें स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर लोगों के भरोसे पर असर डालती हैं। इसलिए इस मामले को केवल सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के रूप में देखने के बजाय व्यवस्था की कमियों की पहचान और सुधार के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए।

सरकारी अस्पतालों में पहुंचने वाला व्यक्ति अक्सर पहले से ही परेशानी में होता है। बीमारी, आर्थिक कठिनाई, दूरी और उपचार को लेकर चिंता के बीच जब कोई परिवार अस्पताल पहुंचता है, तो उसकी पहली अपेक्षा होती है कि उसे तत्काल बुनियादी सहायता मिले। स्ट्रेचर, व्हीलचेयर, मरीज को वार्ड तक पहुंचाने में सहयोग, पंजीकरण की सुविधा और आवश्यक मार्गदर्शन जैसी व्यवस्थाएं किसी भी बड़े अस्पताल के लिए विलासिता नहीं, बल्कि मूलभूत आवश्यकता हैं।

यदि किसी गंभीर या असहाय मरीज को अस्पताल के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक पहुंचाने के लिए परिजन को स्वयं व्यवस्था करनी पड़े, तो निश्चित रूप से यह सवाल उठेगा कि अस्पताल की सहायता प्रणाली कितनी प्रभावी है।

स्ट्रेचर केवल एक उपकरण नहीं, मरीज की पहली जरूरत है। अस्पताल में स्ट्रेचर का महत्व सामान्य परिस्थितियों में शायद उतना दिखाई नहीं देता, लेकिन जब कोई मरीज चलने की स्थिति में नहीं होता, तब यही सुविधा उसके लिए अत्यंत आवश्यक हो जाती है। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों, गंभीर मरीजों और दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल सहारे की जरूरत होती है। किसी अस्पताल में पर्याप्त संख्या में स्ट्रेचर होना ही पर्याप्त नहीं है। यह भी जरूरी है कि वे सही स्थान पर उपलब्ध हों, उपयोग के बाद समय पर वापस पहुंचाए जाएं और जरूरत पड़ने पर मरीज के परिजनों को उन्हें खोजने के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। यदि कर्मचारियों की कमी के कारण स्ट्रेचर उपलब्ध कराने में कठिनाई हो रही है, जैसा कि अस्पताल अधीक्षक ने आशंका जताई है, तो यह समस्या केवल एक घटना तक सीमित नहीं मानी जानी चाहिए। इसका स्थायी समाधान खोजने की आवश्यकता है।

व्यवस्था में कमी हो तो जिम्मेदारी भी तय हो। किसी भी अस्पताल में हर घटना के लिए किसी एक कर्मचारी को जिम्मेदार ठहरा देना आसान है, लेकिन इससे व्यवस्था की मूल समस्या का समाधान नहीं होता। जरूरत इस बात की है कि अस्पताल प्रबंधन पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच करे। मरीज अस्पताल में कब पहुंचा उसे किस स्थान पर ले जाना था स्ट्रेचर उपलब्ध क्यों नहीं हुआ क्या स्ट्रेचर उस समय किसी दूसरे मरीज के लिए उपयोग में था क्या उसे उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद था परिजनों ने सहायता के लिए किससे संपर्क किया यदि कर्मचारी कम थे तो वैकल्पिक व्यवस्था क्या थी इन सवालों के जवाब जांच के बाद सामने आने चाहिए। यदि किसी स्तर पर लापरवाही मिली तो नियमानुसार कार्रवाई हो और यदि व्यवस्था संबंधी कमी सामने आए तो उसे तत्काल दूर किया जाए।

कर्मचारियों की कमी भी वास्तविक चुनौती है। अस्पताल प्रबंधन ने कर्मचारियों की कमी की संभावना जताई है। इस पहलू को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बड़े सरकारी अस्पतालों में मरीजों का दबाव लगातार बना रहता है। डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, तकनीकी कर्मचारी, वार्ड अटेंडेंट और अन्य सहायक कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता अस्पताल की कार्यक्षमता के लिए आवश्यक है। यदि मरीजों की संख्या के अनुपात में सहायक कर्मचारी पर्याप्त नहीं हैं, तो इसका असर केवल स्ट्रेचर व्यवस्था पर नहीं, बल्कि मरीजों को वार्ड तक पहुंचाने, जांच के लिए ले जाने, साफ-सफाई और अन्य सेवाओं पर भी पड़ सकता है।

# कश्मीर पर अमेरिका का बदलता रुख



प्रमोद भार्गव

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने अपने पहले जम्मू-कश्मीर दौरे में यहां के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात के बाद कश्मीर को भारत का अभिन्न और अहम् भू-भाग बताया। ताकि सुरक्षा के लिहाज से सराहना की। अमेरिकी राजदूत का यह बयान अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के स्तर पर चौंकाने वाला होने के साथ अमेरिका और भारत के संबंधों में बदलाव का उल्लेखनीय संकेत है।

लंबे समय से कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका की स्थिति भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय विवाद के रूप में देखी जाती रही है। जिसे अकसर 'भारतीय प्रशासन वाले कश्मीर' जैसे शब्दों से संबोधित किया जाता रहा है। ऐसे में एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक का यह दो टूक बयान कश्मीर की धरती पर देना इस बात का संकेत है कि वैश्विक स्तर पर कश्मीर को लेकर भारत की अखंडता एवं संप्रभुता की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है। इस बयान से पाकिस्तान को तो झटका लगा ही है, चीन भी सकते में है।

याद रहे अमेरिका ने वर्ष 2018 से ही जम्मू-कश्मीर के तात्कालिक पूर्वी लद्दाख और लेह को छोड़कर अपने नागरिकों को यात्रा नहीं करने की चेतावनी दी हुई है। इस नसीहत को चौथी श्रेणी में रखा हुआ है। गोर ने फिलहाल इस यात्रा चेतावनी को कम करने का कोई संकेत नहीं दिया है, लेकिन उम्मीद है कि इस बिंदु पर अमेरिका यात्रा में छूट दे सकता है हालांकि उस समय धारा-370 बहाल थी और घाटी में आतंकी संकट की छाया छाई रहती थी।

अगस्त 2019 में धारा-370 और 35-ए को भारत सरकार ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते विलोपित कर दिया, उसी के बाद से कष्मीर में सुरक्षा संबंधी हालातों में निरंतर सुधार हो रहे हैं और पत्थरबाजी व अन्य आतंकी घटनाओं में कमी आई है। पहलगाम में आतंकी हमले के एक दिन बाद ही अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने उक्त चेतावनी की फिर से पुष्टि करते हुए नई एडवायजरी जारी कर दी थी। जो अभी भी लागू है।

चूंकि गोर दक्षिण एशिया व मध्य एशियाई मामलों के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष प्रतिनिधि हैं, इसलिए उनकी कश्मीर यात्रा और दो टूक बयान की अपनी अलग अहमियत है। खासतौर पर तब जब पाकिस्तान के संबंध भी अमेरिका के साथ फिलहाल मधुर बने हुए हैं और अमेरिका ईरान से लड़े जा रहें युद्ध में पाकिस्तान को अपने हितों के लिए इस्तेमाल कर रहा है।

इस बयान से उमर अब्दुल्ला को भी बड़ा झटका लगा है। क्योंकि वे कुछ दिनों से धारा-370 की पुनर्बहाली की मांग कर रहे हैं। उन्होंने जून-2026 में 'द हिंदू हडल' (अंग्रेजी समाचार पत्र) सत्र के दौरान कहा था कि 2019 में 370 को हटाना भारत सरकार की सबसे बड़ी नीतिगत भूल थी। साथ ही उन्होंने जम्मू-कष्मीर के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा और विशेष संवैधानिक अधिकारों की बहाली की भी मांग की थी।

पाकिस्तान धर्म की घुट्टी पिलाकर 35 साल से भारत पर आतंकी हमले करता रहा है। जबकि उसे सबसे मुकम्मल उत्तर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया गया था। लेकिन वह बाज नहीं आ रहा है। कुत्ते की पूंछ की तरह पाक की पूंछ टेढ़ी ही बनी हुई है। गैर-कश्मीरियों और हिंदुओं की हत्या के लिए उसकी क्रूरता समाप्त नहीं हो रही है। जाहिर है, पाकिस्तान भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बदले को भूल गया है। उसे एक बार फिर करारा जबाव देना होगा।

## कश्मीर पर अमेरिकी राजदूत गोर ने दिए अमेरिकी रुख में बदलाव का संकेत

दरअसल इस समय पाकिस्तान अपने कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में चल रहे आजादी के आंदोलन से भी जूझ रहा है। वहां भी उसने निर्ममता बरतते हुए सैंकड़ों प्रदर्शनकारियों को भूनने का काम हाल ही में किया है। पाक की ये हरकतें इसलिए भी बरकरार हैं, क्योंकि ईरान हमले में उलझा अमेरिका उसकी पीठ थपथपाने में लगा है। ऐसे में भारत को अनेक कूटनीतिक कदम उठाकर पाकिस्तान को विवश करना पड़ रहा है। अब जाकर उसे कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका का दो टूक जवाब मिला है।

> लंबे समय से कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका की स्थिति भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय विवाद के रूप में देखी जाती रही है। जिसे अकसर 'भारतीय प्रशासन वाले कश्मीर' जैसे शब्दों से संबोधित किया जाता रहा है। ऐसे में एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक का यह दो टूक बयान कश्मीर की धरती पर देना इस बात का संकेत है कि वैश्विक स्तर पर कश्मीर को लेकर भारत की अखंडता एवं संप्रभुता की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है। इस बयान से पाकिस्तान को तो झटका लगा ही है, चीन भी सकते में है।

अनुच्छेद-370 हटने के बाद भी हालातों में सुधार नहीं हो पा रहा है, तो इसका एक बड़ा कारण मजहबी कट्टरता पर चोट नहीं कर पाना है। गोया, साफ है कि यह समस्या अब राजनैतिक व संवैधानिक नहीं रह गई है, बल्कि धार्मिक चरमपंथ के रूप में सामने आ रही है। इस हिंसक उन्माद का सोच पाकिस्तान से निर्यात आतंकवाद तो है ही, घाटी में कुकुरमुत्तों की तरह मस्जिदों और मदरसों में फैला, वह शिक्षा का तंत्र भी है, जो आतंक की फसल बोने और उगाने का काम करता है। यही वजह है कि जितने भी इस्लामिक देश हैं, उनमें न तो अल्पसंख्यकों का जनसंख्यात्मक घनत्व बढ़ रहा है और न ही उन्हें नागरिक समानता के अधिकार मिल रहे हैं। कश्मीर में भी जिहादी चाहते हैं कि गैर-मुस्लिम या तो इस्लाम स्वीकार करें या फिर घाटी छोड़ जाएं।

मुस्लिमों की इस दोषपूर्ण मंशा को संविधान निर्माण के समय ही डा. भीमराव अंबेडकर ने समझ लिया था। शेख अब्दुल्ला ने जब जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने की मांग की तो अंबेडकर ने सख्त लहजे में कहा था कि 'आप चाहते हो कि भारत कश्मीर की रक्षा करे, कश्मीरियों की आर्थिक सुरक्षा करे, कश्मीरियों को संपूर्ण भारत में समानता का अधिकार मिले, लेकिन भारत और अन्य भारतीयों को आप कश्मीर में कोई अधिकार देना नहीं चाहते मैं देश का कानून मंत्री हूं और मैं अपने देश के साथ कोई अन्याय या विश्वासघात किसी भी हालत में नहीं कर सकता हूं।

विडंबना देखिए कि मुस्लिम समाज देश में हर जगह बृहद हिंदू समाज के बीच अपने को सुरक्षित पाता है, किंतु जहां कहीं भी हिंदु अल्पसंख्यक मुस्लिमों के बीच रह रहे हैं, उनकी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। बावजूद नेहरू के अनावश्यक दखल से कश्मीर को विशेष दर्जा मिल गया। इस भिन्नता का संकट देश बंटवारे से लेकर अब तक भुगत रहा है। यही वजह है कि इस बंटवारे के बाद पाकिस्तान से जो हिंदू, बौद्ध, सिख और दलित शरणार्थी के रूप में जम्मू-कश्मीर में ही ठहर गए थे, उन्हें मौलिक अधिकार धारा-370 हटने के बाद मिल पाए हैं। इनकी संख्या करीब 70-80 लाख है, ये 56 शरणार्थी शिविरों में सभी सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से महरूम रहते हुए बद् से बदतर जिं का अभिशाप धारा-370 हटने से पहले तक भोगते रहे हैं।

पहलगाम हमले के बाद जितने भी आतंकी हमले कश्मीर में हुए हैं, उनमें से ज्यादातर की जिम्मेदारी भी टीआरएफ ने ली थी। यह लश्कर-ए-तैयबा का ही एक मुखौटा संगठन है, जो लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूहों की आतंकी हरकतों को ही अंजाम देता है। भारतीय सेना ने कोटली अब्बास में जिस आतंकी शिविरों को तबाह किया किया था, इसमें 1500 आतंकियों को प्रशिक्षण दिया गया था। मुरीदके में जिस मरकज तैयबा को ध्वस्त किया गया था, यहां लश्कर का मुख्यालय माना जाता है। यहीं से मुंबई हमले का प्रमुख आतंकी अजमल कसाब ने प्रशिक्षण लिया था।

इस जबाबी कार्यवाही के बाद भारत की कूटनीति अत्यंत सफल दिखाई दी थी, क्योंकि भारत का तत्काल अमेरिका, रूस और जापान ने खुलकर समर्थन किया था। यह समर्थन मोदी ने वैश्विक आतंकवाद से लड़ने के लिए जो मुहिम चलाई हुई है, उसका परिणाम थी। अतएव इसमें कोई दो राय नहीं कि सीमापार स्थित ठिकानों से आतंकी गतिविधियां संचालित करने वाले संगठनों के खिलाफ सेना और सुरक्षाबलों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। कश्मीर में आतंकी बने रहने का एक कारण यह भी है कि आतंकियों को मुस्लिम बहुल इलाकों में मुस्लिम होने के कारण संरक्षण आसानी से मिल जाता है। यही कारण है कि रुक-रुककर आतंकी बिना किसी शोर-शराबे के मुस्लिम आबादी के बीच घुसपैठ करके हिंदुओं के विरुद्ध लक्षित हिंसा को परिणाम में बदलने में सफल हो जाते है। ऐसे हमलों में निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं। अब अमेरिकी राजनयिक के कथन के बाद संभव है आतंकी हमलों पर अंकुश लगे ।

*(लेखक वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)*

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाव को लेकर जारी की हेल्थ एडवाइजरी

मानसून के दौरान डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी मच्छरों से होने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ने के बीच केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने लोगों को सतर्क रहने, बचाव के जरूरी उपाय अपनाने और लक्षण दिखने पर समय पर डॉक्टर से सलाह लेने की अपील की है। ये बीमारियां काफी हद तक रोकी जा सकती हैं, लेकिन मानसून के दौरान इनके मामले बढ़ने से गंभीर बीमारी के साथ परिवारों पर अचानक इलाज का खर्च भी बढ़ सकता है।

देश में मानसून के पीक सीजन को देखते हुए स्वास्थ्य विभागों ने मौसमी बीमारियों के संभावित प्रकोप से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बीमारी की निगरानी मजबूत करने, मच्छरों की रोकथाम, लोगों में जागरूकता बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवाओं को तैयार रखने की सलाह दी है। इसके साथ ही अस्पताल भी मरीजों की संख्या बढ़ने की स्थिति में पर्याप्त बेड, दवाइयों, जांच सुविधाओं, ब्लड और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की तैयारी कर रहे हैं।

अचानक होने वाली बीमारी या मेडिकल इमरजेंसी परिवारों पर आर्थिक दबाव डाल सकती है। इसे देखते हुए केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने लोगों को निम्नलिखित सावधानियां बरतने की सलाह दी है : घर और आसपास नियमित रूप से जांच करें और कूलर, बाल्टी, गमले, पुराने टायर, पानी की टंकियों और दूसरे कंटेनरों में जमा पानी को हटा दें। ऐसी जगहों पर मच्छर आसानी से पनप सकते हैं।

मच्छर भगाने वाली क्रीम या अन्य रिपेलेंट का इस्तेमाल करें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और घर में मच्छररोधी जाली या मच्छरदानी लगाएं। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से किसी बीमारी से जूझ रहे लोगों के लिए खास सावधानी बरतें।

> आज कई हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसियों में डॉक्टर ऑन कॉल जैसी वर्चुअल कंसल्टेशन सुविधाएं भी मिलती हैं, जो बीमारी के लक्षण दिखने पर शुरुआती सलाह लेने में मदार हो सकती हैं।

लगातार बुखार, तेज सिरदर्द, शरीर में दर्द, थकान होने या मच्छर जनित रोगों से संबंधित अन्य लक्षण दिखाई देने पर डॉक्टर से संपर्क करें। बिना डॉक्टर की सलाह के दवा लेने से बचें और डॉक्टर द्वारा बताए गए इलाज का पूरा कोर्स करें।

पर्याप्त मात्रा में पानी और दूसरे तरल पदार्थ लेते रहें और रिकवरी के दौरान डॉक्टर की सलाह का पालन करें। इससे शरीर में पानी की कमी से बचने और जटिलताओं का खतरा कम करने में मदद मिल सकती है।

अपने हेल्थ इंश्योरेंस कवर की नियमित रूप से समीक्षा करें, ताकि इलाज या अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में आर्थिक बोझ कम किया जा सके। आज कई हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसियों में डॉक्टर ऑन कॉल जैसी वर्चुअल कंसल्टेशन सुविधाएं भी मिलती हैं, जो बीमारी के लक्षण दिखने पर शुरुआती सलाह लेने में मदार हो सकती हैं।

प्रत्येक मच्छर-जनित बीमारी में अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं होती। कई मामलों में डॉक्टर की सलाह, दवाइयों और सही ट्रीटमेंट प्रोटोकल का पालन करते हुए घर पर भी इलाज किया जा सकता है।

केयर हेल्थ इंश्योरेंस बीमारी से बचाव और समय पर इलाज के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिबद्ध है। जागरूकता, बीमारी की शुरुआती पहचान और सामान्य सावधानियां मच्छर जनित बीमारियों के असर को कम करने और बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

# तुलसी की कहानी : टेलीविजन आइकन से एक बड़े सार्वजनिक जीवन तक स्मृति ईरानी का सफर

**कुछ किरदार** ऐसे होते हैं, जिन्हें दर्शक सिर्फ देखते हैं। कुछ ऐसे हैं, जिन्हें वे याद रखते हैं और फिर कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो उनकी जिंदगी का हिस्सा बन जाते हैं। तुलसी विरानी ऐसा ही एक किरदार है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी की केंद्रीय नायिका के रूप में तुलसी ने एक ऐसी महिला की छवि पेश की, जो संवेदनशील होने के साथ दृढ़ थी, भावुक होने के बावजूद मजबूत थी और अपनी परंपराओं से जुड़ी होने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर पुरानी सोच को चुनौती देने से भी पीछे नहीं हटती थी। उनका साहस, दृढ़ता और अपने फैसलों पर अडिग रहने का जज्बा उन्हें भारतीय टेलीविजन के सबसे यादगार किरदारों में से एक बनाता है।

लेकिन, जब पर्दे पर तुलसी की कहानी आगे बढ़ रही थी, उसी दौरान उन्हें जीवंत करने वाली महिला अपनी एक अलग कहानी लिखना शुरू कर चुकी थीं, एक ऐसी कहानी, जो आगे चलकर उन्हें टेलीविजन की दुनिया से कहीं आगे ले जाने वाली थी।

स्मृति ईरानी ने मनोरंजन जगत में कदम रखा और तुलसी के किरदार से उन्हें अपार लोकप्रियता मिली। इस भूमिका ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई और भारतीय टेलीविजन को उसकी सबसे प्रभावशाली महिला नायिकाओं में से एक दी। परिवार



के लिए खड़े होने से लेकर रिश्तों की उलझनों को सुलझाने और मुश्किल परिस्थितियों का डटकर सामना करने तक, तुलसी के व्यक्तित्व ने देशभर के दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई।

लेकिन ऐसे समय में, जब टेलीविजन की इतनी बड़ी सफलता किसी के लिए भी मंजिल बन सकती थी, स्मृति ने खुद को एक नई दिशा देने का फैसला किया। टेलीविजन से राजनीति की ओर उनका कदम उनके पेशे और सार्वजनिक पहचान, दोनों के लिए एक बड़ा बदलाव था। एक ओर वे पर्दे पर एक काल्पनिक किरदार निभा रही थीं, तो दूसरी ओर वह वास्तविक दुनिया में राजनीतिक संवाद, चुनावी अभियानों और चुनावी मुकाबलों का हिस्सा भी बन रही थीं। इस बदलाव के लिए सिर्फ लोकप्रियता ही काफी नहीं थी।

## प्रवचन

# धर्म से संचालित होते हैं सभी जीव-अजीव : जीयर स्वामी

> धर्म वस्तु का प्राकृत स्वभाव है
>
> भ्रष्ट संतों से प्रमाणित होती है वास्तविक संतो की विद्यमानता
>
> मनुष्य का भाग्य होता है उसका पूर्व कृत-कर्म

धर्म एक पद्धति है। संसार के सभी जड़-चेतन अपने-अपने धर्म से ही संचालित होते है। धर्म को कभी भी संकुचित दायरे में नहीं आंकना चाहिए। धर्म वह धुरी है, जिससे समस्त जड़-चेतन संचालित होते हैं। जो अपने धर्म से विमुख हो जाता, उसका वजूद समाप्त हो जाता है। हम पतनोन्मुखी हैं तो धर्म हमें बचा लेता है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि आज तेजी से नैतिकता का क्षरण हो रहा है। धनार्जन की होड़ लगी है। अपने धर्म के प्रति आस्था कमजोर हो रही है। माता-पिता के प्रति दायित्व कम हो रहा है। आज संस्कृति, संस्कार और नैतिकता का संरक्षण एक चुनौती हो गयी है। ऐसी परिस्थिति में यज्ञ और सत्संग की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में मषीनें सब चीज बना रही हैं लेकिन वे मन में संस्कृति, संस्कार और नैतिकता का भाव नहीं पैदा कर सकतीं। यज्ञ और सत्संग के द्वारा ही मानव मन में इनका बीजारोपण हो सकता है। इसीलिए आज संतों का महत्व पहले से अधिक बढ़ गया है।

स्वामी जी ने कहा कि आज साधु-संतों की चर्चा कई मायने में हो रही है लेकिन यह समझना होगा कि जिसका अस्तित्व होता है, उसी की नकल होती है। इसका अर्थ यह नहीं कि उसका मूल ही गलत है। आज-कल कंचन और कामिनी के भोग के संदर्भ में भी संत समाज चर्चित है। आम लोगों का विष्वास संतत्व से डिग रहा है।

लेकिन विवेकी जनों को यह समझना चाहिए कि ये छद्मवेषी साधू-संत वास्तविक संत के नकली रूप है। इनकी मौजूी से यह समझना चाहिए कि आज भी वास्तविक साधु-संत हैं, जिनका ये नकल कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जो नोट प्रचलन में होता है उसी की नकल की जाती है। तीन सौ रूपये का नोट नहीं छपता है। इसलिए तीन सौ रूपये का नोट प्रचलन में नहीं है। आज दो हजार का नोट प्रचलन में है। इसलिए इसका नकली रूप भी है।

स्वामी जी ने कहा कि व्यक्ति को अपनी मर्यादा में रहकर कर्म करना चाहिए। कर्म ही भविश्य में भाग्य बन जाता है। कर्म व्यक्ति को मरने का बाद भी समाज में जिंदा रखता है। यह बैंक में जमा धनराशि की तरह है। पूर्व के कर्म ही वर्तमान जीवन में भाग्य या प्रारब्ध बनकर आता है।

स्मरण रहे कि व्यक्ति का भाग्य स्वतंत्र नहीं होता। उसमें माता-पिता के अच्छे-बुरे कर्मों का फल और गुरू की कृपा-दृष्टि इत्यादि सम्मिलित रहते हैं। मनुष्य के जीवन में कर्म की प्रधानता होनी चाहिए।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

# 27 अगस्त को सैमसंग पेश करेगा गैलेक्सी एस26 सीरीज का नया स्मार्टफोन

**गैलेक्सी एस26** सीरीज ने कैमरा और एआई से जुड़े अपने नए इनोवेशन के साथ स्मार्टफोन अनुभव को नई उंचाई दी है। इससे यूजर्स के लिए रोजमर्रा की जिंदगी में तस्वीरें लेना, कंटेंट तैयार करना और दूसरों से जुड़े रहना आसान हुआ है।

सैमसंग इलेक्ट्रनिक्स 27 अगस्त को गैलेक्सी इवेंट अगस्त 2026 आयोजित करेगा। इस दौरान कंपनी गैलेक्सी एस26 सीरीज का नया डिवाइस पेश करेगी।




इसे खासतौर से गैलेक्सी एस26 सीरीज के कैमरा और एआई से जुड़े प्रमुख अनुभवों के साथ लेटेस्ट वन यूआई के साथ डिजाइन किया गया है। कंपनी ने इसे यूजर्स की उन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है, जो उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखती हैं।

गैलेक्सी इवेंट को 27 अगस्त को रात 9 बजे भारतीय समयानुसार शाम 5 : 30 बजे से सैमसंग.काम और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

# दुबई चैंबर्स ने एजेंटीक एआई सहयोग को बढ़ावा देने और भारत के साथ व्यापार तथा निवेश संबंधों को मजबूत करने के लिए बेंगलुरु में दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए

**दुबई चैंबर्स** ने बेंगलुरु के एक उच्च-स्तरीय दौरे के दौरान एजेंटीक एआई में सहयोग को आगे बढ़ाने, दुबई और भारत के बीच व्यापार तथा निवेश को मजबूत करने और व्यापार विस्तार का समर्थन करने के लिए दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। ये समझौते नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकम) और फेडरेशन ऑफ कर्नाटक चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफकेसीसीआई) के साथ किए गए हैं।

इस दौरे के तहत, दुबई चैंबर्स के अध्यक्ष और सीईओ महामहिम मोहम्मद अली राशिद लूता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख भारतीय व्यापारिक संगठनों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ आठ बैठकें कीं। इस कार्यक्रम में नैसकम डीपटेक, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) कर्नाटक राज्य परिषद, एफकेसीसीआई और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) कर्नाटक राज्य परिषद के साथ संवाद शामिल थे।

नैसकम के साथ किया गया समझौता ज्ञापन एजेंटीक एआई और डीपटेक में सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करता है। इसका उद्देश्य दुबई में स्थापित होने और विस्तार करने की इच्छुक




भारतीय कंपनियों के लिए बाजार तक पहुंच का समर्थन करना है। यह समझौता ज्ञान साझा करने, इकोसिस्टम से जुड़ाव, नवाचार पहल और रणनीतिक औद्योगिक सहयोग को भी बढ़ावा देता है।

इसमें एआई-केंद्रित व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल, बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) बैठकें, नेटवर्किंग कार्यक्रम और भारत तथा दुबई में कंपनियों और हितधारकों को जोड़ने के लिए तैयार किए गए अन्य संवाद शामिल हैं।

यह समझौता ज्ञापन निजी क्षेत्र में एजेंटीक एआई को तेजी से अपनाने और उन्नत प्रौद्योगिकियों के लिए एक प्रमुख वैश्विक केंद्र के रूप में दुबई की स्थिति को मजबूत करने के दुबई के व्यापक अभियान का समर्थन करता है। यह मई 2026 में शुरू की गई उस पहल के भी अनुरूप है जिसका उद्देश्य दो वर्षों के भीतर दुबई के निजी क्षेत्र को एजेंटीक एआई की ओर ले जाना और इन तकनीकों को आर्थिक व व्यावसायिक रूप से अपनाने में दुबई को वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित करना है।

दुबई चैंबर्स के अध्यक्ष और सीईओ, महामहिम मोहम्मद अली राशिद लूता ने बात करते हुए कहा, भारतीय कंपनियां दुबई के विकास में महत्वपूर्ण भागीदार बनी हुई हैं और वे अमीरात का सबसे बड़ा विदेशी व्यापारिक समुदाय बनाती हैं। नैसकम और एफकेसीसीआई के साथ हमारे समझौते एजेंटीक एआई और डीपटेक में सहयोग को आगे बढ़ाकर, व्यापार व निवेश को मजबूत करके, और अधिक भारतीय कंपनियों को दुबई में स्थापित होने व विस्तार करने में समर्थन देकर इस मजबूत नींव को और भी सुदृढ़ करेंगे।

महामहिम लूता ने आगे कहा, निजी क्षेत्र में एजेंटीक एआई को तेजी से अपनाने का दुबई का अभियान भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों, नवप्रवर्तकों और विशेषज्ञों के लिए अपनी विशेषज्ञता का योगदान देने और नए समाधान विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण नए अवसर पैदा कर रहा है।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रह्माकुमारी अरेराज सेवा केंद्र द्वारा नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान राजकीय मध्य विद्यालय मे संपन्न

**अरेराज(एनएसबी)।** भारत सरकार एवं ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा देश भर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति प्रतिज्ञा अभियान अंतर्गत स्थानीय अरेराज मध्य विद्यालय में प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवा केंद्र प्रभारी बीके मीणा बहन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा के प्रति सभी छात्राओं को जागृत रहना चाहिए ताकि उसके परिवार के अंदर व्यसन के कोई अभ्यास्त न हो सके मीना दीदी ने कहा कि नशा लेने वाले अपना शरीर तो वर्वाद करते ही हैं बल्कि उनका पूरा परिवार बाल बच्चे भी वर्वाद हो जाते हैनशा का समाज पर बहुत बुरा असर पड़ता है बीके करुणा बहन ने सभी छात्र-छात्राओं को नशा जागरूकता रखने एवं किसी भी तरह के व्यसन न लेने का संकल्प कराया।

### संदेहास्पद स्थिति मे मौत

**कल्याणपुर(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र बडहरवा महानंद पंचायत गांव के वार्ड संख्या 10 में 19 वर्षीय पूजा कुमारी की संदेहास्पद स्थिति मे मौत होने का मामला प्रकाश मे आया है ।जानकारी के अनुसार बैरिया पंचायत के खिजीरपुरा बेनीपुर गाँव के बबन राय की पुत्री पूजा कुमारी की शादी लगभग 6माह पहले बडहरवा महानंद गांव के दीना राय के पुत्र अप्पू से हुआ था जिसकी बुधवार की रात संदेहास्पद स्थिति मे मौत हो गई ।पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्मार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है ।थानाध्यक्ष विनित कुमार ने बताया है की मामले मे अभी तक आवेदन नही मिला है आवेदन मिलने पर करवाई की जाएगी।

### उर्दू विद्यालयों में शनिवार को हफ डे का निर्णय गलत : शाहिद रजा

#### गुरुवार का हफ डे पुरानी और व्यावहारिक व्यवस्था, सरकार निर्णय पर करे पुनर्विचार

**मेहसी(एनएसबी)।** उर्दू विद्यालयों में भी शनिवार को हफ डे किए जाने के शिक्षा विभाग के निर्णय पर परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ, प्रखंड इकाई मेहसी के प्रखंड अध्यक्ष शाहिद रजा ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि उर्दू विद्यालयों की लंबे समय से चली आ रही व्यावहारिक व्यवस्था को अचानक बदलना उचित नहीं है। सरकार को इस मामले में शिक्षकों, विद्यालयों और स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेना चाहिएस शाहिद रजा ने कहा कि उर्दू विद्यालयों में लंबे समय से गुरुवार को हफ डे और शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश की व्यवस्था चली आ रही है। यह व्यवस्था केवल किसी धर्म या संप्रदाय से जोड़कर देखने का विषय नहीं है, बल्कि वर्षो से चली आ रही विभागीय एवं व्यावहारिक परंपरा है। इसलिए किसी भी बदलाव से पहले इसके व्यावहारिक प्रभावों का आकलन किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि बकरीद के अवसर पर पहले तीन दिनों की छुट्टी मिला करती थी, जिसे अब घटाकर एक दिन कर दिया गया है। शिक्षकों के बीच इसे लेकर भी असंतोष है। सरकार को छुट्टियों और विद्यालयों की साप्ताहिक व्यवस्था से जुड़े निर्णयों में समानता, व्यावहारिकता और सभी पक्षों की भावनाओं का ध्यान रखना चाहिए। शाहिद रजा ने कहा कि इस मुद्दे को सांप्रदायिक चश्मे से देखना उचित नहीं है। शिक्षा व्यवस्था से जुड़े निर्णय पूरी तरह प्रशासनिक, शैक्षणिक और व्यावहारिक आधार पर लिए जाने चाहिए। किसी समुदाय की लंबे समय से चली आ रही विद्यालयी व्यवस्था में बदलाव से पहले संबंधित शिक्षकों और समुदाय के प्रतिनिधियों से भी विचार-विमर्श किया जाना चाहिए।उन्होंने सरकार एवं शिक्षा विभाग से मांग की कि उर्दू विद्यालयों में गुरुवार को हफ डे और शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश की पुरानी व्यवस्था को बनाए रखने पर पुनर्विचार किया जाए तथा बकरीद की छुट्टी में की गई कटौती पर भी सरकार सकारात्मक रूप से विचार करे।

# 3,084 परिवारों का सपना हुआ साकार लाभुकों को पीएम आवास की सौंपी गई चाबी

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों का कराया गया गृह प्रवेश

## पूर्वी चंपारण में आवास योजना की बड़ी उपलब्धि, 33 हजार से अधिक घर पूर्ण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पूर्वी चंपारण जिले में 33,084 पूर्ण आवासों का गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर समाहरणालय स्थित ड़ राजेंद्र प्रसाद सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पिपरा विधायक श्याम बाबू प्रसाद यादव, सुगौली विधायक राजेश कुमार गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता, जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, डीडीसी ड़ प्रदीप कुमार, अपर समाहर्ता लोक शिकायत शैलेंद्र कुमार भारती, अपर समाहर्ता विभागीय जांच मो़ सिबगतुल्लाह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान पटना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार तथा भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहे।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में 11 लाभुकों को नव निर्मित आवास की प्रतीकात्मक चाबी और शुभकामना संदेश दिया गया। चाबी पाने वाले लाभुकों में फूलमाला देवी, चंद्रावती



लाभुकों को प्रतीकात्मक चाबी सौंपते सुगौली विधायक, पिपरा विधायक एवं डीएम।

देवी, इन्द्रासनी देवी, ष्णा चौधरी, नगीना साह, महेंद्र राय, रंगीता देवी, शिवधारी सहनी, मीना देवी, जगन्नाथ दास और गीता देवी शामिल हैं।इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए चयनित 11 लाभुकों को स्वीत्यादेश प्रदान किया गया। इनमें सुशीला देवी, फुलगनी देवी, पुष्पा देवी, सुकन देवी, शांति देवी, शत्रुघ सहनी, प्रगण सहनी, रमेश सहनी, रतनी देवी, रामप्रवेश सहनी और बच्चन दास शामिल हैं।

**1,06,357 आवासों का मिला था लक्ष्य**

जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के तहत जिले को कुल 1,06,357 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। इसके विरुद्ध 1,06,291 आवासों के लिए स्वीति प्रदान की गई। वर्तमान में 33,084 आवास पूर्ण कराए जा चुके हैं। शेष आवासों को भी शीघ्र पूरा कराने के लिए ग्रामीण विकास विभाग लगातार कार्य कर रहा है। डीडीसी स्तर से इसकी प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है।

**मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में 1,720 आवास पूर्ण**

डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत जिले को कुल 1,904 आवासों का लक्ष्य मिला था, जिसके विरुद्ध 1,720 आवास पूर्ण कर लिए गए हैं। इस योजना के तहत राज्य सरकार की ओर से 120 लाख रुपये की राशि दी जाती है।वहीं, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना के तहत वर्ष 2010 से पहले बने जर्जर आवासों के जीर्णोद्धार के लिए लाभुकों को एकमुश्त 50 हजार रुपये की सहायता दी जाती है। जिले में 2,890 आवासों के जीर्णोद्धार का लक्ष्य था, जिसके विरुद्ध 2,834 आवासों का जीर्णोद्धार कराया जा चुका है। यह योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अति पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए संचालित है।

कार्यक्रम में डीआरडीए निदेशक ड. कुंदन कुमार, जयराम चौरसिया सहित ग्रामीण विकास विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। डीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी लाभुकों को गृह प्रवेश की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण परिवारों के पक्के घर के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है)

## कामरेड राजमंगल को उच्च न्यायालय से राहत मिलने पर पिपरा विधानसभा में खुशी की लहर

**मेहसी(एनएसबी)।** पिपरा विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी एवं भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ब्ल्(ड) के राज्य कमिटी सदस्य कमरेड राजमंगल प्रसाद को उच्च न्यायालय द्वारा अंतरिम राहत मिलने की खबर से पिपरा विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर है।इस अवसर पर पिपरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता



कामरेड राजमंगल प्रसाद।

व्यक्त करते हुए कहा कि सच्चाई और न्याय की लड़ाई में यह राहत महत्वपूर्ण कदम है। कमरेड राजमंगल प्रसाद लंबे समय से जनसरोकार के मुद्दों को लेकर मजबूती से आवाज उठाते रहे हैं। उच्च न्यायालय से मिली अंतरिम राहत से उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल हैस कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनता की आवाज उठाने वाले संघर्षशील नेताओं का हौसला किसी भी परिस्थिति में कमजोर नहीं होगा। न्यायपालिका पर भरोसा है और उम्मीद है कि आगे भी न्याय की जीत होगी।खुशी व्यक्त करने वालों में इम्तियाज अहमद, भारत की जनवादी नौजवान सभा (क्ल्थ्) राज्य कमिटी सदस्यय मुकेश कुमार यादव, पिपरा विधानसभा प्रभारीय अजय यादव, पूर्व मुखियाय दिलीप कुमार, पैक्स अध्यक्षय ब्रजकिशोर प्रसाद, धर्मनाथ यादव, अमन यादव, विक्की कुशवाहा, राजेश राम, गरीबनाथ, जाहिर आलम सहित अन्य कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हैं।

## प्रो. अरुण कुमार भगत बने मीडिया अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय बिहार के मीडिया अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष के रूप में प्रो़ अरुण कुमार भगत ने ड़ अंजनी कुमार झा से पदभार ग्रहण कियास प्रो़ भगत के विभागाध्यक्ष के कार्यकाल के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो़ संजय कुमार श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं दी। प्रो़ अरुण कुमार भगत इस विभाग के संस्थापक विभागाध्यक्ष भी रहे



प्रो़अरुण कुमार भगत को पदभार देते ड़ अंजनी कुमार झा।

हैं, साथ ही सीएसआईसीटी स्कूल के अधिष्ठाता भी रहे हैं। प्रो़ अरुण कुमार भगत 06 वर्ष बिहार लोक सेवा आयोग में अपनी सेवा प्रदान कर पुनःश्च विभाग में आए हैं। उनकी 55 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित है। साथ ही दर्जनों शोध आलेख प्रकाशित है। 100 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया है। प्रो़ भगत ने भारत सरकार के शिक्षा से संबंधित अनेक समितियों में अपनी सेवाएं प्रदान की है। प्रो़ भगत ने विश्व हिंदी सम्मेलन में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए मरीशस और फिजी समेत कई अन्य देशों को यात्रा की है। प्रो़ भगत कई विश्वविद्यालयों के विद्या परिषद एवं कार्य परिषद के भी सदस्य रहे हैं। उनके आने से शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों में हर्ष एवं उल्लास का वातावरण हैस उनके पद भार ग्रहण करते समय विभागीय शिक्षक ड़ साकेत रमन, ड़ परमात्मा कुमार मिश्र, ड़ सुनील दीपक घोडके, ड़ उमा यादव एवं शोधार्थी उपस्थित थे। प्रो़ भगत को विभागीय शिक्षकों ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं की है।

## आपूर्ति पदाधिकारी ने अपनी मांगो को ले काला बिला लगा जताया विरोध

**चकिया(एनएसबी)।** बिहार आपूर्ति सेवा संघ के आह्वान पर प्रदेश के सभी आपूर्ति पदाधिकारी अपने लंबित मांगों को लेकर गुरुवार से सांकेतिक हड़ताल पर है। इसी कड़ी में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चकिया सुनील कुमार,कल्याणपुर मयंक कश्यप, मेहसी प्रिया गुप्ता तथा केसरिया श्रीमती खुशबू ने स्थानीय अनुमंडल आपूर्ति कार्यालय में कार्य अवधि के दौरान काला बिला लगाकर विरोध जताया। इस दौरान बिहार आपूर्ति सेवा संघ के संयुक्त मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि 26 अगस्त तक सांकेतिक हड़ताल जारी रहेगा। हमलोगों का मांग है कि विभाग द्वारा चार पहिया वाहन उपलब्ध कराया जाए,प्रत्येक प्रखंड में दो कमरे, दो सहायक, दो अनुसेवक के साथ कार्यालय के लिए कंप्यूटर, प्रिंटर,स्कैर, इंटरनेट,लैपटप आदि,प्रथम प्रोन्नति पर पे लेवल नौ का लाभ,रिक्त पदों पर डीपीसी की बैठक कर उच्चतर प्रभार प्रदान करने,आपूर्ति निरीक्षक पद नाम में संशोधन कर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किया जाए सहित अन्य मांगे शामिल है। वहीं राशन कार्ड अभियान के लिए अतिरिक्त मानव बल,कंप्यूटर,इंटरनेट,वाहन उपलब्ध कराने की मांग है। साथ हीं तकनीकी समस्याओं का समाधान हो व पदाधिकारियों को दोषी नहीं ठहराया जाए। 26 अगस्त तक मांगे पूरी नहीं हुई तो सभी आपूर्ति पदाधिकारी सामूहिक अवकाश पर जाने को बाध्य होंगे।

## हथियार सप्लायर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के मजूराहा फायरिंग रेंज के समीप से एक हथियार सप्लायर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से पांच पिस्टल, जिंदा कारतूस और मैगजीन जब्त हुआ है। गिरफ्तार सप्लायर समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर का मोहम्मद अहमद है। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली कि एक अंतरजिला हथियार सप्लायर भारी मात्रा में हथियार और कारतूस लेकर सप्लाई करने के लिए फायरिंग रेंज की तरफ गया है। सूचना पर एसपी स्वर्ण प्रभात ने सदर एसडीपीओ दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया। गठित टीम फायरिंग रेंज के पास पहुंची। जहां एक युवक पुलिस को देखकर भागने



जानकीं ते पुलिस।

लगा। उसके हाथ मे झोला था। पुलिस ने उसे खदेड़कर पकड़ा। तलाशी के दौरान झोला से पांच देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस 5 और मैगजीन 10 पीस जब्त हुआ। छापेमारी टीम में एसडीओपी के अलावे इंस्पेक्टर धर्मवीर भारती, रघुनाथपुर थानाध्यक्ष धनंजय कुमार आदि शामिल थे। पिसी करते हुए एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के दौरान कई अहम सुराग मिले हैं। इसका तार मुंगेर से जुड़ा हुआ है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# हरसिद्धि में महिला हत्याकांड का खुलासा, बेटा गिरफ्तार

## पुलिस ने चाकू, कपड़े, मोबाइल समेत 89,650 रुपये किए बरामद

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण के हरसिद्धि थाना क्षेत्र में महिला की हत्या और 45 हजार रुपये लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में मृतका नजमा खातून के पुत्र आलम हुसैन (23) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने ही अपनी मां की हत्या कर घटना को लूट का रूप देने की साजिश रची थी। उसकी निशानदेही पर खून लगा चाकू, कपड़े, मोबाइल फोन और 89,650 रुपये बरामद किए गए हैं।

**अरेराज से रुपये निकालकर लौट रही थी महिला**

पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार, 18 अगस्त को नजमा खातून (45) अरेराज स्थित बैंक से 45 हजार रुपये निकालकर अपने पुत्र आलम हुसैन के साथ बाइक से घर लौट रही थीं। इसी दौरान हरसिद्धि थाना क्षेत्र के सरैया गांव स्थित चिमनी के पास बाइक रोककर चार अपराधियों द्वारा मारपीट कर रुपये से भरा बैग लूट लेने की बात बताई गई



जानकारी देते पुलिस ।

थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की।

**सीसीटीवी फुटेज से खुला राज**

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से लेकर आने-जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में महिला और उसका पुत्र बाइक से जाते हुए दिखाई दिए, लेकिन उनके पीछे किसी संदिग्ध व्यक्ति के आने का साक्ष्य नहीं मिला। इससे पुलिस को लूट की कहानी पर संदेह हुआ। पूछताछ में आलम हुसैन के बयान में भी लगातार विरोधाभास सामने आया।

**पूछताछ में हत्या की बात स्वीकारी**

अरेराज डीएसपी रवि कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस की सख्ती से पूछताछ के बाद आलम हुसैन ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपनी मां की हत्या कर रुपये हड़पने की योजना बनाई थी। उसने अरेराज से चाकू खरीदा और मां को बहाने से ईंट के खेत की ओर ले गया। वहां हमला कर उनकी हत्या कर दी और शव को खेत में छोड़ दिया।

**लूट का रूप देने के लिए रची साजिश**

पुलिस के मुताबिक, हत्या के बाद आरोपी ने घटना को लूट का रूप देने के लिए मां की चप्पल व अन्य सामान इधर-उधर फेंके और सड़क पर रोने का नाटक किया। इसके बाद पुलिस को लूट की मनगढ़ंत कहानी बताई। सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।डीएसपी रवि कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस ने साक्ष्य जुटाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद सामान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मौके पर हरसिद्धि थानाध्यक्ष सहित पुलिस के अनेक पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा

#### ग्राम कचहरियों से अधिकाधिक वादों के निष्पादन का आह्वान

**मोतिहारी(एन एस बी)।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितंबर 2026 को सफल एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी द्वारा सदर मोतिहारी एवं रक्सौल अनुमंडल के प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों तथा ग्राम कचहरी सचिवों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी नितिन त्रिपाठी ने की।बैठक के दौरान ग्राम कचहरियों में लंबित मामलों की स्थिति तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निष्पादन किए जा सकने वाले वादों की समीक्षा की गई। सचिव श्री नितिन त्रिपाठी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम कचहरी स्तर पर अधिकाधिक वादों को चिन्हित कर उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम नागरिकों को आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवादों के शीघ्र समाधान का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। इसको ध्यान में रखते हुए ग्राम कचहरी सचिव एवं संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में लंबित वादों की पहचान कर पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विवाद के समाधान के लिए प्रेरित करें।सचिव श्री त्रिपाठी ने तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि निर्धारित कार्यो के निष्पादन में किसी भी स्तर पर कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य करते हुए अधिकाधिक वादों के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित करने का निर्देश दिया।बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विशेष बल दिया गया। सचिव ने निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनसामान्य तक राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी पहुंचाने के लिए उपलब्ध सभी प्रभावी माध्यमों का उपयोग किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कार्य के दौरान यदि किसी वाद के निष्पादन में तकनीकी अथवा प्रक्रियागत कठिनाई उत्पन्न होती है, तो संबंधित पदाधिकारी अथवा ग्राम कचहरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी कार्यालय से तत्काल संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करें। बैठक के अंत में सचिव श्री नितिन त्रिपाठी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों से समन्वित, समयबद्ध एवं परिणामोन्मुखी प्रयास करते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिकाधिक वादों का निष्पादन सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### अंबेडकर आवासीय विद्यालय में डीएम का औचक निरीक्षण

#### छात्रों की शिकायत पर एक सप्ताह में समाधान का निर्देश

**मोतिहारी(एन एस बी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने गुरुवार को ड़ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, सुगांव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वर्गवार कक्षाओं में जाकर छात्रों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। छात्रों ने जीविका की ओर से संचालित मेस और साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर शिकायत की। साथ ही आपूर्ति की गई पोशाक के माप एवं गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। छात्रों ने विज्ञान, गणित और हिंदी विषय के शिक्षकों की कमी, प्रयोगशाला का नियमित संचालन नहीं होने तथा त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम की जानकारी नहीं दिए जाने की शिकायत डीएम से की। जिलाधिकारी ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर उनका निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अनलाइन कोर्स से होगी पढ़ाई शिक्षकों की कमी को देखते हुए डीएम ने तत्काल बिहार बोर्ड का अनलाइन कोर्स उपलब्ध कराने तथा कक्षाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पर्याप्त पुस्तक, खेल सामग्री, संगीत उपकरण और जनरेटर की सुविधा उपलब्ध कराने को भी कहा। जिला कल्याण पदाधिकारी को जिला शिक्षा पदाधिकारी से समन्वय कर यथाशीघ्र विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कराने का निर्देश दिया गया। सही जवाब देने वाले छात्रों को किया सम्मानित निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षा आठ के छात्रों से गणित विषय से संबंधित प्रश्न पूछे। संतोषजनक जवाब देने पर छात्र पवन कुमार, संजीव कुमार और रूपेश कुमार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डीएम ने छात्रों को नियमित पढ़ाई के साथ अनुशासन बनाए रखने और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों के साथ मेस में किया अल्पाहार जीविका के मेस को लेकर छात्रों की शिकायत की जांच के लिए जिलाधिकारी ने छात्रावासी छात्रों के साथ मेस में अल्पाहार किया। उन्होंने मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने का सख्त निर्देश दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक और प्रबंधक को छात्रों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन कराने तथा विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने को कहा। नियमित निरीक्षण का निर्देश डीएम ने अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुगौली और थानाध्यक्ष सुगौली को विद्यालय का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। औचक निरीक्षण के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार पाण्डेय, एसडीओ अरुण कुमार, एसडीपीओ सदर-01 दिलीप कुमार, जीविका की जिला परियोजना प्रबंधक नूतन किरण, बीडीओ सुगौली, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सह विद्यालय प्रबंधक रंजीत कुमार, प्रधानाध्यापक पंकज कुमार, विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए सख्त निर्देश, दुर्घटना वाले स्थलों पर होंगे सुरक्षा उपाय

#### बैरिया देवी माई स्थान व देवराहा बाबा चौक के पास 60 किमी प्रति घंटे की गति सीमा, ब्लिंकर व रोड साइनेज लगाने का निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, हिट एंड रन मामलों में मुआवजा भुगतान तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित विभागों को दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। डीएम ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक, मोतिहारी को बैरिया देवी माई स्थान एवं देवराहा बाबा चौक से चंडी माई स्थान के समीप गति सीमा 60 किलोमीटर प्रति घंटे निर्धारित करने का निर्देश दिया। इन स्थानों पर ब्लिंकर और रोड साइनेज लगाने तथा सहायक मार्गो पर स्पीड ब्रेकर बनाने को भी कहा गया।एनएच से जुड़ने वाली सड़कों पर बनेंगे स्पीड ब्रेकर पथ प्रमंडल मोतिहारी एवं ढाका के कार्यपालक अभियंताओं तथा ग्रामीण कार्य विभाग के सभी कार्यपालक अभियंताओं को राष्ट्रीय राजमार्ग से मिलने वाले मार्गो पर आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर लगाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क से जुड़े स्थानों पर सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए।

#### दुर्घटना वाले स्थलों पर सुरक्षा उपाय का निर्देश

बैठक में जिले में हुए सड़क हादसों की समीक्षा की गई। तुरकौलिया के माधोपुर मठ, मुफस्सिल के मधुबनी घाट, डुमरियाघाट के हुसैनी बाजार, डुमरिया माई स्थान व पहल चौक, संग्रामपुर के भवानीपुर मठ व मंगलापुर, हरसिद्धि के मटियरिया कांटा, नगर थाना क्षेत्र के मरीन ड्राइव, कोटवा के बेलवा माधो व दीपऊ बंजरिया के शंकर ढाबा, ढाका के करमावा, छौड़ादानो के चौनपुर, मधुबन के जोगौलिया व तालिमपुर, पिपराकोठी के बरकुरवा, पताही के भकुरहिया, मेहसी के दामोदरपुर कट व बथना कट तथा चिरैया के ललबेगिया सहित अन्य दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय करने का निर्देश दिया गया।

#### हिट एंड रन मामलों की रिपोर्ट जल्द देने का निर्देश

हिट एंड रन सड़क दुर्घटनाओं में मुआवजा भुगतान की भी समीक्षा की गई। डीएम ने थाना एवं अंचल स्तर पर लंबित प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश सभी संबंधित थानाध्यक्षों और अंचलाधिकारियों को दिया।

#### शत-प्रतिशत प्रविष्टि का आदेश

सड़क दुर्घटनाओं की प-त।क्ष्म-व।त पोर्टल पर प्रविष्टि की भी समीक्षा की गई। सभी थानाध्यक्षों को निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी, एनएचएआई के परियोजना निदेशक, पथ प्रमंडल मोतिहारी एवं ढाका के कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष एवं अंचलाधिकारी तथा प्रवर्तन अवर निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बनमा इटहरी थाना पुलिस की कार्रवाई, दो कुर्की वारंटी गिरफ्तार



**बनमा इटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो कुर्की वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की ओर से जारी सूचना के अनुसार गिरफ्तार दोनों अभियुक्त लंबे समय से पुलिस की कार्रवाई के दायरे में थे।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मंटू यादव, पिता-महेशारी यादव, निवासी रसूलपुर, थाना बनमा इटहरी, जिला सहरसा तथा कारी यादव, पिता-गुणी यादव, निवासी रसूलपुर, थाना बनमा इटहरी, जिला सहरसा के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष कुंदन सहनी ने बताया कि वारंटियों एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### सहरसा पूर्णिया रेल खंड पर दो महिला चोर गहना जेवर साथ गिरफ्तार



सहरसा षहर (एनएसबी)। जीआरपी रेल थाना पुलिस ने दो महिला चोर को गिरफ्तार किया है। इसके निशान देही पर चोरी के कई सामान सोने गहना जेवर एवं पैसे भी बरामद हुआ।प्राप्त सूचना अनुसार बताया जा रहा है कि दोनों महिला सहरसा से पूर्णिया के बीच मधेपुरा मुरलीगंज और बनमनखी स्टेशन पर ट्रेनों में चोरी की घटना को अंजाम देती थी। रेल थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों महिला चोर को मधेपुरा और मुरलीगंज स्टेशन से गिरफ्तार किया। बीते 19 जुलाई को सहरसा से मनिहारी जा रही जानकी एक्सप्रेस में दोनों महिला ने मधेपुरा से ट्रेन खुलने के बाद एक यात्री के बैग के चैन को काटकर सामान चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद पीड़ित ने बीते 13 अगस्त को चोरी की घटना का मामला दर्ज कराया गया। घटना के बाद सहरसा रेल थाना पुलिस ने सहरसा से पूर्णिया के बीच लगभग सभी स्टेशन पर ट्रेनों में मुखबिर लगा दिए थे । इसके बाद दोनों आरोपी महिला को मधेपुरा और मुरलीगंज से अलग-अलग गिरफ्तार किया गया। दोनों की पहचान निहारिका देवी ,उम्र 28 वर्ष, पति राजकरण महतो, सा0 तारानगर, थाना कस्बा, जिला पूर्णिया वही दूसरी आरोपी मुस्कान देवी, उम्र 20 वर्ष, पति आयुष्मान महतो उर्फ गोलू सरायगढ़, थाना सरायगढ़, जिला सुपौल निवासी के रूप में पहचान की गई है। दोनों को गिरफ्तार कर बुधवार को रेलवे न्यायलय खगड़िया न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज के रिसर्च कमिटी के सदस्य बनें चैनपुर निवासी प्रो पंकज कुमार मिश्र



**सहरसा (एनएसबी)।** प्रो पंकज कुमार मिश्र सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज के रिसर्च कमिटी के सदस्य नियुक्त हुए हैं। वर्ष 2023- 24 में दिल्ली विश्वविद्यालय में वर्तमान केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अनुशंसा पर प्रारंभ किए हिन्दू अध्ययन केंद्र एक अपने तरह का आज के संदर्भ में एक विशेष शैक्षणिक प्रयोग है। देश ही नहीं बल्कि दक्षिण एशिया के सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में शुमार दिल्ली विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज में प्रो मिश्र बतौर शोध समिति के सदस्य की नियुक्ति डिप्टी रजिस्टर (स्थापना) के आधिकारिक नोटिफिकेशन के साथ हुआ है। मूलतः चैनपुर ग्राम निवासी और बहुचर्चित महाविद्यालय सेंट स्टीफेंस कॉलेज, नई दिल्ली में विगत 4 दशकों से अध्ययन और अध्यापनरत हैं। 15 से अधिक पुस्तकों के लेखक, 100 से अधिक शोध पत्र जो देश और विदेशों में विभिन्न सेमिनार में प्रस्तुत किए गए है और प्रकाशित हैं। समकालीन संस्कृत और भारतीय ज्ञान परंपरा के मूर्धन्य विद्वान प्रो पंकज कुमार मिश्र इसके अलावे 500 से अधिक व्याख्यान, संस्कृत और हिंदी में दे चुके हैं, आकाशवाणी और दूरदर्शन में संस्कृत प्रभाग के महत्वपूर्ण स्वर भी रह चुके हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का संस्कृत अनुवाद इनके ही द्वारा और इनके ही स्वर में आकाशवाणी के सभी केंद्रों से प्रसारित किया जाता है। सहरसा से असीम प्रेम के कारण प्रत्येक वर्ष श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव, महिषी के राष्ट्रीय सेमिनार में प्रो पंकज का सहभागी होना एक बड़ी उपलब्धि रही है इस क्षेत्र के लोगों के लिए। महिषी सहित आसपास के लोगों ने प्रो पंकज कुमार मिश्र की इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने के शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### सब्जी व दुग्ध उत्पादक समितियों के चुनाव में सभी पदों पर निर्विरोध चयन



सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)। सोनवर्षा प्रखंड प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड एवं दामोदरपुर दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड की प्रबंध समिति के निर्वाचन को लेकर गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। नामांकन के बाद दोनों समितियों के सभी पदों पर अभ्यर्थियों का निर्विरोध चयन तय हो गया है। सब्जी उत्पादक सहकारी समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव पद के लिए एक-एक तथा प्रबंध समिति सदस्य पद के लिए सात अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। वहीं दामोदरपुर दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति में अध्यक्ष पद के लिए एक तथा सदस्य पदों के लिए छह अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। बीडीओ अमित आनंद ने बताया कि 20 अगस्त को नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई। 21 व 22 अगस्त को नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी तथा 25 अगस्त को अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा। हालांकि मतदान एवं मतगणना की तिथि 1 सितंबर निर्धारित है, लेकिन सभी पदों पर निर्धारित संख्या में ही अभ्यर्थियों के नामांकन के कारण निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। सब्जी उत्पादक समिति के मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र मध्य विद्यालय सोनवर्षा हिंदी तथा दामोदरपुर दुग्ध उत्पादक समिति के लिए मतदान केंद्र मध्य विद्यालय बराही काशनगर निर्धारित किया गया है। सब्जी उत्पादक समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सहित नौ प्रबंधकारिणी सदस्यों तथा दामोदरपुर दुग्ध उत्पादक समिति में कुल 13 सदस्यों का निर्वाचन होना है।

### श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना में संगठन विस्तार, अनुग्रह सिंह बने जिला उपाध्यक्ष



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने संगठन का विस्तार करते हुए सोनवषार्राज प्रखंड क्षेत्र में नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। अनुग्रह सिंह को जिला उपाध्यक्ष, सावन कुमार सिंह को सोनवषार्राज प्रखंड अध्यक्ष तथा आशीष कुमार सिंह को प्रखंड उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह, प्रदेश महासचिव सत्यजीत सिंह ह्यमुन्ना, मीडिया प्रभारी आभाष कुमार रमन, प्रमंडल अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष कुमार सानू एवं जिला युवा अध्यक्ष अंकु सिंह ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। साथ ही संगठन को मजबूत करने और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। मनोनयन पर राजा प्रताप सिंह, दीपक कुमार सिंह, आशीष सिंह, सुजीत सिंह, कविंद्र सिंह उर्फ पालन सिंह, बादल सिंह, शुभम सिंह, अमरजीत सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, आशुतोष सिंह एवं कारू सिंह सहित अन्य लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। नई जिम्मेदारी मिलने से समर्थकों एवं संगठन से जुड़े लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों ने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 में संपूर्ण बिहार में 2 लाख 35 हजार आवासों का गृह प्रवेश

## आवास के चाबी एवं नए चयनित लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण



लाभुक स्वीकृति पत्र देते व डीएम

**सहरसा शहर (एनएसबी)।**मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में संपूर्ण बिहार में 2 लाख 35 हजार आवासों का गृह प्रवेश, आवास के चाबी एवं नए चयनित लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत शिवराज सिंह चैहान, मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं सम्राट चैधरी मुख्यमंत्री के द्वारा बापू सभागार, पटना में कार्यक्रम आयोजित हुई। उक्त कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय पदाधिकारी जुड़े रहे। विकास भवन सभागार सहरसा के सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमें रत्नेश सादा मंत्री आपदा प्रबंधन विभा एवं जिलाधिकारी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्तमान में स्वीकृत नए लभुकों को स्वीकृति पत्र तीनों किस्त की सहायता सहायता राशि प्राप्त कर चुके लाभुकों को बधाई पत्र एवं आवास निर्माण कार्य पूर्ण कर चुके लाभुकों को प्रतीकात्मक चाबी का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी सहित संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी आवास कर्मी एवं लाभुक उपस्थित थे।

## सोलर जागरूकता रथ को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



रथ को रवाना करते डीएम

**सहरसा (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आम उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को सोलर जागरूकता रथ को जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ विधुत अधीक्षण अभियंता, वरिष्ठ प्रबंधक, विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहरसा एवं सिमरी बख्तियारपुर, प्रबंधक सहित सभी सहायक एवं कनीय विद्युत अभियंता तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सोलर रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर, सब्सिडी, आवेदन प्रक्रिया एवं योजना के लाभ की जानकारी दी जाएगी। विभाग द्वारा आम उपभोक्ताओं से अपने घर की छत पर सोलर प्लांट लगाकर प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ उठाने का अनुरोध किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि सोलर लगाएं, सब्सिडी पाएं सोलर क्षमता केंद्र $ बिहार सरकार की कुल सब्सिडी अनुमानित उत्पादन आवश्यक छत क्षेत्र लगभग 80 वर्गफुट एक किलोवाट के लिए 40 हजार रुपए,दो किलोवाट लगभग 8 यूनिट लगभग 160 वर्गफुट के लिए 80 हजार तथा तीन किलोवाट या अधिक के लिए लगभग 98 हजार सब्सिडी दी जा रही है। सौर ऊर्जा का उत्पादन धूप, मौसम, पैनल की दिशा एवं अन्य परिस्थितियों पर निर्भर करता है। जन-जन का संदेश ह्लछत पर सोलर लगाएं, बिजली बिल में बचत पाएं। सौर ऊर्जा अपनाएं बिजली बचाएं, पर्यावरण बचाएं।

## संत शिरोमणि रविदास कलश यात्रा ने बढ़ाई सामाजिक सौहार्द की लहर



शोभायात्रा के दौरान भजन-कीर्तन करते

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** सलखुआ प्रखंड क्षेत्र के मोबरकपुर में गुरुवार को आयोजित संत शिरोमणि रविदास कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सिकेंद्र सादा, पैक्स अध्यक्ष मिथलेश यादव, तथा संत रविदास अधिकार मंच के प्रांतीय सचिव अशोक राम सहित कई प्रमुख वक्ताओं ने भाग लेकर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन और शिक्षाओं का उलेख करते हुए कहा कि वे सामाजिक समरसता, मानवता और जातिगत कुरितियों के विरुद्ध अग्रणी रहे। उन्होंने कहा कि संत रविदास की बातें आज भी प्रासंगिक हैं और दलितों तथा समाज के वंचित वर्गों को भेदभाव और भ्रांतियों से उबारने में मार्गदर्शक हैं। सभा में दिए गए संदेशों में शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक समन्वय पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में रानीबाग मार्ग से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएँ और पुरुष, बूढ़े और बच्चे सबने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान भजन-कीर्तन और सत्संग का भी आयोजन हुआ। उपस्थित प्रमुख लोगों में गगन कुमार, छोटू कुमार, दीपक राम, अनूप दास, मुकेश राम, संतोष राम, सुंदरम कुमार, निवास रजक, राकेश रजक, ललन सादा, सरोबर सादा, गोपाल चैधरी, मनोज चैधरी, दुःखन साह, राकेश राम, टूनाय राम, संजय राम, कारी सादा, देवकीनंदन यादव, दिनेश प्रसाद यादव, बिजेंद्र यादव, रामस्वरूप यादव, उमेश शर्मा, चुल्लहाय शर्मा, रंजन शर्मा, रायजी शर्मा, कैलाश शर्मा, बबलू शर्मा, रविन्द्र साह, बिशो ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, शंभू ठाकुर, संतोष ठाकुर, नित्यानंद, बदई, जयकांत मालाकार, राजेश मालाकर, रूबी देवी, दीपिका देवी, संजू देवी, रामधनी देवी, कौशल राम और पप्पू यादव सहित अनेक नागरिक रहे।

## बकरी चराने के विवाद में मारपीट, लोहे की रॉड से हमला करने का आरोप



इलाजरत घायल

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के कासिमपुर टोलवा वार्ड नंबर-05 में बकरी चराने को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। मामले को लेकर राजकुमार यादव, पिता स्व. बन्देलाल यादव ने बनमा ईटहरी थाना में आवेदन देकर कई लोगों पर मारपीट, सोने की बाली छीनने और जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड से हमला करने का आरोप लगाया है। थाना में दिए आवेदन के अनुसार घटना 17 अगस्त 2026 की शाम करीब 4रू30 बजे की है। राजकुमार यादव ने बताया कि वह अपने घर पर था। इसी दौरान संजय कुमार राय, शशि कुमार राय, रोहित कुमार एवं पाण्डव कुमार समेत अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और उसकी बकरी द्वारा खेत में फसल चरने की बात कहते हुए गाली-गलौज करने लगे। बकरी द्वारा नुकसान की भरपाई करने की मांग को लेकर विवाद बढ़ गया। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि विवाद के दौरान आरोपितों ने राजकुमार यादव के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी पुनिता देवी और मां सुमा देवी के साथ भी मारपीट की गई। इसी दौरान रोहित कुमार और पवन कुमार द्वारा लाठी से मारकर उसकी मां को जमीन पर गिराने का आरोप लगाया गया है। वहीं, उसकी पत्नी के कान से करीब 55 हजार रुपये मूल्य की सोने की बाली जबरन तोड़कर ले जाने का भी आरोप लगाया गया है। राजकुमार यादव ने आवेदन में आगे बताया कि विरोध करने पर संजय कुमार राय ने कथित तौर पर जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड से उसके शरीर पर हमला किया। घटना के दौरान उसका भाई ब्रजेश कुमार भी मौके पर पहुंचा, जिसके साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। आरोप है कि संजय कुमार राय ने उसके सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा और बेहोश हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। पीड़ित ने पुलिस से आवेदन के आधार पर मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पतरघट पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 144 लीटर प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

## दो वाहन व पांच मोबाइल भी बरामद, पटना से सहरसा ले जाया जा रहा था कफ सिरप



**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक सहरसा के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थ, शराब के निर्माण, बिक्री, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पतरघट थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 144लीटर प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। मौके से एक स्कॉर्पियो और एक बलेनो वाहन सहित पांच मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम गश्ती के दौरान पतरघट थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अतलखा-मधेपुरा मुख्य मार्ग से एक स्कॉर्पियो में अवैध सामग्री लेकर पतरघट की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना से वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस ने बिशनपुर के समीप वाहन को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही स्कॉर्पियो चालक वाहन को तेजी से घुमाकर बिशनपुर वार्ड नंबर छह की ओर ले गया और वाहन छोड़कर भागने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर चालक को पकड़ लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 144 लीटर प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद हुआ। गिरफ्तार तस्कर की पहचान ललटू कुमार उर्फ शैशव कुमार, पिता आदित्य प्रसाद यादव, निवासी आदर्श नगर वार्ड आठ, मधेपुरा के रूप में हुई। पूछताछ एवं उसके निशानदेही के आधार पर एफसीआई गोदाम के समीप छापेमारी कर बलेनो वाहन के साथ तीन अन्य सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में डब्लू यादव उर्फ डब्लू कुमार, पिता जयराम यादव, निवासी पटुआहा वार्ड 21, सहरसा; रोशन कुमार, पिता सुनील कुमार, निवासी फूलौत, थाना आलमनगर, मधेपुरा तथा पुकार आनंद, पिता हरेराम मंडल, निवासी भानटैथी, मधेपुरा शामिल हैं। पतरघट थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में यातायात डीएसपी ओमप्रकाश ने बताया कि मामले में पतरघट थाना कांड संख्या 175/2026 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपितों को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपितों ने कफ सिरप पटना से सहरसा ले जाने की बात स्वीकार की है। मामले में फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेज की गंभीरता से जांच की जा रही है, ताकि तस्करी से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जा सके। बरामदगीरू 144 लीटर प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप, एक स्कॉर्पियो, एक बलेनो वाहन एवं पांच मोबाइल। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष शशि कुमार, सअनि अजय पासवान सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## बनमा ईटहरी में सोलर योजना को लेकर बढ़ा रुझान, 100 से अधिक आवेदन प्राप्त



आवेदन लेते कनीय अभियंता

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में केंद्र सरकार की सोलर योजना को लेकर लोगों में लगातार रुचि बढ़ रही है। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता नंदकिशोर कुमार ने गुरुवार को बताया कि योजना के तहत अब तक 100 से अधिक उपभोक्ताओं ने आवेदन किया है। इनमें से तीन उपभोक्ताओं के घरों पर जल्द ही सोलर सिस्टम लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जेई ने बताया कि चयनित लाभुकों में लालपुर गांव के नीरज कुमार और सरबेला गांव के शब्बर आलम समेत अन्य उपभोक्ता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरबेला और जमालनगर गांव से सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। नंदकिशोर कुमार ने बताया कि घर पर सोलर सिस्टम लगवाने पर केंद्र सरकार की ओर से 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है, जबकि बिहार सरकार की ओर से अधिकतम 20 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी का प्रावधान है। इससे उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा अपनाने में आर्थिक राहत मिलेगी और बिजली खर्च में भी कमी आ सकती है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से योजना का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक आवेदन करने की अपील की। योजना, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की पूरी जानकारी के लिए 9264438923 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। मौके पर नवीन कुमार, शाहिल कुमार गुप्ता, मिथलेश कुमार, पप्पू कुमार, मनोज कुमार, आयुष कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## 08 रात और 09 दिन की ज्योतिर्लिंग दर्शन एवं श्री साईं दर्शन सर्वसमावेशी धार्मिक यात्रा का अनुभव प्रदान, भारत गौरव पर्यटक ट्रेन बेतिया से शुभ-यात्रा आरंभ तिथि 01 सितम्बर, 2026



भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड जो रेलवे मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक ह्यनवरत्नह्ल सार्वजनिक उपक्रम है। एक अनोखी सांस्कृतिक एवं धार्मिक रेल-पर्यटन पहल-ज्योतिर्लिंग दर्शन एवं श्री साईं दर्शन यात्रा का शुभारंभ करने जा रहा है। यह यात्रा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन योजना के अंतर्गत संचालित की जाएगी।यह विशेष रूप से तैयार किया गया टूर म्ठळ-32, बेतिया से 01 सितम्बर, 2026 को प्रारंभ होगी और यात्रियों को 08 रात और 09 दिन की सर्वसमावेशी धार्मिक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। इस यात्रा के दौरान भारत के प्रमुख ज्योतिर्लिंगों एवं प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन कराए जाएंगे। कुछ सीटें अब भी उपलब्ध इस ट्रेन में अब तक लगभग 340 सीटें बुक हो चुकी है और लगभग 160 सीटें खली हैं जिसका विवरण निम्न है। इकॉनमी क्लास में उपलब्ध सीटें 120, स्टैंडर्ड क्लास में उपलब्ध सीट 40, कम्फर्ट क्लास में सीटें उपलब्ध नहीं है। मुख्य तीर्थ एवं दर्शनीय स्थल उज्जैन-महाकालेश्वर एवं ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग, नाशिक-त्रयम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, शिरडी-श्री साईं बाबा, छत्रपति संभाजीनगर-घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं एलोरा कि गुफाएं। यह पहल भारत सरकार के ह्यदेखो अपना देशह्ल और ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारतह्ल अभियानों के तहत आयोजित की जा रही है। इन अभियानों का उद्देश्य घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देना, सांस्कृतिक एकता को प्रोत्साहित करना तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों के बीच भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करना है। बोर्डिंग एवं डी-बोर्डिंग स्टेशन।बेतिया-सुगौली-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा-समस्तीपुर-मुज्जफरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-आरा-बक्सर-दिलदारनगर-पं. दीन दयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी यह पैकेज पूर्ण रूप से समावेशी हैं,

## विश्व का सबसे लंबा मिथिला पेंटिंग बनाने का हिस्सा रही खुशबू, रामायण पर बनी 108 मीटर लंबी मिथिला पेंटिंग वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल

### 160 छात्र-छात्रा कलाकारों ने जीवंत कलाकृति की पेश, बना आकर्षण



खुशबू कुमारी उर्फ खुशबू चैधरी

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सम्पूर्ण रामायण पर विश्व का सबसे लंबा मिथिला पेंटिंग का हिस्सा मधुबनी के बेनीपट्टी अनुमंडल के हरलाखी पंचायत के जिरौल गांव की बेटी युवा आर्टिस्ट खुशबू कुमारी उर्फ खुशबू चैधरी रही। जिला प्रशासन मधुबनी और मिथिला चित्रकला संस्थान मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में रामचरित मानस के 51 प्रसंगों का मिथिला पेंटिंग में महज चार दिन में जीवंत चित्रण किया गया, जिसकी जांच के बाद वर्ल्ड रिकॉर्डर्स यूनियन ने उसका मानकीकरण करते अपनी मुहर लगाई।कलाकृति को संस्थान के 160 छात्र-छात्रा कलाकारों ने कैनवास पर इस तरह से उकेरा जिससे वह देखने में काफी भव्य और जीवंत लग रही है। सम्पूर्ण रामायण की आकर्षक कलाकृति बनाने का हिस्सा रही मिथिला पेंटिंग आर्टिस्ट खुशबू जिरौल गांव निवासी अमोद चैधरी और सुनैना देवी की पुत्री है। राज्यसभा सांसद संजय झा, बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह, डीएम आनंद शर्मा, मिथिला चित्रकला संस्थान के निदेशक चन्द्रशेखर प्रसाद सिंह, उप निदेशक नीतीश कुमार ने सम्पूर्ण रामायण को विश्व के सबसे लंबे 108 मीटर मिथिला पेंटिंग का आकार देने के लिए कलाकारों और मार्गदर्शकों की भूमिका को सराहा। दस साल से मिथिला पेंटिंग के क्षेत्र में कार्य कर रही काफी प्रतिभावान मिथिला पेंटिंग आर्टिस्ट खुशबू कुमारी उर्फ खुशबू चैधरी मिथिला की पौराणिक संस्कृति को कैनवास, पोस्टर व दीवारों पर जीवंत आकार देने में माहिर है। यही वजह है कि उनकी उत्कृष्ट कलाकृति को देखकर बिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग ने कला मंगल प्रदर्शनी कार्यक्रम 2024-25 के तहत लोककला के 22 प्रतिभावान युवा कलाकारों की सूची में इन्हें शामिल किया। बिहार ललित कला अकादमी पटना में आयोजित राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में खुशबू ने महाकवि विद्यापति और मिथिला के पावन पर्व चैथ चांद( चैरचन ) पर आकर्षक कलाकृति प्रस्तुत किया, जिसके लिए इन्हें पुरस्कार भी मिला। बिहार ललित कला अकादमी में ही वर्ष 2023 में बिहार दिवस पर शिव पार्वती का मिथिला पेंटिंग में जीवंत चित्रण किया, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। खुशबू अपने संस्थान अश्क हैंडीक्राफ्ट के जरिए अप्रैल 2023 से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों और महिलाओं को पौराणिक लोककला मिथिला पेंटिंग का मुफ्त प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगारी बना रही है। वस्त्र परिधानों, पर्स, झोला, मोबाइल कवर, क्रोकरी सामग्रियां सहित अन्य चीजों को मिथिला पेंटिंग से सुसज्जित करने में निपुण है।

# खगड़िया के सर्वांगीण विकास के लिए फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी : सांसद

**खगड़िया (एनएसबी)।** खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, बुनियादी ढ़ांचे की मजबूती और लोक-संस्ति के संरक्षण के संकल्प के साथ सांसद राजेश वर्मा ने परबत्ता विधानसभा क्षेत्र के गोगरी-जमालपुर नगर परिषद अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण किया एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लिया। सांसद ने परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य की उपस्थिति में गोगरी-जमालपुर नगर परिषद के वार्ड संख्या-02 में 43.30 लाख रुपये की लागत से निर्मित पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला का उद्घाटन किया। इसके साथ ही वार्ड संख्या-20 में 69.91 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुए पोखर जीर्णोद्धार एवं छठ घाट निर्माण कार्य का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। उद्घाटन के उपरांत सांसद ने नगर परिषद सभागार में आयोजित बोर्ड की बैठक में भाग लिया। बैठक में विधायक बाबूलाल शौर्य, सभापति रंजीता कुमारी निषाद, उपसभापति राजेश कुमार पंडित एवं सभी पार्षण मौजूद रहे। पार्षदों द्वारा क्षेत्र की लंबित योजनाओं और समस्याओं से अवगत कराए जाने पर सांसद ने स्पष्ट किया कि फंड के अभाव में रुकी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर स्वीति दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभागीय मंत्रियों और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलकर राशि आवंटित कराई जाएगी। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बेहतर समन्वय से पूरे खगड़िया में विकास कार्यो को नई गति दी जाएगी। वही माधवपुर पंचायत के विष्णुपुर में आमजनों से संवाद करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने जनसमस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने घोषणा की कि विष्णुपुर में एक भव्य पुस्तकालय का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि स्थानीय सड़कों के साथ-साथ पूरे जिले में लगभग 350 सड़कों का निर्माण व जीर्णोद्धार कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि परबत्ता क्षेत्र में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए कल-कारखाने स्थापित करने की दिशा में सरकार पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। सांसद ने जमालपुर में आयोजित ऐतिहासिक विषहरी-बिहुला मेला का विधिवत उद्घाटन किया और माँ बिहुला की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। मेला समिति द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि विषहरी-बिहुला मेला हमारी समृद्ध लोक-संस्ति, गहरी आस्था और परंपरा का जीवंत प्रतीक है, जो समाज में आपसी समरसता और सांस्तिक जुड़ाव को मजबूत करता है।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।


सांसद राजेश वर्मा व अन्य।

## समरसता संकल्प अभियान के तहत निकाली गयी कलश यात्रा

**बेलदौर।** संत रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के तहत बेलदौर प्रखंड में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गुरुवार को प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी रणजीत सिंह ने बेलदौर स्थित आईटी भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया।यह अभियान बिहार महादलित मिशन पटना तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के निर्देशानुसार पत्रांक 1865, दिनांक 17 अगस्त 2026 आयोजित किया जा रहा है। समरसता संकल्प अभियान के तहत 18 अगस्त 2026 से 15 फरवरी 2027 तक प्रखंड के सभी अनुसूचित जाति एवं महादलित टोलों में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की मुख्य कड़ी के रूप में 27 अगस्त 2026 से 15 फरवरी 2027 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को महादलित टोलों में गुरु रविदास विकास शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन विशेष शिविरों का मुख्य उद्देश्य 22 विभिन्न सरकारी विभागों की कल्याणकारी व लाभकारी योजनाओं को सीधे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और उन्हें लाभान्वित करना है। प्रखंड कार्यालय परिसर से शुरू हुई यह कलश यात्रा क्षेत्र के सभी महादलित टोलों से होकर गुजरी। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी नितेश कुमार के साथ-साथ विकास मित्र अशोक कुमार, हरिकिशोर सादा, कैलाश सादा, कविता कुमारी, भारती कुमारी, प्रियंका कुमारी, हीरा कुमारी सहित सभी विकास मित्र एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।


कलश यात्रा को रवाना करते अधिकारी व अन्य।

## मेला देखने जा रहे लोगों पर हमला, दो युवक गंभीर घायल

**परबत्ता।** थाना क्षेत्र के कुल्हाड़िया पंचायत अंतर्गत सलारपुर गांव के कई लोग टेंपो से कोलवारा गांव में मेला देखने जा रहे थे। इसी दौरान कुल्हडिया - कोलवारा पथ पर कुछ युवकों ने टेंपो रोककर उनके साथ मारपीट कर दी। अचानक हुए हमले में कई लोग घायल हो गए। घटना में आशीष कुमार और गोविंद कुमार गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घटना के संबंध में घायल आशीष कुमार ने बताया कि वे लोग टेंपो से मेला देखने जा रहे थे। रास्ते में कुछ युवक सड़क के बीच खड़े थे। रास्ते से हटने के लिए कहने पर युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान उन्हें और अन्य लोगों को बगीचे की ओर ले जाकर भी पीटा गया। आशीष कुमार ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान आरोपित युवकों ने उनका मोबाइल और रुपये भी ले लिए। घटना में सलारपुर गांव निवासी सुशांत कुमार, गोविंद कुमार, आशीष कुमार समेत कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए परबत्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। इनमें आशीष कुमार और गोविंद कुमार की हालत अधिक गंभीर बताई जा रही है। घायलों का कहना है कि सभी लोग मेला देखने के लिए जा रहे थे और रास्ते में एक साथ कई युवकों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। आवेदन मिलने के बाद मारपीट और मोबाइल व रुपये ले जाने के आरोपों की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


घायल व्यक्ति।

## दर्जनों दिव्यांगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**खगड़िया।** गुरुवार को सदर अस्पताल में दिव्यांगों के लिए लगने वाले शिविर में जिले विभिन्न क्षेत्रों से आये दर्जनों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में शामिल ई एन टी विशेषज्ञ ड विद्या नंद सिंह, नेत्र विशेषज्ञ ड अखलाक अहमद, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डा0 अमित कुमार समेत हड्डी रोग विशेषज्ञ डा0 अभय कुमार ने बताया कि शिविर में दो दर्जन से भी अधिक लोगों का स्वास्थ्य परिक्षण के साथ रेलवे कन्सेशन के लिए दिव्यांग व्यक्तियों के प्रमाण-पत्र की जांच एवम सत्यापन भी किया गया। उन्होंने बताया कि गोगरी जमालपुर के मुन्ना चौरसिया, मोरकाही के दीपक कुमार, अमनी मानसी के प्रमिला कुमारी, परबत्ता नया गांव की सुलेखा कुमारी, गंगौर निवासी सुशील कुमार शर्मा, रोहियामा बेलदौर निवासी प्रियंका कुमारी, बरविग्घी बेगूसराय निवासी तनमा कुमारी सहित अन्य लोगों का प्रतिशत अंक के लिए विशेषज्ञ द्वारा जांच किया गया। डा0 अभय कुमार ने बताया कि रेलवे कन्सेशन के लिए अन्य दिव्यांगो सहित हादसे में अपनी एक पैर गवां चुके बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद के भी दिव्यांग प्रमाण-पत्र की जांच एवम सत्यापन की गई। उन्होंने बताया कि प्रतिशत अंकों के आधार पर लाभार्थियों सिविल सर्जन कार्यालय से दूसरे दिन प्रमाण-पत्र निर्गत किए जाने का प्रावधान है।


स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक।

## कृषि उप निदेशक यांत्रिकरण ने कृषि यंत्र बैंक का औचक निरीक्षण किया

**खगड़िया।** प्रगतिशील षक हितार्थ समूह छोटी बलहा के कार्यालय में कृषि उप निदेशक यांत्रिकरण मुरारी कुमार ने कृषि यंत्र बैंक का औचक निरीक्षण किया। समूह के सचिव संतोष कुमार के साथ अधिकारियों ने ट्रैक्टर,सीडर,थ्रेसर सहित अन्य पांच यंत्रों का अवलोकन किया। सचिव ने यंत्रों की स्थिति से उन्हें अवगत कराया। समूह के कार्य प्रबंधन से संतुष्ट हुए। समूह के अध्यक्ष शशि मोहन प्रभाकर ने बताया कि 2024 में षि विभाग खगड़िया द्वारा हमारी समूह को अनुदानित दर पर षि यंत्र दी गई थी। जिसका आज प्रथम बार जिला के अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया गया है।मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी अभय कुमार मंडल ,जिला षि विपणन पदाधिकारी चितरंजन चौधरी, समूह कोषाध्यक्ष राजेश महतो,सदस्य गिरिवर नारायण चौधरी,मुकेश सिंह,अजय कुमार,रामजी सिंह सहित दर्जनों किसान मौजूद थें।


निरीक्षण करते अधिकारी।

# ढ़ोल नगाड़ों के साथ फरारी के घर पहुंची पुलिस, चिपकाया इश्तेहार

**बेलदौर (एनएसबी)।** बेलदौर पुलिस ने गुरूवार को ढ़ोल-नगाड़ों के साथ 6 नामजद एवं अप्राथमिक अभियुक्तों के घरों पर इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आरोपी अगले 5 दिनों के भीतर न्यायालय या थाने में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके घरों की कुर्की-जब्ती की जाएगी। पुलिस की इस दबिश को देखने के लिए मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। बताते चले कि बेलदौर थाना क्षेत्र के दिघौन पंचायत के बड़ी तरौना स्थित मेहता बासा गांव में हुई एक महिला की हत्या के मामले में नामजद आरोपी मोहम्मद शाहिद, अजमेरी खातून और मोहम्मद मोहताब घटना के दिन से ही फरार चल रहे हैं। जबकि308ध्25 दिघौन पंचायत के वार्ड नंबर 4 में मोहम्मद अयूब के पुत्र मुन्ना के बयान पर दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मोहम्मद साविल पिता मोहम्मद ताहिद सहित चार लोगों पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। इसमें मुख्य आरोपी साविल अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। कांड संख्या 312ध्25 नगर पंचायत बेलदौर के वार्ड संख्या 12 निवासी सौरव कुमार (पिता शिरो शर्मा) और वार्ड नंबर 7 श्रीपुर गांव निवासी अर्जुन कुमार (पिता बबलू चौधरी) अप्राथमिक अभियुक्त के रूप में नामजद हैं और लगातार फरार चल रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए बेलदौर थाना के एसआई अभिषेक कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल दल-बल और ढ़ोल-नगाड़ों के साथ सभी आरोपियों के ठिकानों पर पहुंची। पुलिस ने इश्तेहार चस्पा किया और पांच दिनों के भीतर आत्मसमर्पण करने का अल्टीमेटम दिया। इस दौरान मौके पर एस आई अभिषेक कुमार, चौकीदार राजेश पासवान, जया किशोर भगत, सिंटू कुमार और दफोदार विजय पासवान समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से इलाके के अपराधियों में हड़कंप मच गया है।


इश्तेहार चिपकाने जाती पुलिस।

## संक्षिप्त खबरें

### दो सरकारी नौकरी छोड़कर अब बनेगें स्टेशन मास्टर

**गोगरी।** नगर परिषद गोगरी वार्ड न0 बारह के एक छात्र ने क्षेत्र का नाम बढ़ाया है। नगर परिषद बारह निवासी मो0 अहसान अंसारी का पुत्र मो0 सिफतुल्लाह ने रेलवे भर्ती परीक्षा मे शानदार सफलता हासिल कर स्टेशन मास्टर के पद पर चयन हो क्षेत्र का मान बढ़ाया है। मो0 सिफतुल्लाह जोन गुवाहाटी रहा, जहाँ उन्होंने 2496 अभ्यर्थियों मे 38 वीं रैंक हासिल की, वहीं अल इंडिया स्तर पर 63672 अभ्यर्थियो में 203 वीं रैंक प्राप्त किया है। मो0 सिफतुल्लाह का चयन सर्वप्रथम बीएसएफ में हुआ था।बीएसएफ की नौकरी करते हुए ही उन्होंने रेलवे फोर्थ ग्रेड परीक्षा पास किया और बी एस एफ की नौकरी को छोड़ कर रेलवे फोर्थ ग्रेड की नौकरी कर ली। फिर यह नौकरी करते हुए ही उन्होंने रेलवे स्टेशन मास्टर की परीक्षा पास किया और अब वे इस नौकरी को करेंगे। वहीं इस सफलता से परिजनों शुभचिंतको एवं क्षेत्र के लोगों सहित मध्य विद्यालय के प्राचार्य अमीन असगर ने खुशी जाहिर किया है। लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### दरवाजे पर खड़ी पल्सर मोटरसाइकिल की चोरी

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के पनसलवा गांव में चोरों ने घर के दरवाजे पर खड़ी एक पल्सर मोटरसाइकिल चोरी कर ली। घटना के संबंध में बेलदौर थाना क्षेत्र के पनसलवा गांव निवासी अंकुश राज की 22 वर्षीया पत्नी शिवानी कुमारी ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की की मांग की है।पीड़िता द्वारा थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार बीते सोमवार की अहले सुबह जब परिजन उठे तो देखा कि दरवाजे पर खड़ी पल्सर मोटरसाइकिल गायब थी। घटना के बाद आसपास काफी खोजबीन की गई, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिल सका। काफी खोजबीन के बाद निराश होकर पीड़िता ने बेलदौर पुलिस को मामले की लिखित सूचना दी। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल और चोरों का पता लगाने में जुट गई है।

### बलुआही में अन्तर्राज्यीय दंगल प्रतियोगिता जुटेगें दिग्गज पहलवानरू मनोहर यादव

**खगड़िया।** जिला मुख्यालय के बलुआही ठाकुरबाड़ी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झूलन महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष झूलन महोत्सव के अवसर पर 24 अगस्त से 26 अगस्त तक भजन कीर्तन,27 अगस्त एवं 28 अगस्त को रात्रि के 09 बजे से सांस्तिक कार्यक्रम किया जायेगा। झूलन महोत्सव के अवसर 24 अगस्त से 28 अगस्त तक ठाकुर जी का आरती एवं भोग का महाप्रसाद वितरण रात्रि के 08 बजे से होगा। 24 अगस्त को लड्डू भोग का प्रसाद,25 अगस्त को बर्फी भोग का प्रसाद,26 अगस्त को खीर भोग प्रसाद, 27 अगस्त को हलवा भोग का प्रसाद एवं 28 अगस्त को तसमय भोग का प्रसाद का वितरण किया जायेगा। कुश्ती कमिटी के सदस्य सह वार्ड पार्षद रणवीर कुमार ने कहा कि 24 अगस्त से 27 अगस्त तक दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।दंगल का अखड़ा पर पूरे विधि विधान से ध्वजारोहण हो गया है। राजद जिलाध्यक्ष सह बलुआही ठाकुरबाड़ी के सदस्य मनोहर कुमार यादव ने बताया कि आज दंगल के अखड़ा पर ध्वजारोहण पूरे विधि विधान से किया गया। अखाड़ा का नियम है कि ध्वजारोहण के बाद ही पहलवान अखाड़ा पर पगलवानी करते हैं। जो आसपास के पहलवान हैं बलुआही ठाकुरबाड़ी के अखाड़ा पर अभ्यास कर करेगें ताकि वे भी दंगल में तैयारी के साथ भाग ले सकेंगे। झूलन महोत्सव के अवसर पर अन्तर्राज्यीय दंगल प्रतियोगिता में दिल्ली,हरियाणा,पंजाब,उत्तर प्रदेश सहित बिहार के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के पहलवान भाग लेगें। दंगल 03 बजे से शाम के 06 बजे तक होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 60 वर्षीया वृद्ध महिला के साथ मारपीट

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के दिघौन गांव में एक 60 वर्षीया वृद्ध महिला के साथ बिना किसी कारण मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना को लेकर पीड़िता, दिघौन गांव निवासी मोहम्मद साबिर की पत्नी अफसाना खातून (60 वर्ष) ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार, घटना गुरुवार दोपहर करीब की बतायी जा रही है। पीड़िता अपने घर पर थी, तभी गांव के ही 55 वर्षीय मोहम्मद साहब के परिजनों ने बिना किसी कारण और उकसावे के उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और उन्हें चोटिल कर दिया। इस संबंध में बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़िता की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की गहनता से जांच-पड़ताल कर रही है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हथियार प्रदर्शन का वीडियो वायरल, देशी कट्टा के साथ विधि विरुद्ध बालक निरुद्ध

**परबत्ता।** थाना क्षेत्र में अवैध हथियार के साथ प्रदर्शन करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परबत्ता पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद इलाके में हथियारों के प्रदर्शन को लेकर सख्ती का संदेश गया है। पुलिस के अनुसार, परबत्ता थाना को सूचना मिली थी कि एक विधि विरुद्ध बालक द्वारा अवैध हथियार के साथ प्रदर्शन किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक खगड़िया के निर्देश पर अवैध हथियार की बरामी एवं मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई।गठित टीम ने सूचना के आधार पर छानबीन और आसूचना संकलन किया। इसके बाद पुलिस टीम ने संबंधित विधि विरुद्ध बालक के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक देशी कट्टा बरामद करते हुए बालक को निरुद्ध कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है।पुलिस के मुताबिक, मामले को लेकर परबत्ता थाना में कांड दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस वायरल वीडियो के संबंध में भी जांच कर रही है कि हथियार का प्रदर्शन कब और किस परिस्थिति में किया गया था। छापेमारी दल में परबत्ता थाना के पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अरुण कुमार सिंह, डीआईयू टीम तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध हथियार रखने और उसका प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### महाराष्ट्र में सड़क हादसे में घायल भरसो गांव के मुकेश चौधरी की पटना में इलाज के दौरान मौत, शव पहुंचा गांव

**परबत्ता।** प्रखंड क्षेत्र के भरसो गांव निवासी मुकेश चौधरी, पिता स्वर्गीय दरोगा चौधरी, की महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मुकेश महाराष्ट्र में चालक के रूप में कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। हादसे के बाद उन्हें इलाज के लिए पटना लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। गुरुवार देर रात मुकेश का शव पैतृक गांव भरसो पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव देखते ही धर्मपत्नी सहित परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों की भी आंखें नम हो गईं।मुकेश अपने परिवार के एकमात्र कमाऊसदस्य थे। उनकी मौत से पत्नी, चार बेटियां और दो छोटे बेटे पूरी तरह बेसहारा हो गए हैं। परिवार पर अचानक दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों के करुण क्रंदन से पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया।

### सेवानिवृत्त अध्यापिका सबिहा बानो के निधन पर जदयू नेताओं ने जताया शोक

**खगड़िया।** सदर प्रखंड के माड़र निवासी एवं जदयू जिला महासचिव सह जिला बीससूत्री सदस्य मो़ फिरदोस आलम की माता तथा सेवानिवृत्त अध्यापिका सबिहा बानो का बुधवार देर संध्या आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से माड़र सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रिश्तेदारों, ग्रामीणों एवं जदयू परिवार के लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की।निधन की सूचना पर जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने गुरुवार को उनके आवास पर पहुंचकर पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन किया तथा पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जदयूअतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कुमार पटेल, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजकुमार फोगला, जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, जिला उपाध्यक्ष निर्मला कुमारी, जिला महासचिव राजीव रंजन, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मो़ शहाब उद्दीन, युवा जदयू जिलाध्यक्ष सावन कुमार बंटी, महासचिव अनुज कुमार शर्मा, जयप्रकाश मौर्य, नगर परिषद अध्यक्ष प्रभात शर्मा, जदयू नेता अविनाश पासवान,मुन्नी जायसवाल, वंदना भारती एवं राजद नेता जुल्फिकार अली सहित अन्य नेता मौजूद रहे।जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने मो़ फिरदोस आलम सहित शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि सबिहा बानो एक कुशल एवं समर्पित शिक्षिका थीं। उन्होंने शिक्षा के माध्यम से समाज के बच्चों में ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित की तथा सेवानिवृत्ति के बाद भी सामाजिक कार्यो में सक्रिय भागीदारी निभाती रहीं। उनका सरल व्यक्तित्व, सेवाभाव और सामाजिक योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। जदयू नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### परिजन पुलिस से गुहार लगाया सकुशल बरामद की मांग

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के मुरासी गांव निवासी स्वर्गीय बमभोली सिंह का 29 वर्षीय पुत्र मालिक सिंह बीते 9 अगस्त से दिल्ली से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। 11 दिन बीत जाने के बाद भी युवक का कोई सुराग न मिलने से परिजनों की चिंता गहरा गई है। पति के गायब होने के बाद से पत्नी मीरा देवी, उनके मासूम बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लापता युवक की पत्नी मीरा देवी ने बताया कि उनके पति बीते दो महीनों से पंजाब में एक ठेकेदार लक्ष्मण सिंह के अधीन टावर निर्माण के काम में मजदूरी कर रहे थे। आरोप है कि जब मालिक सिंह ने अपनी कड़ी मेहनत के पैसे मांगे, तो ठेकेदार ने मजदूरी देने से साफ इनकार कर दिया। ठेकेदार के इस रवैये से आहत और आक्रोशित होकर वह पंजाब से दिल्ली स्थित अपने साढ़ू के घर चले आए, लेकिन बीते 9 अगस्त को दिल्ली से ही अचानक लापता हो गए। लापता होने के बाद से ही पीड़ित के भाई और रिश्तेदार दिल्ली में लगातार उनकी तलाश कर रहे हैं, लेकिन 11 दिन बीत जाने के बाद भी उनका कोई अता-पता नहीं चल सका है। परिजनों ने अब मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन को देकर युवक की जल्द से जल्द सकुशल बरामी की गुहार लगाई है।

# हावड़ा-गया एक्सप्रेस से अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान सीआईबी जमालपुर की टीम ने हावड़ा-गया एक्सप्रेस से 825 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर आरपीएफ पोस्ट जमालपुर के हवाले किया गया है।

सीआईबी इंस्पेक्टर सुधांशु कुमार सुधा द्वारा मध्य निषेध एवं उत्पाद थाना मुंगेर के थानाध्यक्ष को भेजे गए आवेदन के अनुसार, 20 अगस्त की सुबह करीब 5रू50 बजे आरपीएफ पोस्ट जमालपुर के सहायक उप निरीक्षक यतेन्द्र पाठक एवं कांस्टेबल संजय कुमार सुमन के साथ स्टेशन पर निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान ट्रेन हावड़ा-गया एक्सप्रेस के प्लेटफर्म संख्या दो पर आने पर एक संदिग्ध युवक को एसी कोच से उतरकर फुट ओवरब्रिज की ओर जाते देखा गया।संदेह होने पर टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने लगा। जवानों ने पीछा कर फुट ओवरब्रिज पर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम संतोष कुमार निवासी पीर पहाड़, तोपखाना मुंगेर बताया।तलाशी के दौरान उसके पिट्ठू बैग से ब्लेंडर प्राइड, सिगेचर प्रीमियर, रयल चौलेंज और बकार्डी ब्रांड की कुल आठ बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब पर पश्चिम बंगाल में बिक्री के लिए मान्य होने का उल्लेख है। झोले से तीन बोतल रम भी मिली। कुल बरामद शराब 8 लीटर 250 मिली बताई गई है।पूछताछ में संतोष ने शराब हावड़ा से खरीदकर मुंगेर में बिक्री के लिए लाने की बात बताई। उसके पास से ट्रेन टिकट भी बरामद हुआ। आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए आरपीएफ पोस्ट जमालपुर लाया गया।


शराब तस्कर को गिरफ्तार करते सीआईबी।

## सद्भावना दिवस पर राजीव गांधी को किया गया नमन

**मुंगेर।** सद्भावना दिवस के अवसर पर मुंगेर के राजीव गांधी चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष तथा बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव एवं सदस्यता अभियान के तहत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनीष कुमार, एनएसयूआई बिहार प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष चुन्नू सिंह, मुंगेर जिला कांग्रेस कमेटी के ओबीसी अध्यक्ष राकेश कुमार मंडल, वरिष्ठ कांग्रेसी संजय पोद्दार तथा मुंगेर जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पीयूष कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।राकेश कुमार मंडल ने कहा कि राजीव गांधी केवल आधुनिक तकनीक के समर्थक नहीं थे, बल्कि सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को भी उतना ही महत्व देते थे। आज समाज को जाति और धर्म के नाम पर बांटने की कोशिशों के बीच उनके सद्भावना के संदेश को मजबूत करने की जरूरत है। आज के युवाओं को उनके आधुनिक, वैज्ञानिक और लोकतांत्रिक ष्टिकोण से प्रेरणा लेकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए आगे आना चाहिए।वक्ताओं ने राजीव गांधी के राजनीतिक जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि वे 1985 से 1991 तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। उन्होंने अमेठी लोकसभा क्षेत्र से सांसद और देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवाएं दीं। महज 40 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले राजीव गांधी ने तकनीकी क्रांति, संचार विस्तार, युवाओं को सशक्त बनाने तथा पंचायती राज को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मानते कांग्रेस नेता।

## संत रविदास जयंती पर जमालपुर में निकली कलश यात्रा

**जमालपुर (मुंगेर)।** गुरु संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर बिहार सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के तहत जमालपुर प्रखंड क्षेत्र में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न अनुसूचित जाति बहुल टोले एवं बस्तियों से निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। यात्रा के माध्यम से सामाजिक समानता, भाईचारा और समरसता का संदेश दिया गया।वलीपुर दास टोला से निकली यात्रा नयागांव कब्रगाह पहुंची, जहां बाबा साहेब ड़ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद श्रद्धालु कलश लेकर यात्रा में शामिल हुए। वहीं रामनगर दास टोला, इंदरुख पश्चिमी-फरदा एवं पड़हम से भी अलग-अलग कलश यात्राएं निकाली गईं। इन यात्राओं में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संत रविदास के विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी जमालपुर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्रावणी गुप्ता, जिला समन्वयक मुंगेर सह विकास मित्र अशोक दास, जमालपुर ग्रामीण के प्रखंड समन्वयक राजेश कुमार, रानी कुमारी, विजय मांझी, राजेश कुमारी दास, पूनम सिंह, अजय राउत, दिलीप कुमार, रमन कुमार दास एवं रेणु कुमारी सहित कई विकास मित्र और ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष गोस्वामी, भाजपा पूर्वी नगर अध्यक्ष शंकर सिंह,भाजपा पश्चिम नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल एवं जदयू नेता गोपाल ष्ण समेत अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।गौरतलब है कि बिहार सरकार ने संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर अनुसूचित जाति बहुल टोलों एवं दलित बस्तियों में समरसता संकल्प अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में कलश यात्राओं के माध्यम से सामाजिक एकता, समानता और सद्भाव का संदेश दिया जा रहा है।


कलश यात्रा में शामिल पदाधिकारी विकास मित्र।

## ग्राहक सेवा से लेकर गैर-किराया राजस्व तक पर व्याख्यान

**जमालपुर (मुंगेर)।** पूर्व रेलवे के प्रिंसिपल चीफ कमर्शियल मैनेजर उदय शंकर झा एकदिवसीय दौरे पर गुरुवार को जमालपुर पहुंचे। जमालपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे भारतीय रेलवे यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान के सभागार पहुंचे।जहां उन्होंने प्रशिक्षणरत प्रशिक्षु अधिकारियों एवं जेई को भारतीय रेल की वाणिज्यिक सेवाओं और ग्राहक-केंद्रित व्यवस्था की जानकारी दी।आईआरआईएमई में आयोजित व्याख्यान के दौरान प्रिंसिपल चीफ कमर्शियल मैनेजर ने 'भारतीय रेल की सेवाओं से ग्राहकों की अपेक्षाएं एवं गैर-किराया राजस्व में भारतीय रेल का दायरा एवं उपलब्धियां' विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। यह व्याख्यान समूह 'बी' के यांत्रिक अधिकारियों के इंडक्शन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में 112 प्रशिक्षु जेई एवं 15 प्रशिक्षु अधिकारियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि रेलवे की सेवाओं का केंद्र बिंदु ग्राहक होना चाहिए। यात्रियों को समयबद्ध, सुरक्षित, विश्वसनीय, स्वच्छ, आरामदायक एवं शिष्टतापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ बदलती जरूरतों के अनुरूप नवाचार को अपनाना जरूरी है। उन्होंने गैर-किराया राजस्व के विभिन्न अवसरों और रेलवे की आय बढ़ाने की संभावनाओं पर भी जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, वरिष्ठ आचार्य राजीव कुमार, मो अय्यूब खान, सिद्धार्थ शंकर, अरविंद कुमार, सहायक आचार्य सुनील कुमार, व्याख्याता आश्विन विनय बाखला, राजेंद्र झा, मुख्य अनुदेशक मुकेश कुमार, प्रत्युष आनंद, मनोज कुमार एवं केएस झा मौजूद रहे।व्याख्यान के बाद उदय शंकर झा ने जमालपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार एवं मुख्य टिकट निरीक्षक सुमन कुमार से यात्री सुविधाओं,वाणिज्यिक व्यवस्था एवं टिकटिंग से जुड़े कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


स्टेशन से बाहर निकलते पीसीसीएम।

## मंदिर में पूजा को लेकर विवाद, लोहे की रड से हमला

### महिला समेत कई घायल, कार्रवाई की एसपी मांग

**मुंगेर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सीताकुंड डीह, दरियापुर गांव में मंदिर में पूजा करने को लेकर हुए विवाद में एक महिला सहित कई लोगों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता किरण देवी ने एसपी को आवेदन देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार घटना 29 जुलाई की दोपहर करीब 12 बजे की है।किरण देवी ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी अरुण यादव कथित तौर पर हरवे-हथियार से लैस होकर उनके दरवाजे पर पहुंचे और मंदिर में पूजा करने से मना करने लगे। इसी दौरान उनके बेटे छोटू कुमार उर्फ रामगोपाल और संदीप कुमार ने कथित तौर पर लोहे की रड से उनके सीने पर वार कर दिया। हमले में वह घायल होकर जमीन पर गिर गईं। आरोप है कि गिरने के दौरान भी मारपीट की गई।आवेदन में यह भी कहा गया है कि विरोध करने पर आरोपितों ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे रजनीश कुमार के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। घटना में कई लोगों के घायल होने के बाद उनका इलाज मुंगेर सदर अस्पताल में कराया गया।पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस को आवेदन दिया गया, जिसके बाद एक युवक को थाने लाया गया, लेकिन बाद में छोड़ दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक सभी आरोपितों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़िता ने एसपी से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ शीघ्र कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने पीड़िता के आवेदन को देखकर कार्रवाई करने को लेकर मुफस्सिल थाना पुलिस को दिशा निर्देश दिए।


एसपी कार्यालय के बाहर खड़े पीड़ित लोग।

# पीएम आवास योजना के लाभुकों को मिली चाबी अधूरे आवास के लिए स्वीकृति पत्र भी वितरित

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण पूरा करने वाले लाभुकों को गुरुवार को आवास की चाबी प्रखंड कार्यालय जमालपुर में प्रदान की गई। वहीं जिन लाभुकों को आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त की राशि दी जानी है, उन्हें स्वीति पत्र प्रदान कर योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।कार्यक्रम के दौरान 16 लाभुकों को उनके पूर्ण आवास की चाबी प्रदान की गई। चाबी प्राप्त करने वाले लाभुकों में दर्शन देवी, प्रजा देवी, किरण देवी, राधा देवी, सुधा देवी, वैदना देवी, कलावती देवी, जराथमी देवी सहित अन्य लाभुक शामिल रहे। आवास पूर्ण होने के बाद चाबी मिलने से लाभुकों में खुशी का माहौल रहा।इसके अलावा आवास निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने वाले लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि के लिए स्वीति पत्र भी प्रदान किया गया। इनमें किरण देवी पति भोला यादव सिंघिया सुरेण यादव, नीलम देवी पति प्रकाश नायक इंदरुख पूर्वी तथा रूपम देवी पति धर्मेंद्र कुमार पड़हम सहित अन्य लाभुक शामिल हैं।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य जरूरतमंद एवं आवासविहीन परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। पात्र लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।इस अवसर पर बीडीओ श्वेता कुमारी के साथ आवास सहायक मधुकर मधुर, संजीव कुमार एवं राकेश रंजन सहित संबंधित कर्मी मौजूद रहे।


लाभुकों को आवास योजना की चाबी भेंट करते बीडीओ।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय रसोईघर का औचक निरीक्षण, पोषण की व्यवस्था परखी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अनुमंडल पदाधिकारी बाढ़ गरिमा लोहिया ने गुरुवार को केंद्रीय रसोईघर, पीएम पोषण योजना, बाढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाले मध्या भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, भोजन तैयार करने की प्रक्रिया, रसोईघर की साफ-सफाई तथा खाद्यान्न के रखरखाव से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया।एसडीओ ने रसोईघर में भोजन तैयार किए जाने की प्रक्रिया को करीब से देखा और संबंधित कर्मियों से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने खाद्यान्न के सुरक्षित भंडारण, स्वच्छ पेयजल, रसोई परिसर की स्वच्छता तथा भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने की बात कही।उन्होंने कहा कि पीएम पोषण योजना का उद्देश्य केवल बच्चों को भोजन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें स्वच्छ, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। इसलिए भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। संबंधित कर्मियों को निर्धारित मानकों का पूरी तरह पालन करने का निर्देश दिया गया।औचक निरीक्षण से केंद्रीय रसोईघर की व्यवस्था से जुड़े कर्मियों में भी सतर्कता देखी गई। प्रशासन की इस कार्रवाई को बच्चों के पोषण और विद्यालयी भोजन व्यवस्था की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को बाढ़ कांग्रेस मैदान में बाढ़ प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो श्यामदेव चौहान ने की। इस अवसर पर पटना जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण-2 के जिला प्रवक्ता धर्मवीर कुमार, जिला सचिव संजय कुमार, पंडारक प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रो रविंद्र सिंह, मनोज सिंह समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और देश के विकास में उनके योगदान को याद किया।

### सभापति ड़ प्रेम कुमार का आज बाढ़ आगमन, कार्यक्रम को लेकर बढ़ी हलचल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान परिषद के सभापति ड़ प्रेम कुमार का शुक्रवार को बाढ़ आगमन प्रस्तावित है। जेडीयू के प्रदेश सचिव अशोक चन्द्रवंशी ने बताया कि सभापति के बाढ़ बिचली मलाही पहुंचने की संभावना है। उनके आगमन को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। चन्द्रवंशी के अनुसार, सभापति स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के साथ क्षेत्र के लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर जेडीयू कार्यकर्ताओं में उत्साह है। हालांकि, कार्यक्रम का अंतिम समय एवं विस्तृत कार्यक्रम आधिकारिक पुष्टि के बाद स्पष्ट होगा। सभापति के प्रस्तावित दौरे को लेकर स्थानीय राजनीतिक हलकों में भी गतिविधियां तेज हो गई हैं।

### राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को बाढ़ कांग्रेस मैदान में बाढ़ प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो श्यामदेव चौहान ने की।इस अवसर पर पटना जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण-2 के जिला प्रवक्ता धर्मवीर कुमार, जिला सचिव संजय कुमार, पंडारक प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रो रविंद्र सिंह, मनोज सिंह समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और देश के विकास में उनके योगदान को याद किया।

### सभापति प्रेम कुमार का आज बाढ़ आगमन

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान परिषद के सभापति ड़ प्रेम कुमार का शुक्रवार को बाढ़ आगमन प्रस्तावित है। जेडीयू के प्रदेश सचिव अशोक चन्द्रवंशी ने बताया कि सभापति के बाढ़ बिचली मलाही पहुंचने की संभावना है। उनके आगमन को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।चन्द्रवंशी के अनुसार, सभापति स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के साथ क्षेत्र के लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर जेडीयू कार्यकर्ताओं में उत्साह है। हालांकि, कार्यक्रम का अंतिम समय एवं विस्तृत कार्यक्रम आधिकारिक पुष्टि के बाद स्पष्ट होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सुनील के हैट्रिक गोल से रामपुर यूनाइटेड ने 11 स्टार को हराया

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर स्टेडियम में जेएसए की ओर से आयोजित प्रेसीडेंट फुटबल कप लीग चौंपियनशिप-2026 के तहत 11 स्टार जमालपुर एवं यूनाइटेड क्लब रामपुर के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मुकाबले में जमालपुर यूनाइटेड के खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए चार गोल दागे।रामपुर यूनाइटेड की ओर से जर्सी नंबर 10 सुनील कुमार ने खेल के 18 वे मिनट में बेहतरीन गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद दूसरे हाफ में भी रामपुर यूनाइटेड ने दबाव बनाए रखा और 19वें मिनट में दूसरा गोल दागकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। जबकि तीसरा गोल भी रामपुर यूनाइटेड की ओर से जर्सी नंबर 9 के अमन ने मैच के 21 में मिनट में किया तो चौथा गोल भी रामपुर यूनाइटेड टीम की ओर से मैच के 58 मिनट में जर्सी नंबर 10 के सुनील कुमार ने कर अपनी टीम को 4 - 0 बढ़त बनाते हुए मैच को जीत लिया।चारों गोल के बाद स्टेडियम में मौजूद खेलप्रेमियों ने तालियों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।मुकाबले के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल मौजूद रहे। उनके साथ डीन प्रेम प्रकाश, खेल पदाधिकारी प्रीतम कुमार, डिप्टी ड अभ्युदय, बीपीके मिज और बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के साथ जमालपुर में फुटबल को बढ़ावा देना है।मुकाबले के दौरान रेलवे के अधिकारी प्रीतम कुमार, राजीव कुमार, संजय कुमार, संतोष कुमार, राजेंद्र कुमार,अजीत कुमार, शिवलाल रजक,महेश,ट्विंकल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों को लेकर भी खेलप्रेमियों में उत्साह बना हुआ है।


खिलाड़ियों से हाथ मिलाते मुख्य अतिथि।

### पत्रकार की कलम को भयमुक्त वातावरण और सम्मान मिलना जरूरी : अशोक वानखेड़े

**सोनपुर (एन एसबी)** जालना महाराष्ट्र इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में मातोश्री लान्स अंबड रोड़ जालना में आयोजित नौवें अन्तर्राष्ट्रीय पत्रकार सम्मान एवं सम्मेलन में देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ महाराष्ट्र के सभी जिलों से हजारों पत्रकारों ने भाग लिया। सम्मेलन में पत्रकार हित, सुरक्षा, अधिकार, उत्पीड़न, संगठन की शक्ति, भावी कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से किया गया। फिर मंचासीन अतिथि का सत्कार शाल, बुके, स्मृतिपत्र व स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक अशोक वानखेड़े ने पत्रकारिता और पत्रकारों की समस्याओं पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल समाचार लिखने का कार्य नहीं, बल्कि समाज की पीड़ा को आवाज देने और लोकतंत्र की रक्षा करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि पत्रकार सुबह से लेकर देर रात तक समाज के बीच रहकर खबरें जुटाता है। कभी वह किसी पीड़ित परिवार के आंसू देखता है, कभी किसी गरीब की समस्या को अपनी खबर के माध्यम से शासन तक पहुंचाता है और कभी भ्रष्टाचार तथा अन्याय के खिलाफ सवाल खड़े करता है। इस जिम्मेदारी के पीछे पत्रकार का अपना सुख-चौन, समय और कई बार सुरक्षा भी दांव पर लगी होती है। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। प्रिंट मीडिया के साथ डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया और स्वतंत्र पत्रकारिता का विस्तार हुआ है। इस बदलाव ने पत्रकारों के सामने नए अवसर पैदा किए हैं, लेकिन साथ ही नई चुनौतियां भी खड़ी की हैं। तेजी से खबर देने की होड़ में तथ्यपरकता और विश्वसनीयता बनाए रखना आज पत्रकार के सामने बड़ी चुनौती है। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे किसी भी खबर को प्रकाशित या प्रसारित करने से पहले उसके तथ्यों की पुष्टि करें और पत्रकारिता की विश्वसनीयता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि देश-विदेश और महाराष्ट्र के सभी जिलों से पत्रकारों का एक मंच पर एकत्रित होना पत्रकार एकता का महत्वपूर्ण संदेश है। अकरम रईस खान ने कहा कि पत्रकार दूसरों की समस्याओं पर सवाल उठाता है, लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि पत्रकार की अपनी समस्याओं पर भी गंभीरता से सवाल उठाए जाएं। जब किसी गरीब की आवाज दबती है तो पत्रकार उसके लिए आवाज बनता है, लेकिन जब पत्रकार स्वयं धमकी, उत्पीड़न, दबाव या भय का सामना करता है, तब उसके साथ खड़ा होना पूरे पत्रकार समाज की जिम्मेदारी है। जालना जिलाधिकारी अशिमा मित्तल ने कहा कि पत्रकार समाज का वह सजग प्रहरी है, जो दिन-रात समाज की समस्याओं को सामने लाने और शासन-प्रशासन तक जनता की आवाज पहुंचाने का काम करता है। प्रशासन और पत्रकारों के बीच बेहतर संवाद लोकतंत्र को और मजबूत बनाता है। पत्रकार शासन-प्रशासन की कमियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं तो प्रशासन को भी उन समस्याओं को सुधारने का अवसर मिलता है। इसलिए पत्रकार और प्रशासन एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि जनहित के व्यापक उद्देश्य में सहयोगी की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के काम की कठिनाइयों को समझना जरूरी है। तेज प्रतिस्पर्धा, बदलता मीडिया परिश्य, डिजिटल मीडिया का बढ़ता प्रभाव, आर्थिक चुनौतियां और समाचारों की विश्वसनीयता बनाए रखने की जिम्मेदारी आज पत्रकारों के सामने बड़ी चुनौतियां हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री कैलाश गोरंटियाल पूर्व विधायक ने अंत में कहा कि पत्रकार की कलम में समाज को बदलने की ताकत होती है। उस कलम को सम्मान, स्वतंत्रता और सुरक्षा मिलना आवश्यक है। जब पत्रकार निर्भय होकर जनता की आवाज उठाएगा और प्रशासन उस आवाज को संवेदनशीलता से सुनेगा, तभी लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने सम्मेलन की सफलता के लिए इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारों के हित और सम्मान के लिए आयोजित ऐसे कार्यक्रम पत्रकारिता जगत में नई ऊर्जा और सकारात्मक संवाद को जन्म देते हैं। नौवें अन्तर्राष्ट्रीय पत्रकार सम्मान एवं सम्मेलन में देश-विदेश तथा महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से आए हजारों पत्रकारों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। पत्रकारों ने अपने अधिकारों, सुरक्षा, सम्मान और भविष्य को लेकर एकजुटता प्रदर्शित की। पत्रकारों के सम्मान के साथ-साथ उनकी सुरक्षा, अधिकार, स्वतंत्रता और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर एक महत्वपूर्ण संदेश दियापत्रकार सुरक्षित रहेगा, निर्भय रहेगा और सम्मान के साथ अपनी कलम चलाएगा, तभी लोकतंत्र की आवाज और अधिक मजबूत होगी। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी ने कहा कि किसी पत्रकार को सच लिखने के कारण डरना पड़े, अपनी खबर प्रकाशित करने से पहले किसी दबाव की चिंता करनी पड़े या अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर आशंकित रहना पड़े, तो यह केवल पत्रकार की समस्या नहीं बल्कि लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। मुख्य वक्ता ने कहा कि पत्रकारों को सम्मानित करना अच्छी परंपरा है, लेकिन पत्रकार के सम्मान का वास्तविक अर्थ उसके काम की स्वतंत्रता, उसकी सुरक्षा और उसके अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि पत्रकार को सम्मान-पत्र और माला के साथ-साथ ऐसा वातावरण भी चाहिए, जहां वह बिना भय के अपनी कलम चला सके। पत्रकार का सम्मान तभी सार्थक है जब उसकी आवाज को गंभीरता से सुना जाए और उसके साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ समाज तथा प्रशासन खड़ा हो। पत्रकारों की सबसे बड़ी ताकत उनकी एकता है। यदि पत्रकार अलग-अलग होकर अपनी समस्याएं उठाएंगे तो उनकी आवाज कमजोर पड़ सकती है, लेकिन जब हजारों पत्रकार एकजुट होकर लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखते हैं तो उनकी आवाज को मजबूती मिलती है। संगठन की शक्ति का इस्तेमाल किसी व्यक्ति या संस्था के विरोध के लिए नहीं, बल्कि पत्रकारों के अधिकार, सुरक्षा, सम्मान और पत्रकारिता की गरिमा की रक्षा के लिए होना चाहिए। कार्यक्रम मे विभिन्न क्षेत्रों के 24 प्रतिभावान व्यक्तियों तथा 500 सौ पत्रकारों को स्मृतिपत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेपाल के वरिष्ठ पत्रकार इस्तेयाक अहमद व मेवालाल यादव, राष्ट्रीय सचिव सलमान अहमद प्रयागराज व मसूद जावेद कादरी खण्डवा मप्र, मो एजाजुल हक राष्ट्रीय काउंसिल सदस्य, भुवनेश्वर उडीसा , प्रोफेसर विजय कांबले, अण्णा भाऊ इब्राहिम पाशा, मिथिलेश कुमार प्रदेश अध्यक्ष बिहार, अशरफ आरिफ प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश, मो. कलाम कुरैशी प्रदेश अध्यक्ष बुंदेलखंड, अरूण बंका, मनीष कमलिया, रफीक तिगाला, नेहाल अहमद, मोहम्मद ताबिश प्रदेश अध्यक्ष मराठवाड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद खान, प्रदेश संगठन सचिव सैय्यद अनवर कादरी, कार्यक्रम संयोजक एवं जिला अध्यक्ष आमेर खान, सुनील भारती, शेख मुजीबुद्दीन, शेख सलीम, बाशित बेग, सैय्यद निसार, अनिल खडसे, देवीदास खरात, राजू कार्डिले, शकील खान, सलीम कुरैशी, महजबीन अंजुम निकिता काले, मनीषा मगरे, हाफिज अहमद, सुबोध प्रसाद सिंह (एसपीसिंह) सोनपुर, गोपाल साहनी, सुनील कुमार, सैय्यद जाकिर, राहुल शेंडे सहित हजारों पत्रकार गण उपस्थित रहें।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

# खतरे में नौनिहालों का स्वास्थ्य

दैनिक नवसंदेश

**कायमनगर उर्दू मध्य विद्यालय के गेट के बाहर लगा है कचरे का अंबार**



**ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और सहयोग पोर्टल प दयिा आवेदन पर नहीं हटा कचरे का अंबार**

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** आरा-पटना फोरलेन के किनारे स्थित कायमनगर के उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के सामने इन दिनों दोहरी समस्या खड़ी हो गई है। एक ओर विद्यालय के मुख्य गेट के बाहर कचरे का अंबार और दुर्गंध से बच्चों का स्कूल आना-जाना मुश्किल हो गया है, वहीं दूसरी ओर छुट्टी के बाद तेज रतार वाहनों के बीच फोरलेन पार करना उनकी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गया है।

विद्यालय के बाहर सब्जियों के सड़े-गले अवशेष और अन्य कचरे के कारण पूरे परिसर में बदबू फैली रहती है। गंदगी के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे बच्चों में बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। बरसात के मौसम में झाड़ियों और कचरे के बीच सांप निकलने की आशंका भी बनी रहती है। कक्षा सात की छात्रा आयशा परवीन ने बताया कि स्कूल गेट के बाहर फैली गंदग़ी और दुर्गंध के कारण रोजाना परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं कक्षा आठ के उमर अब्दुल्ला ने कहा कि छुट्टी के बाद फोरलेन पार करते समय तेज रतार वाहनों से हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है।

छात्र मिराज आलम ने बताया कि सफाई होने के कुछ दिनों बाद फिर उसी स्थान पर कचरा जमा हो जाता है।

प्रभारी प्रधानाध्यापक गणेश सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 से यह समस्या लगातार बनी हुई है। कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत देने के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय निवासी इमरान ने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी एवं सहयोग पोर्टल पर भी आवेदन दिया गया है। ग्रामीणों ने विद्यालय के बाहर नियमित सफाई, सुरक्षित मार्ग के निर्माण और ट्रांसफर्मर को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है, ताकि बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके।

# पुलिया के अभाव में स्कूल नहीं जा रहे बच्चे

**स्कूली बच्चों के सामने है दुविधा की स्थिति-दो किलोमीटर का चक्कर लगाएं या नाला पार करने का जोखिम उठाएं**

**लसकरा के प्राथमिक विद्यालय में नामांकित हैं 32 बच्चे पर आते हैं महज 12 से 15 बच्चे**

**पुलिया और संपर्क पथ का निर्माण होने से बच्चों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और विद्यालय में नियमित उपस्थिति भी बढ़ेगी।**

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** ग्राम पंचायत भरौली के लसकरा स्थित प्राथमिक विद्यालय तक पहुंचने के लिए बच्चों को गहरे नाले को पार करना पड़ता है। नाले पर पुलिया नहीं होने के कारण छोटे-छोटे स्कूली बच्चों पर हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

वर्षा के समय में स्थिति और विकट हो जाती है। इस समस्या के कारण कई अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन दूसरे विद्यालयों में करा देते हैं। लसकरा अल्पसंख्यक एवं अनुसूचित जाति बहुल बस्ती है। यहां करीब 90 प्रतिशत परिवार दैनिक मजदूरी पर निर्भर हैं। गांव से विद्यालय जाने के रास्ते में उत्तर दिशा में गहरा नाला है। पक्की पुलिया नहीं होने के कारण बच्चों को जोखिम उठाकर नाला पार करना पड़ता है।

वहीं वैकल्पिक कच्चे रास्ते से विद्यालय पहुंचने में करीब दो किलोमीटर अतिरिक्तदूरी तय करनी पड़ती है। वर्षा के दिनों में यह रास्ता भी कीचड़ और जलजमाव के कारण परेशानी का कारण बन जाता है।

सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश कुमार पांडे ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर नाले पर पक्की पुलिया और प्राथमिक विद्यालय तक संपर्क पथ बनाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि आवागमन की समस्या का सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। विद्यालय में वर्तमान में 32 विद्यार्थी नामांकित हैं। लेकिन प्रतिदिन औसतन 12 से 15 बच्चे ही उपस्थित होते हैं। विद्यालय में दो शिक्षक कार्यरत हैं।

उन्होंने कहा कि सुरक्षित रास्ता नहीं होने के कारण खासकर बच्चियों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। पुलिया और संपर्क पथ का निर्माण होने से बच्चों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और विद्यालय में नियमित उपस्थिति भी बढ़ेगी। उन्होंने जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से मामले में शीघ्र पहल करने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### पोखर में डूबने से बालक की मौत, घर में मचा कोहराम

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** धनगाई थाना के मिठहा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के समीप पोखर में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृत बालक धनगाई थाना क्षेत्र के मिठहां गांव निवासी विकास कुमार नट का 7 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार है। वह तीसरी कक्षा का छात्र था। मृत बच्चे के चाचा दिनेश कुमार ने बताया कि वह रोज की तरह अपने छोटे भाई पीयूष के साथ गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने गया था। विद्यालय के बाहर एक पोखर भी है। इसी बीच वह छोटे भाई के साथ विद्यालय से बाहर निकल गया। उसी दौरान पैर फिसल जाने के कारण वह पोखर में गिरकर डूब गया।

### पिड़िया पेंटिंग से जुड़े समूहों हेतु जागरूकता कार्यक्रम

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय रिजर्व बैंक, पटना द्वारा भोजपुर में पिड़िया पेंटिंग से जुड़े समूहों हेतु वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभों से अवगत कराया गया। साथ ही, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत उपलब्ध ऋण सुविधाओं, ऋण पर ब्याज से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं तथा समय पर ऋण चुकाने के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्तबैंक खातों में नामांकन का महत्व, केवाईसी को समय-समय पर अद्यतन रखने की आवश्यकता, बेसिक सेविंग्स बैंक डिपजिट अकाउंट की विशेषताएँ तथा खाताधारक की मृत्यु की स्थिति में डेथ क्लेम की प्रक्रिया से संबन्धित उपयोगी जानकारी भी साझा की गई। वर्तमान समय में बढ़ते साइबर वित्तीय अपराधों को देखते हुए प्रतिभागियों को मनी म्यूल डिजिटल अरेस्ट, अनलाइन बैंकिंग एवं यूपीआई धोखाधड़ी सहित विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रड के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि एटीएमध्डेबिट कार्ड का पिन, ओटीपी, सीवीवी अथवा अन्य गोपनीय बैंकिंग जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें, किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन, संदेश अथवा सोशल मीडिया के माध्यम से मांगी गई बैंकिंग जानकारी कभी साझा न करें। साथ ही साइबर ठगों की पहचान करने के तरीके, उनके द्वारा अपनाए जाने वाले सामान्य हथकंडों तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को आरबीआई की रिजर्व बैंक एकीत लोकपाल योजना के प्रमुख प्रावधानों तथा बैंकिंग शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। उन्हें नेशनल साइबरक्राइम रिपोर्टिंग के टोल-फ्री नंबर-1930 और पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गई।

### चार दिवसीय राखी मेकिंग कार्यशाला का शुभारंभ



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित 'शांति स्मृति' संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के जुबली हल में बृहस्पतिवार को चार दिवसीय राखी मेकिंग कार्यशाला का शुभारम्भ। जिसका उद्घाटन विद्यालय के प्रबंध निदेशक ड. कुमार द्विजेंद्र एवं प्राचार्या ड़ अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से किया। संचालन कला शिक्षक संजीव सिन्हा ने की। राखी मेकिंग कार्यशाला में वर्ग 6 से लेकर वर्ग 12 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक ड. कुमार द्विजेंद्र ने कहा कि राखी मेंकिंग कार्यशाला अगामी 24 अगस्त तक चलेगा। 25 अगस्त को विद्यालय परिसर में ही बच्चों द्वारा बनाई गई राखियो की प्रर्दशनी लगाई जाएगी। उसमें से बेहतरीन राखियों को सेलेक्ट करके फौजी भाईयो को भेजा जाएगा। प्रदर्शनी के बाद पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम होगा। जो बच्चे बेहतरीन राखी का निर्माण करेंगे। उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्राचार्या ड़अर्चना सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर बहने राखियां खरीदती हैं। लेकिन जो राखी बहने खुद से बनाती है, उसमें ह, प्यार और कला होता है। यहां बनाई गई राखी आप अपने भाईयो को भी बांधेगी। इसके अलावे उन राखियों में से बेहतरीन राखियों को सलेक्ट करके देश की सरहद पर तैनात फौजी भाईयो को भेजा जाएगा। इन राखियों के माध्यम से हम फौजी भाईयो के स्वास्थ्य और दीघार्यु होने की मंगलकामना करते हैं। धन्यवाद ज्ञापन कला शिक्षक बिष्णु शंकर ने किया।

### नवपदस्थापित डीपीओ नाजिश अली को किया गया सम्मानित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ, भोजपुर इकाई के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु के नेतृत्व में संघीय पदाधिकारियों ने नवपदस्थापित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) नाजिश अली से शिष्टाचार भेंट किया। इस दौरान उन्हें बुके



एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु ने बताया कि आवेदन के माध्यम से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना से ससमय वेतन भुगतान, ईपीएफ अद्यतन, कालबद्ध प्रोन्नति, विशिष्ट शिक्षक ,अध्यापक शिक्षक एवं प्रधान शिक्षकों का सर्विस बुक संधारण, सभी कोटि के शिक्षकों का एरियर भुगतान एवं अन्य समस्याओं पर बातचीत की गई। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डीपीओ स्थापना नाजिश अली ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए नियम सम्मत एवं हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने जिले के उर्दू विद्यालयों में भी शनिवार को ही हाफ डे लागु करने को कहा। इस अवसर पर बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु, जिला सचिव सह मीडिया प्रभारी मो़ शौकत अली, प्रधान सचिव परमेश्वर पासवान, जिला उपाध्यक्ष सदाकत हुसैन, संजय कुमार सिंह, जगदीशपुर महासचिव चंद्रदेव कुमार सिंह मौजूद रहें।

### निवर्तमान डीएम और एसपी को किया गया सम्मानित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर के निवर्तमान जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया और पुलिस अधीक्षक राज के स्थानांतरण पर बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ एवं जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से विदाई दी गई। इस दौरान निवर्तमान डीएम तनय सुल्तानिया और पुलिस अधीक्षक राज को मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभी पूर्व सैनिक और जिला कल्याण पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक ने एनएचएआई पर उठाए सवाल, सरकार को भी घेरा



**फोरलेन पर 50 से अधिक मौतों का किया दावा, सर्विस रोड बनाने की मांग की**

शाहपुर(दैनिक नवसंदेश)। शाहपुर व बिहिया क्षेत्र में फोरलेन एनएच-922 पर सर्विस रोड का अभाव लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। पूर्व विधायक राहुल तिवारी ने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के बिहिया और शाहपुर इलाके में करीब 12 किलोमीटर के बीच अब तक 50 से अधिक लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत हो चुकी है। यदि फोरलेन के किनारे सर्विस रोड की सुविधा होती तो हादसों में काफी कमी लाई जा सकती थी।

पूर्व विधायक ने कहा कि सर्विस रोड के अभाव में फोरलेन सड़क लोगों के लिए यमराज लेन बनकर रह गई है। सर्विस रोड निर्माण को लेकर एनएचएआई से कई बार मांग की गई। लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के बिहिया, बिलौटी और शाहपुर में सर्विस लेन का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इन स्थानों पर वाहनों की आवाजाही और स्थानीय लोगों के आवागमन के कारण दुर्घटनाओं का खतरा अधिक बना रहता है। उन्होंने कहा कि शाहपुर और बिहिया के बीच बिलौटी से खरौनी तक का क्षेत्र डार्क स्पट बन चुका है। यहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। हादसों में किसी व्यक्ति की मौत होने से केवल एक परिवार का सदस्य नहीं जाता, बल्कि पूरा परिवार आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से टूट जाता है। पूर्व विधायक ने एनएचएआई और जिला प्रशासन से मांग की कि बिहिया से शाहपुर तक के दुर्घटना संभावित क्षेत्र को प्राथमिकता के आधार पर चिति कर सर्विस रोड का निर्माण कराया जाए। साथ ही सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक अन्य उपाय भी किए जाएं। ताकि लोगों की जान बचाई जा सके।

## समरसता संकल्प अभियान के तहत निकाली गई कलश यात्रा

**पीरो प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायतों के अनुसूचित जाति टोलों में कलश यात्रा निकाली**

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम समरसता संकल्प अभियान के तहत पीरो प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायतों के अनुसूचित जाति टोलों में कलश यात्रा आयोजित की गई। यह आयोजन संत रविदास की 650 जयंती के उपलक्ष्य में सरकारी स्तर पर किया जा रहा है।

पीरो प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी की देखरेख में आयोजित कलश यात्रा स्थानीय जुबली पार्क से शुरु होकर शहर के विभिन्न मांगों का भ्रमण करते हुए अनुसूचित जाति मुहल्ले तक गई। कलश यात्रा में विकास मित्र, शिक्षा सेवक, जीविका समूह की सदस्य सहित कई अन्य कर्मी शामिल हुए। इस दौरान संत रविदास की वाणी व विचारों का प्रचार प्रसार कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के अनुसार इस अभियान के तहत सभी अनुसूचित जाति टोले में 27 अगस्त 2926 से 15 फरवरी 2027 के बीच संत श्री रविदास विकास शिविर आयोजित कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत आच्छादन किया जाना है। साथ ही समाज में समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## नये डीएम मनेश कुमार मीणा ने पदभार संभाला



**सर्किट हाउस परिसर में दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर**

**2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं मीणा**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर के नवपदस्थापित जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने गुरुवार को कार्यभार ग्रहण किया।

2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री मीणा भोजपुर में पदस्थापना से पूर्व बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग में निदेशक के पद पर कार्यरत थे। भोजपुर आगमन पर सर्किट हाउस परिसर में जिलाधिकारी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पुलिस की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ अनर प्रदान किया गया। पदभार ग्रहण करने के बाद जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता आमजन को सुगम, पारदर्शी एवं संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध कराना होगी, उन्होंने विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन तथा जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया।

## नये पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने ग्रहण किया पदभार



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के नये पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा गुरुवार को प्रभार ग्रहण किया गया। 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी अवधेश दीक्षित भोजपुर जिले के 108वें एसपी होगें। इसके पूर्व उन्हें पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गार्ड अफ अनर दिया गया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत एसपी द्वारा पुलिस कार्यालय की अपराध शाखा, हिन्दी शाखा, विदेशी शाखा सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कंट्रोल रूम सहित सभी शाखाओं की कार्य प्रणाली का जायजा लिया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को कार्यो के त्वरित, सुचारू एवं प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि जिले में विधि व्यवस्था का संधारण एवं अपराध पर नियंत्रण करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। पुलिस-पब्लिक मैत्री पर भी विशेष फोकस रहेगा। बता दें कि एसपी अवधेश दीक्षित पूर्व में बिहार पुलिस मुख्यालय में कार्मिक-एसपी वन के रूप में सेवा दे रहे थे। इसके पहले वे गोपालगंज एवं लखीसराय में बतौर एसपी अपनी सेवा दे चुके हैं। उनकी पत्नी काम्या मिश्रा भी 2019 बैच की आईपीएस अधिकारी रही थी।

## छाया रहा परिमार्जन व दाखिल खारिज का मामला



**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक में सदस्यों ने विभिन्न मामलों को लेकर संबंधित अधिकारियों से जबाव तलब किया। इस दौरान परिमार्जन व दाखिल खारिज के सवाल पर सदस्यों ने अंचलाधिकारी को घेरने का प्रयास किया।

समिति के अध्यक्ष अक्षय लाल चौधरी की अध्यक्षता में स्थानीय शहीद भवन में आयोजित इस बैठक में कई सदस्यों ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से विद्यालयों के व्यवस्थित संचालन में बरती जा रही अनियमितता को लेकर शिकायत दर्ज कराई वहीं सदस्य पप्पू साह व श्रीनिवास साह ने प्रखंड ृषि पदाधिकारी से किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। राज्य खाद्य निगम के सहायक गोदाम प्रबंधक के अक्सर मुख्यालय से गायब रहने व जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को सड़ा हुआ राशन देने के मामले को लेकर सदस्यों ने नाराजगी जताई। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पीरो से टीएचआर वितरण में अनियमितता बरते जाने की शिकायत दर्ज कराई गई। सदस्यों ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से सभी उप स्वास्थ उपकेंद्रों पर सप्ताह में एक दिन चिकित्सक भेजने की मांग की। बैठक में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी की अनुपस्थिति पर सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। सदस्यों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से ृषि ट्रांसफार्मर लगाने, गांव के जर्जर तार बदलने की मांग की।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, सदस्य सुनील सिंह, सुनीता देवी, अवध कुशवाहा, अनवर हुसैन,चंद्रभूषण ठाकुर, गिरजानंद यादव, गुलजारो देवी हितेंद्र सिंह, निर्मल पासवान, नथुनी पंडित, अरेमचंद राम आदि उपस्थित थे।

## चौथी बार इंटरनेशनल अवार्ड जीतकर अमन सिंह ने बढ़ाया विवि का मान



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के भौतिकी विषय के शोधार्थी अमन कुमार सिंह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।

इंटरनेशनल साइंस कम्युनिटी एसोसिएशन की ओर से 5 से 10 अगस्त तक आयोजित 13वें इंटरनेशनल वर्चुअल कांग्रेस में अमन ने फिजिकल साइंस सेक्शन में शोध पत्र प्रस्तुत किया। उनके उत्कृष्ट शोध प्रस्तुतिकरण के लिए उन्हें इंटरनेशनल बेस्ट प्रेजेंटेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। छह दिनों तक चले इस अंतरराष्ट्रीय वर्चुअल सम्मेलन में विभिन्न देशों के शोधार्थियों एवं वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। अमन की इस उपलब्धि की खास बात यह है कि उन्होंने पिछले दो वर्षो में लगातार चौथी बार इंटरनेशनल बेस्ट प्रेजेंटेशन अवार्ड हासिल किया है। इससे पहले मई 2025 में 8वें आईवाईएससी, चमोली (उत्तराखंड), अगस्त 2025 में 12वें आईवीसी तथा दिसंबर 2025 में अयोध्या स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में आयोजित 13वें इंटरनेशनल साइंस कांग्रेस में भी इंटरनेशनल बेस्ट प्रेजेंटेशन अवार्ड जीत चुके हैं। वे स्नातकोत्तर भौतिकी के 2021-23 बैच के टॉपर रहे हैं। अमन ने इसका श्रेय विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. नरेंद्र कुमार, डॉ. विनय कुमार मिश्रा, गाइड डॉ. रंजना सिंह के मार्गदर्शन तथा माता-पिता के आशीर्वाद को दिया।

## लायंस क्लब ऑफ आरा अपूर्व ने मनाया सावन मिलन समारोह




**हरे परिधानों में सजे सदस्यों ने कजरी, नृत्य और मनोरंजक खेलों में लिया हिस्सा**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** लायंस क्लब अफ आरा अपूर्व की ओर से स्थानीय होटल आरा ग्रैंड में सावन मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब की अध्यक्ष लायन ड़ लतिका प्रकाश ने की, जबकि समारोह की संयोजक ड़ रश्मि गुप्ता रहीं। सावन की हरियाली और लोक संसृति की थीम पर आयोजित समारोह में क्लब के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में सदस्य हरे रंग के परिधानों में पहुंचे, जिससे पूरा आयोजन सावन के रंग में रंगा नजर आया। इस दौरान हास्य-व्यंग्य, कजरी गायन, नृत्य, संगीत और विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सभी गतिविधियों में हिस्सा लिया और जमकर आनंद उठाया। समारोह में लायन डॉ. लतिका प्रकाश, डॉ. मधुकर प्रकाश, डॉ. रश्मि गुप्ता, पूनम श्रीवास्तव, रागिनी सिन्हा, मृत्युंजय सिन्हा, मुकुल विकास श्रीवास्तव, उपेंद्र कुमार, संतोष सहाय, नीतू कुमारी, फूल कुमारी, अरुण सिन्हा, रणवीर सिन्हा, शोभा सिन्हा, रोहित तिवारी, पिंकी तिवारी सहित क्लब के कई सदस्य मौजूद रहे। क्लब की अध्यक्ष ड़ लतिका प्रकाश ने कहा कि ऐसे आयोजन सदस्यों के बीच आपसी सौहार्द, अपनापन और सामाजिक जुड़ाव को मजबूत करते हैं। वहीं संयोजक डॉ. रश्मि गुप्ता ने सभी सदस्यों के सहयोग के लिए आभार जताया। सदस्यों के सामूहिक सहयोग से सावन मिलन समारोह यादगार बन गया।

## आरा चेस एकेडमी में प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में कल आरा चेस एकेडमी में विशेष 'अभिनंदन एवं सम्मान समारोह' का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शतरंज के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और देश का गौरव बढ़ाने वाली दो प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में सम्मानित होने वाली खिलाड़ी रानी पूजा नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में आयोजित में 2 स्वर्ण पदक एवं 1 कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने के उपलक्ष्य में। अर्पिता सिंह, सीतामढ़ी में आयोजित बिहार स्टेट अंडर -17 बालिका वर्ग में चैम्पियन बनने की शानदार उपलब्धि के उपलक्ष्य में। उक्त जानकारी भोजपुर जिला शतरंज संघ के सचिव डॉ. सैफ ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में संघ के पदाधिकारी, खेल प्रेमी एवं अन्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### अभया ब्रिगेड के तहत छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक


जागरूक करती थानाध्यक्ष।

**कुर्था(एनएसबी)** मानिकपुर थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजेपुर में छात्रा३ओं की सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर अभया ब्रिगेड के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने किया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानी, छेड़छाड़ या असुरक्षित स्थिति उत्पन्न होने पर बिना डरे अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा पुलिस को इसकी सूचना देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहते हुए सतर्क और आत्मविश्वासी बनने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सुरक्षा से संबंधित विभिन्न सवाल भी पूछे, जिनका थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने जवाब देते हुए उन्हें आवश्यक जानकारी दी। वहीं उन्होंने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस उनकी मदद के लिए हमेशा तत्पर है। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना करने व आत्मविश्वास प्रदान करना था। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दुलेश कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### 20 सूत्री समिति के सदस्यों ने अनदेखी का आरोप लगाते हुए मंत्री से कि कार्रवाई के मांग

**अरवल (एसएनबी)।** जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) के सदस्य चांद मलिक ने बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश को पत्र भेजकर जिले में जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों व जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) के सदस्यों की लगातार अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पत्र में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य चांद मलिक ने कहा है कि 20 अगस्त को अरवल जिला स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) के सदस्यों को जिला प्रशासन की ओर से न तो कार्यक्रम की सूचना दी गई और न ही आमंत्रित किया गया। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों के सम्मान और लोकतांत्रिक मयार्दाओं से जुड़ा गंभीर विषय बताया है। उन्होंने पत्र में आरोप लगाया कि इससे पहले 15 अगस्त को भी आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी जदयू जिलाध्यक्ष को आमंत्रित नहीं किया गया था। इसके कारण जदयू जिलाध्यक्ष के साथ-साथ 20 सूत्री समिति के सदस्य भी जिला स्तरीय समारोह में शामिल नहीं हो सके।

### जहानाबाद में जिला प्रशासन ने 05 अपीलीय लोक शिकायतों का किया निष्पादन

**जहानाबाद।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में गुरुवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत अपीलीय मामलों की सुनवाई आयोजित की गई। सुनवाई के दौरान डीएम ने प्राप्त 05 अपीलीय मामलों के तथ्यों और संबंधित लोक प्राधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की। इसके बाद सभी 05 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया।

मामलों में मुख्य रूप से शामिल थे:
भूमि सुधार उप समाहर्ता: परिमार्जन से जुड़ा 01 मामला।
नगर पंचायत काको: वार्ड नंबर 05 की गली में स्मार्ट पत्थर लगाने का मामला।
विद्युत विभाग: बिजली का पोल एवं तार लगाने से संबंधित मामला।
अंचल अधिकारी (हुलासगंज): अतिक्रमण वाद से जुड़ा 01 मामला।
थानाध्यक्ष (शकुराबाद): बैंक खाते से 'रॉयल फाउंडेशन' कंपनी द्वारा 10,000 रुपये की अवैध कटौती पर पुलिस कार्रवाई न होने की शिकायत।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों में प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कार्रवाई करने और अनुपालन प्रतिवेदन समय पर सौंपने का कड़ा निर्देश दिया। बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी और जिला परिवहन पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जहानाबाद के भारोत्तोलन खिलाड़ियों को मिलेंगे बेहतर संसाधन, डीएम ने की सीधी बात




**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने खेल भवन-सह-व्यायामशाला में संचालित 'खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर' और 'एकलव्य राज्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र' के भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) खिलाड़ियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। डीएम ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक खेल उपकरण और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए हैं। संवाद के दौरान राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उज्जवल सिंह, पीयूष कुमार, आदित्य कुमार, हर्ष राज और मोनिका शर्मा ने खेलो इंडिया के प्रशिक्षक गिरिजेश कुमार के साथ मिलकर कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता स्तर के बार्बेल, वेट प्लेट्स, रबर मैट, प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म, हाइपर एक्सटेंशन मशीन, आर.ओ. वॉटर मशीन, ए.सी. और बेहतर रोशनी जैसी सुविधाएं मुहैया कराने का अनुरोध किया।

**खिलाड़ियों को दी जाने वाली प्रमुख सुविधाएं:** पौष्टिक आहार: खिलाड़ियों के बेहतर पोषण के लिए जीविका दीदियों के माध्यम से रोजाना स्प्राउट्स, केला और अंडा उपलब्ध कराया जाएगा। आइस पैक और फ्रिज: चोट लगने पर तुरंत इलाज के लिए आइस पैक और उसके भंडारण हेतु रेफ्रिजरेटर की व्यवस्था होगी। सीएसआर से सहयोग: बैठक में मौजूद एल्कम फार्मा के प्रतिनिधियों से सीएसआर फंड के तहत आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराने की अपील की गई, जिस पर कंपनी ने सकारात्मक आश्वासन दिया। जिला अधिकारी ने जिला खेल पदाधिकारी को खिलाड़ियों की सभी मांगों की बिंदुवार सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा की उपाधीक्षक सुश्री होमा इरफान, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सुश्री निपुण कुमारी, नमामि गंगे प्रभारी अमित कुमार सहित लगभग 40 से अधिक बालक-बालिका खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### जहानाबाद में संत रविदास जी की 650वीं जयंती पर भव्य कलश यात्रा आयोजित, डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**जहानाबाद।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को जिला मुख्यालय में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन और जन-संपर्क विभाग के सौजन्य से आयोजित इस यात्रा का नेतृत्व जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत समाहरणालय परिसर में आयोजित एक सादे समारोह से हुई, जहाँ जिला अधिकारी ने संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत, उन्होंने समाहरणालय परिसर से कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होती हुई रामगढ़ एरोड्रम स्थित संत रविदास मंदिर पर पहुँचकर संपन्न हुई। रास्ते भर श्रद्धालुओं और आम नागरिकों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने कहा कि संत रविदास जी का संदेश ‌ह्लमन चंगा तो कठौती में गंगाह्व आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने समाज को जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम, करुणा, समानता और सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।



# श्रमदान के साथ जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत


स्वागत गान प्रस्तुत करती छात्राएं।



गुब्बारा उड़ाते विधायक व अन्य।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक

**अरवल (एनएसबी)** जिले का 26 वां स्थापना दिवस इंडोर स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुरू हुई।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मनोज कुमार एवं पप्पू वर्मा के साथ जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक बीस सूत्री उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, मिथिलेश यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम के दौरान अरवल विधायक मनोज कुमार कूर्था विधायक पप्पू वर्मा डीएम अमृषा बैंस एसपी नवजोत सिमी 20 सूत्री उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी मिथिलेश यादव एवं मंच पर उपस्थित सभी पदाधिकारी को अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान बजाया गया। पायस मिशन के बच्चों के द्वारा स्वागत गान गया गया। इस मौके पर अरवल विधायक मनोज कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अरवल में इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए प्रयास जारी है।अगले स्थापना दिवस तक रेलवे लाइन में काम शुरू हो जायेगा फोरलेन और बाईपास का निर्माण शुरू होने अगले साल से अरवल में विकास ही विकास दिखेगा। पप्पू वर्मा ने कहा कि चौमुखी विकास के लिए हम कृत संकल्पित हैं। जिला में मेडिकल कॉलेज का निर्माण प्रस्तावित है।डिग्री कॉलेज सभी प्रखंडों में चालू हो गया है। नेनुआ नाला में 8 किलोमीटर नहर का निर्माण होगा दोनों विधायक मिलकर जिले के विकास कार्य कर रहे हैं। वहीं जिला पदाधिकारी ने लोगों को स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी और कहा कि आज का दिन अरवल वासियों के लिए गर्व का दिन है।इन 25 वर्षों में हमने बहुत कुछ हासिल किया है। इसमें किसान भाइयों,मजदूर, महिलाओं और छात्र-छात्राओं का योगदान है। इसके बाद मनोहर कुमार के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी दिखाया गया। फिर शंकर कैमुरी के द्वारा कविता पाठ किया गया।

**इडोर स्टेडियम में विधायक, डीएम और एसपी ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का उद्घाटन**

इसके पूर्व श्रमदान एवं पदयात्रा का आयोजन भी किया गया। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सर्वप्रथम प्रखण्ड कार्यालय अरवल से +2 बालिका उच्च विद्यालय अरवल तक लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत श्रम दान का आयोजन किया गया तत्पश्चात +2 बालिका उच्च विद्यालय, अरवल से इंडोर स्टेडियम, अरवल तक पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा का उद्देश्य जिले के स्थापना दिवस के अवसर पर आमजनों एवं विद्यार्थियों में जिले के प्रति गौरव, उत्साह एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना रहा। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के निदेर्शानुसार आयोजित इस पदयात्रा का शुभारंभ उप विकास आयुक्त, अरवल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। हरी झंडी दिखाते ही विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक पदयात्रा में भाग लिया। पदयात्रा निर्धारित मार्ग से होते हुए इंडोर स्टेडियम, अरवल पहुंची। पदयात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिला। विद्यार्थियों ने अनुशासन एवं उत्साह के साथ पदयात्रा में भाग लेते हुए जिले के स्थापना दिवस के प्रति अपनी सहभागिता प्रदर्शित की। कार्यक्रम के माध्यम से जिले की ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं विकासात्मक उपलब्धियों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा जिले के गौरव को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। पदयात्रा के दौरान अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों का उत्साहवर्धन किया गया तथा स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के विकास, स्वच्छता, शिक्षा, सामाजिक समरसता एवं जनभागीदारी को और अधिक मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई कि अरवल जिला के 26वें स्थापना दिवस को उत्साह, उल्लास एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाएं तथा जिले के सतत विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। पदयात्रा में विभिन्न वर्गों की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि जिले के विकास एवं गौरव को आगे बढ़ाने में प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं समाज के प्रत्येक वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्या पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। इसके साथ ही विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण शामिल थे।

## बारा व सचई पंचायत में पैक्स चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने भरा पर्चा


समर्थकों के साथ प्रत्याशी।

**कुर्था (एनएसबी)।** प्राथमिक कृषि सहयोग साख समिति (पैक्स) चुनाव को लेकर कुर्था प्रखंड क्षेत्र की बारा एवं सचई पंचायत में गुरुवार को नामांकन के दूसरे दिन भी प्रखंड मुख्यालय में गहमागहमी बनी रही। नामांकन को लेकर सुबह से ही प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों की भीड़ जुटने लगी। इस दौरान समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में नारेबाजी करते नजर आए। जानकारी के अनुसार बारा पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए गुड़िया देवी, सुशील शर्मा, अर्चना कुमारी एवं सुबोध कुमार समेत कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। वहीं सदस्य पद के लिए कुल 26 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं सचई पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए शिवमोहन सिंह, कृष्णकांत कृष्णन, सूरज कुमार एवं अमरकांत रॉबिनशन समेत कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। जबकि सदस्य पद के लिए कुल 23 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया को लेकर प्रखंड मुख्यालय में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारी एवं कर्मी पूरी तरह मुस्तैद रहे। नामांकन काउंटर पर प्रत्याशियों के दस्तावेजों की जांच करने के बाद ही नामांकन पत्र स्वीकार किया गया। पैक्स चुनाव को लेकर दोनों पंचायतों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। नामांकन के बाद प्रत्याशी अब मतदाताओं से संपर्क साधने और अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में जुट गए हैं। इससे गांवों में चुनावी सरगर्मी और बढ़ गई है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों को दिया गया चाबी



चाभी देती डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पूर्ण आवासों का गृह प्रवेश, लाभुकों को आवास की चाबी एवं स्वीकृति पत्र का वितरण प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूर्ण किए गए 2 लाख 35 हजार आवासों के गृह प्रवेश, पूर्ण आवासों के लाभुकों के बीच आवास की चाबी का वितरण, नए चयनित लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान करने तथा बिहार राज्य के लिए केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के आवंटन के अवसर पर मुख्यमंत्री, बिहार सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव टेलीकास्ट समाहरणालय सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिले में पूर्ण किए गए आवासों के लाभुकों को आवास की चाबी प्रदान की गई। साथ ही नए बयनित लाभुकों के बीच योजना की स्वीकृति से संबंधित 35 पत्र, गृह प्रवेश 46 एवं शुभकामना संदेश 36 लाभुकों को उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर लाभुकों में विशेष उत्साह एवं प्रसन्नता देखने को मिली। वर्षों से पक्के एवं सुरक्षित आवास का सपना संजोए परिवारों के लिए यह अवसर अत्यंत महत्वपूर्ण एवं खुशी का रहा। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति, पूर्ण किए गए आवासों, लाभुकों को गृह प्रवेश एवं आवास की चाबी उपलब्ध कराने तथा नए लाभुकों को योजना से जोड़ने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। साथ ही बिहार राज्य के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास निर्माण हेतु निर्धारित लक्ष्य के आवंटन से संबंधित जानकारी भी साझा की गई। जिला पदाधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पात्र लाभुकों को सरकार की योजना का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए। स्वीकृत आवासों का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने तथा लाभुकों को योजना की प्रत्येक किश्त समय पर उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद एवं पात्र परिवारों को पक्का एवं सुरक्षित आवारा उपलब्ध कराना है।

## अनावश्यक रेफरल पर डीएम सख्त: बिना ठोस कारण मरीज रेफर करने पर डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला समाहरणालय में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने सदर अस्पताल व जिला स्वास्थ्य सेवाओं में बरती जा रही ढिलाई पर कड़ा रुख अपनाया है। डीएम ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बिना किसी ठोस चिकित्सीय कारण के मरीजों को रेफर नहीं किया जाए। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित चिकित्सक और कर्मी की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी।




जुलाई में 354 मरीज हुए रेफर, इमरजेंसी रजिस्टर में दर्ज होगा कारण बैठक के दौरान सामने आया कि जुलाई माह में कुल 354 मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया गया, जो पिछले महीनों की तुलना में काफी अधिक है। इस पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि अब से प्रत्येक रेफरल का स्पष्ट कारण इमरजेंसी रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य होगा। 15 दिन में सिर्फ 2 सिजेरियन ऑपरेशन, डीएम ने जताई नाराजगी सदर अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के बावजूद ऑपरेशन की कम संख्या पर डीएम ने असंतोष जाहिर किया। बीते 15 दिनों में महज दो सिजेरियन ऑपरेशन होने पर डॉक्टरों को कड़ी फटकार लगाई गई और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर सर्जरी व उपचार की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया। सुधार न होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। 21 अगस्त से ऑनलाइन दर्ज होंगे ओपीडी और इमरजेंसी के आंकड़े स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से 21 अगस्त से ओपीडी तथा दुर्घटना एवं आपातकालीन मामलों की पूरी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके तहत मरीजों के वाइटल्स, डॉक्टरों का परामर्श और अन्य विवरण पोर्टल पर ऑनलाइन फीड किए जाएंगे। मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान, मोदनगंज प्रखंड को सुधार के निर्देश बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की भी समीक्षा की गई: गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण: प्रथम तिमाही में शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कम पंजीकरण के लिए मोदनगंज प्रखंड को तत्काल सुधार का अल्टीमेटम मिला। आयरन टैबलेट और ट्रेनिंग: गर्भवती महिलाओं को गाइडलाइन के अनुसार 180 आयरन गोलियां उपलब्ध कराने और आशा कार्यकताओं को टफ्ह अस्त्रस्त्र के प्रयोग के लिए प्रखंड स्तर पर ट्रेनिंग देने को कहा गया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मियों को संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए आम जनता को गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया कराने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसानों को तय दर पर मिले उर्वरक, कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई: डीएम

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में उर्वरक बिक्री में जीरो टॉलरेंस नीति का शत-प्रतिशत पालन हो और किसानों को निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक मिले। अगस्त माह में अनियमितता बरतने पर 04 विक्रेताओं पर कार्रवाई की गई, जिनमें 02 का लाइसेंस रद्द हुआ और 02 से स्पष्टीकरण मांगा गया है। डीएम ने उर्वरक कंपनियों और थोक विक्रेताओं को प्रखंडवार आवश्यकता के अनुसार समानुपातिक आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पारदर्शिता के लिए दैनिक आवंटन की जानकारी गूगल शीट पर अपडेट करने को कहा। बैठक में जहानाबाद विधायक श्री राहुल कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री धीरज कुमार, जनप्रतिनिधि श्री मनोज कुमार सिंह, श्री सूर्यदेव प्रसाद, श्री विजय कुमार सत्कार, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक प्रक्षेत्र, पौधा संरक्षण निरीक्षक, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं थोक उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे।

## राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसी नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**अरवल (एनएसबी)।** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष मोहम्मद कैफ ने की। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाध्यक्ष मोहम्मद कैफ सहित उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की। इसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें नेताओं ने राजीव गांधी के व्यक्तित्व एवं देश के विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष मोहम्मद कैफ ने कहा कि राजीव गांधी ने 21वीं सदी के आधुनिक और तकनीकी भारत की मजबूत नींव रखी। उनके कार्यकाल में दूरसंचार, कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल हुई, जिसने देश को आधुनिक तकनीक की दिशा में आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज और सत्ता के विकेंद्रीकरण को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए। साथ ही युवाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदान की उम्र 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। मोहम्मद कैफ ने कहा कि देश की एकता, अखंडता और शांति के लिए राजीव गांधी के योगदान और बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से उनके आदर्शों, विचारों और सद्भावना के संदेश को जिले के गांव-गांव और टोले तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता उमाकांत पांडे, राम विनय सिंह, अजीत कुमार पुनदेव, असलम अंसारी, पप्पू कुमार, रंजीत तिवारी, शंकर यादव, पीयूष कुमार, वकील कुमार, सुनील कुशवाहा, रेयाज अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस नेता।

खबरें : एक नजर में

## वैशाली रूरल लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार क्रिकेट संघ के तत्वाधान में वैशाली जिले के बिद्दुपुर स्थित प्रगति क्रिकेट ग्राउंड पर नई सोच प्रतिभा कि खोज पर नजर रखते हुए वैशाली रूरल लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन के



विजेता टीम के साथ अतिथि।

फाइनल मैच वैशाली टाइटंस बनाम वैशाली वरियर्स के बीच खेला गया। इस फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार रूरल लीग के कनभेनर ज्ञानेश्वर गौतम एवं ड रोहित कुमार सिंह साथ मे अतिथि के रूप मे रंजन कुमार,निशांत कुमार निक्कू, सोनवीर कुमार, प्रेमदीप कुमार उपस्थित हुए। आगत मुख्य अतिथियों एवं अतिथियों को आयोजक रोशन कुमार, अभय कुमार एवं शक्तिनाथ अनुपम द्वारा अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोनू सिंह आर्य ने किया। इस फाइनल मुकाबले में वैशाली टाइटंस ने ख़िताब जीत लिया मैच के दौरान टस जीतकर वैशाली टाइटंस ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने आई वैशाली वरियर्स की टीम ने पूरे 20 ओवर खेलते हुए 9 विकेट खोकर मात्र 102 रन का ही स्कोर खड़ा कर पाई। वैशाली वरियर्स की ओर से सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर 44 रनो योगदान साहिल कुमार का रहा। जवाब में उतरी वैशाली टाइटंस की टीम ने 14 ओवर 3 गेंद में चार विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। जीत में वैशाली टाइटंस के कप्तान रुद्रांश द्वारा एक ठोस एवं मजबूत पारी खेलते हुए 65 रन का योगदान देकर फाइनल जीताते हुए मैन अफ द मैच पुरस्कार प्राप्त किया। पूरे टूर्नामेंट में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बेस्ट बैट्समैन का ट्रफी प्रगति कुमार को दिया गया, बेस्ट बलर का ट्रफी अंकित कुमार , बेस्ट फील्डर का ट्रफी पीयूष कुमार को दिया गया, मैन अफ द सीरीज का ट्रफी पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए वैशाली टाइटंस से कैप्टन रुद्रांश कुमार को दिया गया वही अमेजिंग प्लेयर का ट्रफी रितिका कुमारी को दिया गया। पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन अंपायरिंग के लिए जितेंद्र कुमार राय एवं रंजीत कुमार को अंगवस्त्र एवं ट्रफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आनंद कुमार, अभिषेक कुमार, प्रसून कुमार, अजीत कुमार, रवि कुमार, सुन्नी देओल निराला समेत बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित हुए

## मन्दिर परिसर में पूजा अर्चना करने पहुंचे पर्यटन मंत्री, चांदपुरा मलंग बाबा स्थान के जीर्णोद्धार की पर्यटन मंत्री से मांग

**गोरौल (दैनिक नवसंदेश)।** सूबे के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता गुरुवार की दोपहर गोरौल प्रखंड के चांदपुरा स्थित प्राचीन मलंग बाबा स्थान पहुंचे।इस दौरान उन्होंने जिला पार्षद रूबी कुमारी के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।मंदिर परिसर में पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता एवं जिला पार्षद रूबी कुमारी ने एक-दूसरे का अभिवादन करते हुए अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सह भानपुर बड़ेवा पंचायत के मुखिया राजेश कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान मंदिर कमेटी एवं स्थानीय लोगों ने पर्यटन मंत्री के समक्ष चांदपुरा मलंग बाबा स्थान के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की मांग रखी। साथ ही शरद पूर्णिमा के अवसर पर यहां लगने वाले पारंपरिक मेले का आयोजन पर्यटन विभाग के माध्यम से कराने की मांग की गई।मौके पर रमेश साह मुखिया, रामसेवक साह, संजीत गुप्ता, मनमोहन गुप्ता, विभीषण गुप्ता, सुधीर झा, मुख्य पुजारी उमेश कुमार झा, सागर झा, सोनू श्रीवास्तव, रामनरेश झा, वीर सिंह पटेल, आदित्य श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्राचीन मलंग बाबा स्थान धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।इसके विकास और सौंदर्यीकरण से श्रद्धालुओं के साथ-साथ क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।



मलंग स्थान पर पूजन करते मंत्री व अन्य।

# ठेकेदार रामनरेश राय हत्याकांड का उद्भेदन, दो गिरफ्तार

### 5 लाख की सुपारी देकर छोटू राणा ने कराई थी हत्या

### पुलिस कर रही शूटरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** सदर थाना अंतर्गत बहुचर्चित रामनरेश राय हत्याकांड का सफल उद्भदन करते हुए 2 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया। मुजफ्फरपुर के कुख्यात छोटू राणा द्वारा 5 लाख की सुपारी देकर शूटर बुलाया गया था जिसमे दोनों मोटरसाइकिल चलाने वाले गिरफ्तार किए गए।

वैशाली एसपी शुभांक मिश्रा ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दिया कि 13 अगस्त की सुबह में मार्निंग वाक करने के क्रम में कुमाही पोखर के पास जाने वाले रास्ते में दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात अपराधकर्मियों ने दिग्धी खुर्द निवासी रामनरेश राय पे रामबाबू राय की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

उक्त हत्याकांड को लेकर मृतक की पत्नी रेखा कुमारी के फर्दब्यान के आधार पर प्राथमिकी अभियुक्त सहदेव राय पे स्वर्गीय शीतल राय, मुकेश राय पे गुलजार राय और परमजीत



वैशाली एसपी शुभांक मिश्रा प्रेसवार्ता करते।

राय उर्फ परम राय (सहदेव राय का भगिना) पिता नामालूम तीनों ग्राम दिग्धी खुर्द थाना सदर जिला वैशाली एवं चार अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस टीम के द्वारा तत्काल नामजद प्राथमिकी अभियुक्त सहदेव राय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। टीम के द्वारा लगातार इस हत्याकांड के उद्भेदन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर हाजीपुर के नेतृत्व में छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में कांड में तकनीकी एवं मानवीय आसूचना के आधार पर कांड में संदिग्ध पाए गए दो अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी पटना जिला अंतर्गत दानापुर थाना क्षेत्र में अवैध आग्नेयास्त्र के साथ की गई। गिरफ्तार दोनों अपराधकर्मियों के द्वारा अपना-अपना नाम पता क्रमशः रमेश कुमार पिता देवेन्द्र राय ग्राम भैरोपुर थाना विदुपुर जिला वैशाली एवं आदित्य प्रकाश पिता गोरखनाथ सिंह सा-बलवा कुआरी थाना सदर जिला वैशाली बताया गया।

गिरफ्तार रमेश कुमार के द्वारा बताया गया कि कुख्यात अपराधकर्मी छोटु राणा के द्वारा इस घटना को करने के लिए मुझे 5 लाख रूपये में बात तय हुई थी जिसमें 1 लाख रूपये एडवांस में मिला था, जिसमें दोनों का काम अन्य दो अपराधियों को लेकर घटना स्थल पर जाना था। छोटु राणा के आदमी ने सभी को हथियार और मोटरसाइकिल उपलब्ध कराई थी। इस हत्याकांड की योजना मुजफ्फपुर में बनाई गई थी, जिसमें अपराधकर्मियों के द्वारा बार-बार मुकेश भैया का नाम लिया जा रहा था। इस घटना में प्रयुक्त स्पलेंडर मोटरसाइकिल को पुलिस टीम के द्वारा घटना के दो दिन बाद ही सदर थाना क्षेत्र के चंद्रालय मठ के समीप नदी के पानी में डुबा हुआ बरामद कर लिया गया था। इस प्रकार इस कांड का सफल उमेदन कर लिया गया है। घटना में संलिप्त अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु गठितैप्ज द्वारा निरंतर छापेमारी की जा रही है।

## मृतक रामनरेश राय के परिजनों से मिले तेजस्वी यादव सहित कई नेता

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** हाजीपुर में भाजपा नेता और ठेकेदार रामनरेश राय की हत्या के बाद विभिन्न दल के नेताओं के उनके घर आने का सिलसिला जारी है।आज बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव मृतक के आवास पर पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे।तेजस्वी यादव ने रामनरेश राय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मृतक की पत्नी और बेटे से मुलाकात की और घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। मीडिया से बात करते हुए तेजश्वी ने कहा कि बिहार में अपराधियों का आतंक कायम है।कोई कही सुरक्षित नही है।उन्होंने कहा कि राज्य के हर जिले में हत्या और अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। रामनरेश राय की गोली मारकर हत्या एक गंभीर मामला है। तेजस्वी यादव ने सरकार व प्रशाशन से जल्द से जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।उन्होंने कहा कि घटना को आठ दिन बीत चुके हैं, लेकिन परिवार को अब तक यह स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है कि कितने आरोपी गिरफ्तार हुए हैं और कितने फरार हैं।

इससे परिवार के लोग सहमे हुए हैं।

तेजस्वी यादव ने आश्वस्त किया कि वे पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं ।इस दौरान उनके साथ राजद के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, राज्यसभा सांसद संजय यादव और आलोक कुमार मेहता सहित पार्टी के कई विधायक और नेता मौजूद थे।

इससे पूर्व कल शाम रालोमो सुप्रीमो सह सांसद उपेंद्र कुशवाहा परिजनों से मुलाकर कर ढाढस दिए थे। विदित हो किभाजपा नेता सह ठेकेदार राम नरेश राय की 8 दिन पूर्व उनके घर के पास ही दो मोटरसाइकिल पर सवार अपराधियों ने घेरकर आधा दर्जन गोलियों मारकर मौत के घाट उतार दिया था।इस मामले में एक नामजद लोजपाआर नेता सहदेव राय को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।अन्य अपराधियो की गिरफ्तारी व सुरक्षा की मांग लेकर परिजनों व समर्थकों द्वारा कैंडल मार्च भी निकाला गया है।



मृतक के परिजनों से मिलते तेजस्वी यादव।

## बाल विवाह के खिलाफ जीविका दीदियों ने भरी हुंकार, ली सामूहिक शपथ

### स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान और जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रन के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के तहत हाजीपुर सदर प्रखंड स्थित मनुआ गांव में गुरुवार को बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता एवं सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के सौजन्य से तथा जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जीविका दीदियों, ग्रामीण महिलाओं एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व अधिकार मित्र संतोष कुमार ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह के दुष्परिणामों, बालिकाओं की शिक्षा, बच्चों के अधिकारों तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के कानूनी प्रावधानों के प्रति समुदाय को जागरूक करना था। इस दौरान स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव एवं जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रन के निदेशक डा. सुधीर कुमार शुक्ला ने कहा, बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके सुरक्षित भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती है। बेटियों को कम उम्र में विवाह के बंधन में बांधने के बजाय उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का अवसर देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की समाप्ति केवल कानून से संभव नहीं है, इसके लिए सामुदायिक भागीदारी जरूरी है। कार्यक्रम में प्रियंका कुमारी,नीतू कुमारी,राधा कुमारी,सीमा कुमारी, उषा कुमारी, पूजा कुमारी,उर्मिला देवी, बेबी देवी,निर्मला कुमारी,मेनका देवी,नीतू कुमारी,मंटू कुमारी सहित उपस्थित जीविका दीदियों और महिलाओं ने एकजुट होकर बाल विवाह रोकने, बेटियों की शिक्षा जारी रखने और बाल विवाह की सूचना मिलने पर जिम्मेदारीपूर्वक कार्रवाई करने की सामुदायिक शपथ ली।



संकल्प लेती जीविका।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650 जयंती के अवसर पर कलश यात्रा का शुभारंभ

**विदुपुर (दैनिक नवसंदेश)।** विदुपुर प्रखंड के सभी पंचायतों के अनुसूचित जाति टोले में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650 जयंती के अवसर पर कलश यात्रा समरसता संकल्प अभियान के तहत कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। संकल्प कलश यात्रा की अध्यक्षता बीडीओ कुमार मनीष भारद्वाज ने किया।इस पावन अवसर पर बीडीओ श्री भारद्वाज ने कहा कि संत रविदास की जीवनी,आदर्शों एवं संकल्पों को लेकर प्रखंड के सभी पंचायतों के अनुसूचित जाति टोले सहित विभिन्न स्थलों पर भ्रमण कर जन जन तक फैलाने के उद्देश्य से संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया।उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से समाज में समरसता,भाईचारा,प्रेम को बढ़ावा मिलेगा।इस अवसर पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी जयदीप गुप्ता,प्रखंड विकास मित्र समन्वयक अर्जुन कुमार,विकास मित्रो ने संगीता सुमन,पंचम कुमार, सुचिता कुमारी,नरेश कुमार राम,दिलीप कुमार,महेंद्र राम,रिंकू कुमारी आदि थे।




कलश यात्रा में शामिल पदाधिकारी व लोग।

## छात्राओं को कुपोषण से बचाव को लेकर किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महुआ (दैनिक नवसंदेश)।** महुआ नगर परिषद क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय महुआ कन्या में गुरुवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत आयोजित हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और बीमारियों की समय पर पहचान करना था। इस एक दिवसीय शिविर में ब्रिटानिया कंपनी की आति कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ एएनएम रिंकू कुमारी, एएनएम काजल कुमारी और चिकित्सक ड़ सुजाता स्वामी की मेडिकल टीम भी मौजूद थी। इस मौके पर स्वास्थ्य टीम ने विद्यालय की कक्षा 1 से 8 तक की सभी छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान छात्राओं का वजन, उंचाई, हीमोग्लोबिन और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ध्रुव कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। मौके पर शिक्षक कुमार सरोज, सत्येंद्र कुमार,अमित कुमार, कांति कुमारी,महजबी खातून, राजेश मिश्रा और रोहित कुमार उपस्थित थे।छात्राओं को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित जांच के महत्व के बारे में आति कुमारी ने बताया कि उनकी कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से बच्चों के खान-पान और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की। शिविर में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। स्वास्थ्य जांच के उपरांत उन्हें पोषण और व्यक्तिगत स्वच्छता से संबंधित आवश्यक सुझाव भी दिए गए। विद्यालय परिवार ने ब्रिटानिया कंपनी और स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

खबरें खास-खास

## प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से वैशाली में 28,381 परिवारों को मिला पक्का घर

### 50 लाभुकों को जिला पदाधिकारी ने प्रदान की आवास की चाबी एवं बधाई पत्र

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ने समाहरणालय स्थित पुष्करणी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता की तथा आवास निर्माण पूर्ण कर चुके 50 लाभुकों को प्रतीकात्मक रूप से गृह प्रवेश हेतु आवास की चाबी एवं बधाई पत्र तथा 50 नवस्वीकृत लाभुकों को औपचारिक स्वीकृति पत्र प्रदान किया। आज के कार्यक्रम में वैशाली जिले के कुल 28,381 परिवारों का पक्के आवास में गृह प्रवेश कराया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जिले के लिए निर्धारित 43,174 आवासों के लक्ष्य के विरुद्ध 43,076 लाभुकों को स्वीति प्रदान की गई है, जो लक्ष्य का 99.77 प्रतिशत है। इनमें 41,543 लाभुकों को प्रथम किस्त, 39,169 को द्वितीय किस्त तथा 31,109 लाभुकों को तृतीय किस्त का भुगतान किया जा चुका है। अब तक जिले में 28,381 लाभुकों द्वारा आवास निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस प्रकार हजारों परिवारों का अपने पक्के घर का सपना साकार हुआ है। आवास निर्माण के साथ लाभुक परिवारों के लिए शौचालय निर्माण को भी सुनिश्चित किया गया है, जिससे सुरक्षित आवास के साथ स्वच्छता एवं गरिमापूर्ण जीवन की दिशा में भी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने पक्का आवास प्राप्त करने वाले सभी लाभुक परिवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पक्का घर केवल ईंट और दीवारों से बना आवास नहीं, बल्कि परिवार के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने लाभुकों से अपने नए घर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखने तथा सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ उठाने का आग्रह किया। जिला पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभुकों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ उठाते हुए अपने घरों पर सोलर पैनल लगवाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा अपनाने से परिवारों को बिजली के खर्च में बचत होगी तथा स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।



महिला लाभुकों के साथ डीएम वर्षा सिंह ।

## पटना के पटेल नगर के गोकुलपथ रोड नं.12 के लोगों को जलजमाव से मुक्ति मिलेगी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** वर्षो बाद पटेल नगर के गोकुलपथ रोड नं.12 के लोगों को जलजमाव से मुक्ति मिलेगी। बुधवार को अंडर ग्राउंड नाले के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई। ये इलाका वार्ड नं 7 में पडता है। वार्ड पार्षद अमर कुमार टूटू ने बताया कि इस काम के लिए डेढ लाख की राशि स्वीकृत हुई है। उन्होंने कहा कि वास्तव में यह समस्या मेरे लिए भी चुनौतिपूर्ण थी। लोगों को मेरे स्तर से कोई परेशानी नहीं हो सकती, मैं ध्यान देता रहता हूं। जलकामव के कारण लोगों ने उस पथ से आना-जाना छोड़ दिया था। इस रास्ते का संपर्क दक्षिण में अटल पथ और उत्तर में बेली रोड से है। जलजमाव के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों या उनके अभिभावकों, बुजुर्ग महिला पुरुषों को भी परेशानी हो रही है।



अंडर ग्राउंड नाले के निर्माण की प्रक्रिया शुरू ।

## नियोजन भवन में केवाईपी केंद्रों के पुनः संचालन की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कई महीनों से बंद पड़े कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) केंद्रों में प्रशिक्षण कार्य तत्काल पुनः शुरू कराने की मांग को लेकर गुरुवार को बिहार के विभिन्न जिलों से पहुंचे केवाईपी केंद्र संचालकों ने पटना स्थित नियोजन भवन परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व केवाईपी वेल्फेयर सोसाईटी के बैनर तले किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बिहार में लगभग 1,834 केवाईपी केंद्र स्थापित हैं, जिनमें से 1,731 से अधिक केंद्र बिहार कौशल विकास मिशन के पोर्टल पर क्रियाशील दिखाए जा रहे हैं। प्रत्येक केंद्र से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से लगभग 10 लोगों को रोजगार मिलता रहा है, जबकि इन केंद्रों के माध्यम से बिहार के सैकड़ों युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है। वक्ताओं ने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। यह कार्यक्रम राज्य के महत्वपूर्ण कौशल विकास कार्यक्रमों में शामिल रहा है। हालांकि, केंद्र संचालकों का आरोप है कि नई सरकार के गठन के बाद कार्यक्रम के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और कई महीनों से केंद्रों के बंद रहने के कारण हजारों युवाओं का प्रशिक्षण प्रभावित हो रहा है।

प्रदर्शन के दौरान केवाईपी केंद्रों की री-टेंडरिंग का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। केंद्र संचालकों के अनुसार, विभागीय मंत्री श्री अरुण शंकर प्रसाद द्वारा यह कहा गया है कि केवाईपी केंद्रों को नई री-टेंडरिंग प्रक्रिया के तहत लाया जाएगा। केंद्र संचालकों ने चिंता व्यक्त की कि यदि वर्षो से संचालित एवं अनुभवी केंद्रों को नई टेंडर प्रक्रिया में शामिल कर वर्तमान व्यवस्था समाप्त कर दी जाती है, तो हजारों केंद्र संचालकों एवं कर्मचारियों के सामने गंभीर रोजगार संकट उत्पन्न हो सकता है। प्रदर्शनकारियों ने विभाग की कार्यप्रणाली एवं अधिकारियों से संवाद की स्थिति पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि केंद्र संचालक लगातार अपनी समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उन्हें स्पष्ट जानकारी एवं संतोषजनक समाधान नहीं मिल पा रहा है। इससे केंद्र संचालकों में लगातार असंतोष बढ़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान कई वक्ताओं ने अपनी बात रखते हुए केवाईपी केंद्रों पर तत्काल प्रशिक्षण बहाल करने, पुराने एवं अनुभवी केंद्रों के हितों की रक्षा करने तथा किसी भी री-टेंडरिंग प्रक्रिया से पहले केंद्र संचालकों के साथ सार्थक एवं व्यापक संवाद करने की मांग की।

इस अवसर पर डा़ आनंद रंजन झा, अमोद कुमार सिंह, जितेंद्र तिवारी, नितेश मोहन, जितेश कुमार, मनीष कुमार, बिट्टू कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने केवाईपी केंद्रों की वर्तमान स्थिति, केंद्र संचालकों की समस्याओं तथा बिहार के युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। केंद्र संचालकों ने कहा कि केवाईपी केवल केंद्र संचालकों की आजीविका का माध्यम नहीं है, बल्कि बिहार के हजारों युवाओं को कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाला महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसलिए सरकार को इस कार्यक्रम को कमजोर करने के बजाय इसे और मजबूत करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए। विभाग द्वारा कई माह का राशि भी भुगतान नहीं किया गया है स

प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि कई महीनों से बंद पड़े केवाईपी केंद्रों में तत्काल प्रशिक्षण शुरू कराया जाए, लंबित प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा किया जाए तथा वर्तमान एवं अनुभवी केंद्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए न्यायसंगत नीति बनाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।




केवाईपी केंद्र संचालकों ने पटना स्थित नियोजन भवन परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।

## आधुनिक समाज की विडंबनाओं को उद्घाटित करता है नाटक आधी रात के बाद

### साहित्य सम्मेलन के मंच पर चाइल्ड केयर के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** डा शंकर शेष द्वारा लिखित और डा इन्दु पांडेय द्वारा निर्देशित नाटक आधी रात के बाद में आधुनिक समाज की विसंगतियां, भ्रष्टाचार और नैतिक-पतन की पराकाष्ठा सामने आती है।

चाइल्ड केयर के तत्वावधान में बुधवार की संध्या बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के मंच पर मंचित हुए इस नाटक में कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को अंत तक बाँधे रखा ।

नाटक आधी रात के बाद केवल समय को ही इंगित नहीं करता, वह यह भी दिखाता है कि गहरे अंधकार के पीछे होने अथवा किए जाने वाले काले कर्म के पीछे समाज की कौन सी मानसिकता कार्य करती है।

इस नाटक का मुख्य पात्र एक चोर है, जो एक जज के घर पर न केवल चोरी करने का साहस करता है, बल्कि जज के साथ संवाद करता हुआ, समाज के अनेक दोषों को भी उजागर करता है।

चोर की भूमिका में आशीष राज, जज की भूमिका में सत्य प्रकाश और रिपोर्टर की भूमिका में निर्मला सिंह के अभिनय को खूब सराहना मिली। रूप सज्जा गुंजा सिंह की थी।

नाटक के प्रथम दर्शक और साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने नाटक का उद्घाटन किया ।



चाइल्ड केयर के तत्वावधान में बुधवार की संध्या बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के मंच पर मंचित हुए इस नाटक में कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को अंत तक बाँधे रखा ।

## मंडल प्रमुख में किया पंजाब नेशनल बैंक की महुआ शाखा का शुभारंभ

**महुआ (दैनिक नवसंदेश)।** महुआ नगर परिषद क्षेत्र के गोला रोड में महुआ में वर्षो से चल रहे पंजाब नेशनल बैंक का नए भवन में हसतांतरित किए जाने के बाद नई शाखा का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख मुजफ्फरपुर अभिमन्यु कुमार सिन्हा के कर कमलों से फीता काट कर किया गया। इस मौके पर महुआ के अनेकों गणमान्य लोगों के साथ साथ बैंक के पंजाब नेशनल बैंक महुआ शाखा के पदाधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पंजाब नेशनल बैंक मुजफ्फरपुर के मंडल प्रमुख अभिमन्यु कुमार सिन्हा ने कहा कि बैंक के शाखा का नयी भवन में हसतांतरित हो जाने के बाद इलाके के ग्राहकों को पहले से बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। इस मौके पर रणधीर कुमार प्रबंधक, राजेश कुमार उप प्रबंधक, विनय कुमार उप प्रबंधक, राकेश कुमार अधिकारी, रवि कुमार कलर्क, रौशन कुमार हेड कैशियर, शबनम कुमारी, सरिता कुमारी, सी एस पी संचालक सुनील कुमार उर्फ भोला जी, दीपक, अजय आदि के साथ साथ पूर्व मुखिया मनोज कुमार, दिनेश राय, उमाकांत, सुबोध, अनिल, मनीष कुमार सुनीता कुमारी, जय कुमार आदि के साथ-साथ अनेकों ग्राहक एवं सम्मानित लोग भी उपस्थित थे।



उद्घाटन करते पदाधिकारी।